नामके नाम ६—आह्वय १ ॥७॥ आख्या २ आह्वा ३ अभिधान ४ नामधेय ५ नामन् ॥ ६ ॥

हूतिराकारणाह्वानं—

पुकारनेके नाम ३—हूति १ आकारणा २ आह्वान ३ ॥

संहूतिर्बहुभिः कृता ॥ ८ ॥

बहुत जनोंकरके पुकारनेका नाम १—संहूति १ ॥ ८ ॥

विवादो व्यवहारः स्या—

विवादके नाम २—विवाद १व्यवहार २ ॥

—दुपन्यासस्तु वाङ्मुखम् ।

वार्ताका प्रारम्भ करनेके नाम १—उपन्यास १ वाङ्मुख २ ॥

उपोद्घात उदाहारः—

जो बात आगे कही जाय उसके उपयोगी बातके नाम २—उपोद्घात १ उदाहार २ ॥

—शपनं शपथः पुमान् ॥ ९ ॥

सौगन्ध खानेके नाम २—शपन १ शपथ २ ॥ ९ ॥

प्रश्नोऽनुयोगः पृच्छा च—

प्रश्नके नाम ३—प्रश्न १ अनुयोग २ पृच्छा ३ ॥

—प्रतिवाक्योत्तरे समे ।

उत्तरके नाम २—प्रतिवाक्य १ उत्तर २ ॥

मिथ्याभियोगोऽभ्याख्यान—

झूँठे दोष लगानेके नाम २—मिथ्याभियोग १ अभ्याख्यान ॥ २ ॥

—मथ मिथ्याभिशंसनम् ॥ १० ॥

अभिशापः—

मदिरादिपान आदिका झूँठा दोष लगानेके नाम २—मिथ्याभिशंसन १ ॥ १० ॥ अभिशाप २ ॥

प्रणादस्तु शब्दः स्यादनुरागजः ।

अनुरागज शब्दका नाम १—प्रणाद १ ॥

यशः कीर्तिः समज्ञा च—

कीर्तिके नाम ३—यशस् १ कीर्ति २ समज्ञा ३ ॥

स्तवः स्तोत्रं स्तुतिर्नुतिः ॥ ११ ॥

स्तुतिके नाम ४—स्तव १ स्तोत्र २ स्तुति ३ नुति ४ ॥ ११ ॥

आम्रेडितं द्विस्त्रिरुक्त—

दोतीनबार कहनेका नाम १—आम्रेडित

—मुच्चैर्जुष्टं तु घोषणम् ।

जोरसे बोलनेके नाम २—उच्चैर्घुष्ट १ घोषणा २ ॥

काकुः स्त्रियां विकारो यः शोकभीत्यादिभिर्ध्वनेः ॥ १२ ॥

शोकभयकामादियुक्त वचनका नाम १—काकु १ ॥१२॥

अवर्णक्षेपनिर्वादपरीवादापवादवत् । उपक्रोशो जुगुप्सा च कुत्सा निन्दा च गर्हणं ॥ १३ ॥

निन्दाके नाम १० अवर्ण १ आक्षेप २ निर्वाद ३ परीवाद—परिवाद ४ अपवाद ५ उपक्रोश ६ जुगुप्सा ७ कुत्सा ८ निन्दा ९ गर्हण १० ॥१३॥

पारुष्यमतिवादः स्या—

कठोर भाषणके नाम २—पारुष्य १ अतिवाद २ ॥

—द्भर्त्सनं त्वपकारिणीः ।

ललकारनेका नाम १—भर्त्सन १॥

यः सनिन्द उपालम्भस्तत्र स्यात्परिभाषणम् ॥ १४ ॥

खिजानेका नाम १—परिभाषण १ ॥१४॥

तत्र त्वाक्षारणा यः स्यादाक्रोशो मैथुनं प्रति ।

परस्त्री या पुरुषसे मैथुनार्थ वार्त्ता करनेका नाम १—आक्षारणा-आक्षारण १॥

स्यादाभाषणमालापः

सम्बोधनपूर्वक वार्त्ता करनेके नाम २—आभाषण १ आलाप २ ॥

प्रलापोऽनर्थकं वचः ॥ १५ ॥

अनर्थवचनका नाम १—प्रलाप १॥१५॥

अनुलापो मुहुर्भाषा—

बारंबार भाषणके नाम २—अनुलाप १ मुहुर्भाषा ॥ २ ॥

—विलापः परिदेवनम् ।

रोनेके नाम २—विलाप १ परिदेवन २॥

विप्रलापो विरोधोक्तिः

परस्पर विरुद्ध भाषणके नाम २—विप्रलाप १ विरोधोक्ति २ ॥

—संलापो भाषणं मिथः ॥१६॥

परस्परयोग्यभाषणका नाम १—संलाप १ ॥ १६ ॥

सुप्रलापः सुवचन—

सुन्दर वचनके नाम २—सुप्रलाप १ सुवचन २ ॥

—मपलापस्तु निह्नवः ।

मुकरजानेके नाम २—अपलाप १ निह्नव २ ॥

संदेशवाग्वाचिकं स्या—

संदेशके नाम २—सन्देशवाच् १ वाचिक २ ॥

—द्वाग्भेदास्तु त्रिषूत्तरे ॥ १७ ॥

रुशती शब्दसे लेकर सम्यक्शब्द-पर्यंत जो शब्द हैं वे तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥ १७ ॥

रुशती वाग्कल्याणी—

अमंगलवाक्यका नाम १—रुशती १ ॥

—स्यात्कल्या तु शुभात्मिका ।

शुभवाणीका नाम १—कल्या १ ॥

अत्यर्थमधुरं सान्त्वं—

अतिमिष्ट वचनका नाम १—सान्त्व १॥

—संगतं हृदयंगमम् ॥ १८ ॥

सम्बद्ध अर्थात् योग्य वचनके नाम २—संगत १ हृदयंगम २ ॥ १८ ॥

निष्ठुरं परुषं—

कठोरवचनके नाम२-निष्ठुर १ परुष २॥

—ग्राम्यमश्लीलं—

भाँडआदिके वचनोंके नाम २—ग्राम्य १ अश्लील २ ॥

—सूनृतं प्रिये ।

सत्ये—

प्रिय और सत्यवचनका नाम १—सूनृत १ ॥

—ऽथ संकुलाक्लिष्टे परस्परपराहते १९

पूर्वापर विरुद्ध वचनके नाम ३—संकुल १ क्लिष्ट २ परस्परपराहत ३॥१९॥

लुप्तवर्णपदं ग्रस्तं—

अधकहे वचनके नाम २—लुप्तवर्णपद १ ग्रस्त २ ॥

—निरस्तं त्वरितोदितम् ।

जलदी कहे हुए शब्दके नाम२—निरस्त १ त्वरितोदित २ ॥

अम्बूकृतं सनिष्ठीव—

थूकसहित बोलनेके नाम२—अम्बुकृत १ सनिष्ठीव २ ॥

—अबद्धं स्यादनर्थकम् ॥ २०॥

अर्थशून्यवचनके नाम २—अबद्ध १ अनर्थक २ ॥ २० ॥

अनक्षरमवाच्यं स्या—

अकथनयोग्य निन्दायुक्त वचनके नाम २—अनक्षर १ अवाच्य २॥

—दाहतं तु मृषार्थकम् ।

झुठाईका नाम १—आहत १ ॥

"सोल्लुण्ठन तु सोत्रास—

हास्यसहितवचनके नाम २ ॥

सोल्लुण्ठन १ सोत्रास २ ॥

—भणितं रतिकूजितम् ।

मैथुनके शब्दके नाम २—भणित १ रतिकूजित २ ॥

अथ म्लिष्टमविस्पष्टं—

अप्रतीकके नाम २—म्लिष्ट १ अविस्पष्ट २ ॥

—वितथं त्वनृतं वचः ॥ २१ ॥

झूठके नाम२—वितथ १ अनृत २॥२१॥

सत्यं तथ्यमृतं सम्य—

सत्यके नाम ४--सत्य १ तथ्य २ ऋत ३ सम्यच् ४ ॥

--गमूनि त्रिषु तद्वति।

सत्य आदि शब्द द्रव्यवाचक हों तो तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥

शब्दे निनादनिनदध्वनिध्वान-रवस्वनाः ॥ २२ ॥ स्वाननिर्घोष-निर्हादनादनिस्वाननिस्वनाः । आरवारावसंरावविरावा--

शब्दके नाम १७--शब्द १ निनाद २ निनद ३ ध्वनि ४ ध्वान ५ रव ६ स्वन ७ ॥ २२ ॥ स्वान ८ निर्घोष ९ निर्हाद १० नाद ११ निःस्वान १२ निःस्वन १३ आरव १४ आराव १५ संराव १६ विराव १७ ॥

--अथ मर्मरः ॥ २३ ॥

स्वनितं वस्त्रपर्णानां

वस्त्र और पत्तोंके शब्दका नाम १ मर्मर १ ॥ २३ ॥

--भूषणानां च शिञ्जितम्।

गहनेके खनखनाहटका नाम १--शिञ्जित १ ॥

निक्काणो निक्वणः क्काणः क्वणः क्वणनमित्यपि ॥ २४ ॥

वीणादि शब्दोंके नाम ५--निक्वाण १ निक्वण २ क्काण ३ क्वण ४ क्वणन ५ ॥ २४ ॥

वीणायाः क्वणिते प्रादेः प्रक्वा-णप्रक्वणादयः।

केवल वीणाके बाजोंके नाम ३--प्रक्वाण १ प्रक्वण २ उपक्वणन आदि ३॥

कोलाहलः कलकल--

कोलाहलके नाम २--कोलाहल १ कलकल २ ॥

--स्तिरश्चां वाशितं रुतम् २५

पक्षियोंके शब्दके नाम २ वाशित १ रुत २ ॥ २५ ॥

स्त्री प्रतिश्रुत्प्रतिध्वाने--

आवाजकी आवाज अर्थात् गूंजनेके नाम २ प्रतिश्रुत् १ प्रतिध्वान २ ॥

--गीतं गानमिमे समे।

गानेके नाम २--गीत १ गान २॥

इति शब्दादिवर्गः ॥ ६ ॥

अथ नाट्यवर्गः ७.

निषादर्षभगान्धारषड्जमध्य-

---

१ षड्जं रौति मयूरस्तु गावो नदन्ति चर्षभम्। अजाविकौ च गांधारं क्रौंचो नदति मध्यमम् ॥ १ ॥ पुष्पसाधारणे काले कोकिलो रौति पञ्चमम्। अश्वस्तु धैवतं रौति निषादं रौति कुञ्जरः ॥ २ ॥ भाषा-मोर षड्ज शब्दको बोलता है। बैल ऋषभ शब्दको बोलता है। भेड बकरी गान्धार स्वरको बोलते हैं। क्रौंच पक्षी मध्यम स्वरको बोलता है। घोड़ा धैवत स्वरको बोलता है। कोकिल वसन्त कालमें पञ्चम स्वरको बोलता है। हस्ती निषाद स्वरको बोलता है।

मधैवताः ॥ पञ्चमश्चेत्यमी सप्त तन्त्रीकण्ठोत्थिताः स्वराः ॥ १ ॥

वीणासे वा कंठसे उत्पन्न होनेवाले स्वरोंके नाम ७—निषाद १ ऋषभ २ गान्धार ३ षड्ज ४ मध्यम ५ धैवत ६ पञ्चम ७ ॥ १ ॥

काकली तु कले सूक्ष्मे-

सूक्ष्मशब्दका नाम १—काकली १

-ध्वनौ तु मधुरस्फुटे—।

कलो-

मीठी और अस्फुट आवाजका नाम १ कल १ ॥

-मन्द्रस्तु गम्भीरे—

गंभीर शब्दका नाम १ मन्द्र १ ॥

—तारोऽत्युच्चै-

अत्युच्च शब्दका नाम १—तार १॥

—स्त्रयस्त्रिषु ॥ २ ॥

कल आदि तीन शब्द तीनोंलिंगों-में होते हैं ॥ २ ॥

समान्वितलयस्त्वेकतालो -

वाद्यगानादिके एकसंग तालस्वरका नाम १—एकताल १ ॥

—वीणा तु वल्लकी ।

विपञ्ची—

वीणाके नाम ३—वीणा १ वल्लकी २ विपञ्ची ३ ॥

-सा तु तन्त्रीभिः सप्तभिः पारिवादिनी ॥ ३ ॥

सात तारोंसे बोलनेवाली वीणाका नाम १ परिवादिनी १ ॥ ३ ॥

ततं वीणादिकं वाद्य-

वीणादिक बाजेका नाम १—तत १ ॥

—मानद्धं मुरजादिकम् ।

मृदंगआदि बाजेका नाम १—आनद्ध १॥

वंशादिकं तु सुषिरं -

वंशी आदि बाजेका नाम १—सुषिर १॥

-कांस्यतालादिकं घनम् ॥ ४॥

झांझ मंजीरा आदि बाजेका नाम १ घन १ ॥ ४ ॥

चतुर्विधमिदं वाद्यं वादित्रातोद्य-नामकम् ।

तत आदि चारों बाजोंका इकट्ठा नाम ३ वाद्य १ वादित्र २ आतोद्य ३॥

मृदङ्गा मुरजा -

मृदंगके नाम २—मृदंग १ मुरज २

-भेदास्त्वङ्क्यालिङ्ग्यूर्ध्वका-स्त्रयः ॥ ५

मृदंगके भेद ३—अङ्क्य १ आलिङ्ग्य २ ऊर्ध्वक ३ ॥ ५ ॥

स्याद्यशः पटहो ढक्का-

नगाडेके नाम २—यशःपटह १ ढक्का २ ॥

भेर्यामानकदुन्दुभौ ।

धौंसा नफीरि आदिके नाम ३-भेरी १ आनक २ दुन्दुभि ३ ॥

आनकः पटहोऽस्त्री स्यात्-

ढोलके नाम २-आनक १ पटह २॥

-कोणो वीणादिवादनम् ॥ ६ ॥

जिनसे वीणादि बजाते हैं उस नक्खी आदिका नाम १-कोण १ ॥ ६ ॥

वीणादण्डः प्रवालः स्या-

वीणाकी डंडीका नाम १-प्रवाल १

-ककुभस्तु प्रसेवकः ।

वीणाके नीचे जो गोल गोल चर्मसे मढाहुआ होता है उसके नाम २-ककुभ १ प्रसेवक २ ॥

कोलम्बकस्तु कायोऽस्या-

वीणाके सर्वांगका नाम १-कोलम्बक १

-उपनाहो निबन्धनम् ॥ ७ ॥

वीणामें जहां तार बंधे जाते हैं उसके नाम २-उपनाह १ निबन्धन २॥७॥

वाद्यप्रभेदा डमरुमड्डुडिण्डिमझर्झराः । मर्दलः पणवोऽन्ये च-

डमरुका नाम १-डमरु १॥ बडे डमरुका नाम १-मड्डु १॥ डिण्डिमका नाम १-डिंडिम १॥ झांझका नाम १-झर्झर १ ॥ तथा मर्दल पणव आदि और भी बाजे हैं १॥

-नर्तकीलासिके समे ॥ ८ ॥

नाचनेवालीके नाम २-नर्तकी १ लासिका २ ॥ ८ ॥

विलम्बितं द्रुतं मध्यं तत्त्वमोघो घनं क्रमात् ।

धीरे धीरे नाचका नाम १-तत्त्व १॥ शीघ्र नाचका नाम १-ओघ १ ॥ मध्यम नाचका नाम १-घन॥

तालः कालक्रियामानं-

समय और क्रियाके प्रमाणका नाम १-ताल १॥

-लयः साम्य -

बाजा और नाचका एक संग ताल छूटनेका नाम १-लय १ ॥

-मथास्त्रियाम् ॥ ९ ॥

भाषा-इससे आगे कहे ये शब्द स्त्रीलिंगवाची नहीं अर्थात् पुंलिंग नपुंसकलिंगवाची होते हैं॥ ९ ॥

ताण्डवं नटनं नाट्यं लास्यं नृत्यं च नर्तने ।

नाचके नाम ६-तांडव १ नटन २ नाट्य ३ लास्य ४ नृत्य ५ नर्त्तन ६॥

तौर्यत्रिकं नृत्यगीतवाद्यं नाट्यमिदं त्रयम् ॥ १० ॥

नाचगीत बाजा इन तीनके इकट्ठे नाम२ -तौर्यत्रिक १ नाट्य २ ॥१०॥

भ्रकुंसश्च भ्रुकुंसश्च भ्रूकुंसश्चेति नर्तके । स्त्रीवेषधारी पुरुषो–

स्त्रीवेषधारी नाचनेवाले पुरुषके नाम-३–भ्रकुंस १ भ्रुकुंस २ भ्रूकुंस ३ ॥

नाट्यो तौ गणिकाज्जुका॥११।

केवल नाटकमें नाचने गानेवाली वेश्याका नाम १-अज्जुका १ ॥११॥

भगिनीपतिरावुत्तो -

बहनोईका नाम १–आवुत्त १ ॥

–भावो विद्वा–

विद्वान्का नाम १–भाव १ ॥

–नथावुकः ।

जनकको–

पिताका नाम १–आवुक १ ॥

–युवराजस्तु कुमारो

भर्तृदारकः ॥ १२ ॥

युवराजके नाम २–कुमार १ भर्तृदारक २ ॥ १२ ॥

राजा भट्टारको देव–

राजाके नाम २–भट्टारक १ देव २॥

–स्तुहरुता भर्तृदारिका ॥

राजकन्याका नाम १–भर्तृदारिका १॥

देवी कृताभिषेकाया–

अभिषेक की हुई रानीका नाम १–देवी १ ॥

–मितरासु तु भट्टिनी ॥ १३ ॥

अन्य राजस्त्रियोंका नाम १–भट्टिनी १ ॥ १३ ॥

अवश्यमवश्योक्तौ–

अवश्य वचनका नाम १–अवश्य १ ॥

–राजश्यालस्तु राष्ट्रियः ।

राजाके शालेका नाम १–राष्ट्रिय १॥

अम्बा माता–

माताके नाम२–अम्बा १ मातृ २॥

–ऽथ बाला स्याद्वासू–

कुमारीके नाम २–बाला १ वासू २॥

–आर्यस्तु मारिषः ॥ १४ ॥

श्रेष्ठके नाम २–आर्य १ मारिष २॥ १४॥

अत्तिका भगिनी ज्येष्ठा–

जेठी बहनका नाम १–अत्तिका १ ॥

–निष्ठानिर्वहणे समे ।

नाटककी संधियोंके नाम २–निष्ठा १ निर्वहण २ ॥

हण्डे हञ्जे हलाह्वाने नीचां चेटीं सखीं प्रति ॥ १५ ॥

नीचस्त्रीके पुकारनेमें–हण्डे १ ॥ चेटीके पुकारनेमें–हंजे १ ॥ सखीके पुकारनेमें–हला १ ॥ १५ ॥

अंगहारोऽगविक्षेपो–

लचकनेके नाम १–अंगहार १ अंगविक्षेप २ ॥

—व्यञ्जकाभिनयौ समौ ।

भाव बतानेके नाम २ व्यञ्जक १ अभिनय २ ॥

निर्वृत्ते त्वङ्गसत्त्वाभ्यां द्वे त्रिष्वाङ्गिकसात्त्विके ॥ १६ ॥

भौंह मटकानेका नाम १—आंगिक १॥ अन्तःकरणके भावका नाम १ सात्त्विक १ ॥ १६ ॥

शृंगारवीरकरुणाद्भुतहास्यभयानकाः।बीभत्सरौद्रौ च रसाः

दश रसोंके नाम १० शृङ्गार १ वीर २ करुण ३ अद्भुत ४ हास्य ५ भयानक ६ बीभत्स ७ रौद्र ८ (शांति ९ वात्सल्य १०)

—शृङ्गारः शुचिरुज्ज्वलः ॥ १७॥

शृङ्गारके नाम ३ शृङ्गार १ शुचि २ उज्ज्वल ३ ॥ १७ ॥

उत्साहवर्धनो वीरः

वीररसके नाम २—उत्साहवर्धन १ वीर २ ॥

कारुण्यं करुणा घृणा ।
कृपा दयानुकम्पा स्यादनुक्रोशो-

करुणा रसके नाम ७—कारुण्य १ करुणा २ घृणा ३ कृपा ४ दया ५ अनुकम्पा ६ अनुक्रोश ७ ॥

—ऽप्यथो हसः ॥ १८ ॥

हासो हास्यं च—

हास्यरसके नाम ३—हास १ ॥१८॥ हास २ हास्य ३ ॥

बीभत्सं विकृतं त्रिष्वेदं द्वयम् ।

बीभत्सरसके नाम २—बीभत्स १ विकृत २ ॥

विस्मयोऽद्भुतमाश्चर्यं चित्र-

अद्भुतरसके नाम ४—अद्भुत १ आश्चर्य २ विस्मय ३ चित्र ४ ॥

—मप्यथ भैरवम् ॥ १९ ॥

दारुणं भीषणं भीष्मं घोरं भीमं भयानकम् । भयंकरं प्रतिभयं—

भयानक रसके नाम ९—भैरव १ ॥१९॥ दारुण २ भीषण ३ भीष्म ४ घोर ५ भीम ६ भयानक ७ भयंकर ८ प्रतिभय ९ ॥

—रौद्रं तूग्र

रौद्ररसके नाम २—रौद्र १ उग्र २॥

—ममी त्रिषु ॥ २० ॥

चतुर्दश—

अद्भुतादि चौदह शब्द द्रव्यवाचक हों तो विशेष्यनिघ्नलिंग जानना॥२०॥

—दरस्त्रासो भीतिर्भीः साध्वसं भयम् ।

भयके नाम ६—दर १ त्रास २ भीति ३ भी ४ साध्वस ५ भय ६ ॥

विकारो मानसो भावो—

मनके विकारका नाम १—भाव १ ॥

—ऽनुभावो भावबोधकः ॥ २१ ॥

भावप्रकाशकका नाम १—अनुभाव १ ॥ २१ ॥

गर्वोऽभिमानोऽहंकारो—

अहंकारके नाम ३—गर्व १ अभिमान २ अहंकार ३ ॥

—मानश्चित्तसमुन्नतिः ।

बडप्पनका नाम १—मान १ ॥

अनादरः परिभवः परीभावस्तिरस्क्रिया ॥ २२ ॥ रीढावमानना-वज्ञावहेलनमसूक्षणम् ।

निरादरके नाम९—अनादर १ परिभव २ परीभाव ३ तिरस्क्रिया ४ ॥२२॥ रीढा ५ अवमानना ६ अवज्ञा ७ अवहेलन ८ असूक्षण ९ ॥

मन्दाक्षं ह्रीस्त्रपा व्रीडा लज्जा—

लज्जाके नाम ५—मन्दाक्ष १ ह्री २ त्रपा ३ व्रीडा ४ लज्जा ५ ॥

—सापत्रपान्यतः ॥ २३ ॥

दूसरेसे लजानेके नाम १—अपत्रपा १ ॥ २३ ॥

क्षान्तिस्तितिक्षा—

क्षमाके नाम २—क्षान्ति १ तितिक्षा २ ॥

—ऽभिध्या तु परस्य विषये स्पृहा ।

परधन लेनेकी इच्छाका नाम १—अभिध्या १ ॥

अक्षान्तिरीर्ष्या—

ईर्ष्याके नाम २—अक्षान्ति १ ईर्ष्या २ ॥

—ऽसूया तु दोषारोपो गुणेष्वपि ॥ २४ ॥

पराये गुणोंका दोष प्रसिद्ध करनेका नाम १—असूया १ ॥ २४ ॥

वैरं विरोधो विद्वेषो—

वैरके नाम ३—वैर १ विरोध २ विद्वेष ३ ॥

मन्युशोकौ तु शुक् स्त्रियाम् ।

शोकके नाम ३—मन्यु १ शोक २ शुच् ३ ॥

पश्चात्तापोऽनुतापश्च विप्रतीसार इत्यपि ॥ २५ ॥

पछितानेके नाम ३—पश्चात्ताप १ अनुताप २ विप्रतीसार ३ ॥ २५ ॥

कोपक्रोधामर्षरोषप्रतिघा रुट्क्रुधौ स्त्रियौ ।

क्रोधके नाम ७—कोप १ क्रोध २ अमर्ष ३ रोष ४ प्रतिघा ५ रुट् ६ [illegible] ॥

शुचौ तु चरिते शील-

शुद्ध आचरणका नाम १—शील १॥

—मुन्मादश्चित्तविभ्रमः ॥ २६॥

सिरडीपनके नाम २—उन्माद १ चित्तविभ्रम २ ॥ २६ ॥

प्रेमा ना प्रियता हार्दं प्रेम स्नेहो-

प्रेमके नाम ५—प्रेमन् १ प्रियता २ हार्द ३ प्रेमन् ४ स्नेह ५ ॥

—ऽथ दोहदम् ।

इच्छा कांक्षा स्पृहेहा तृड्वाञ्छा लिप्सा मनोरथः ॥ २७ ॥

कामोऽभिलाषस्तर्षश्च—

इच्छाके नाम १२—दोहद १ इच्छा २ कांक्षा ३ स्पृहा ४ ईहा ५ तृट् ६ वाञ्छा ७ लिप्सा ८ मनोरथ ९॥ २७॥ काम १० अभिलाष ११ तर्ष १२ ॥

—सोऽत्यर्थं लालसा द्वयोः ।

बडी इच्छाका नाम १—लालसा १॥

उपाधिर्नो धर्मचिन्ता—

धर्मचिन्ताके नाम २—उपाधि १ धर्मचिन्ता २ ॥

—पुंस्युपाधिर्मानसी व्यथा ॥२८॥

मनकी पीडाके नाम २—आधि १ करुणाभी व्यथा २ ॥ २८ ॥

अनुकम्पा हन्तास्मृतिराध्यान—

स्मरणके नाम ३—चिंता १ स्मृति २ आध्यान ३ ॥

—मुत्कण्ठोत्कलिके समे ।

कामादिसे उत्पन्न स्मृतिके नाम २—उत्कण्ठा १ उत्कलिका २ ॥

उत्साहोऽध्यवसायः स्यात्—

उत्साहके नाम २—उत्साह १ अध्यवसाय २ ॥

—स वीर्यमतिशक्तिभाक् ॥२९॥

असाध्य साधनमें उत्साहका नाम—१ वीर्य १॥ २९॥

कपटोऽस्त्री व्याजदंभोपधयश्छद्मकैतवे । कुसृतिर्निकृतिः शाठ्यं—

कपटके नाम ९—कपट १ व्याज २ दम्भ ३ उपधि ४ छद्मन् ५ कैतव ६ कुसृति ७ निकृति ८ शाठ्य ९ ॥

—प्रमादोऽनवधानता ॥ ३० ॥

असावधानताके नाम २—प्रमाद १ अनवधानता २ ॥ ३० ॥

कौतूहलं कौतुकं च कुतुक च कुतूहलम् ।

तमासके नाम ४—कौतूहल १ कौतुक २ कुतुक ३ कुतूहल ४ ॥

स्त्रीणां विलासविब्बोकविभ्रमा ललितं तथा ॥ ३१ ॥ हेलालीले त्यमी हावाः क्रियाः शृंगारभावजाः ।

शृङ्गार और भावसे उत्पन्न होनेवाले स्त्रियोंके विलासके नाम ६—विलास १ विब्बोक २ विभ्रम ३ ललित४॥३१॥ हेला ५ लीला ६ ॥

द्रवकेलिपरीहासाः क्रीडा खेला च नर्म च ॥ ३२ ॥

हँसी करनेके नाम ६—द्रव १ केलि २ परीहास ३ क्रीडा ४ खेला ५ नर्मन् ६ ॥ ३२ ॥

व्याजोऽपदेशो लक्ष्यं च—

बहाना करनेके नाम ३—व्याज १ अपदेश २ लक्ष्य ३ ॥

—क्रीडा खेला च कूर्दनम् ।

बालकोंके खेलके नाम ३—क्रीडा १ खेला २ कूर्दन ३ ॥

घर्मो निदाघः स्वेदः स्यात्—

गर्मीके नाम ३—घर्म १ निदाघ २ स्वेद ३ ॥

—प्रलया नष्टचेष्टता ॥ ३३ ॥

बेहोशीके नाम २—प्रलय १ नष्टचेष्टता २ ॥ ३३ ॥

अवहित्याऽऽकारगुप्तिः—

शोकमें सूरत छिपानेके नाम २ अवहित्था १ आकारगुप्ति २ ॥

समौ संवेगसंभ्रमौ ।

हर्ष आदिके कारण शीघ्र कार्य करनेके नाम २—संवेग १ संभ्रम २ ॥

स्यादाच्छुरितकंहासःसोत्प्रासः—

किसीको खिजानेके लिये हँसी करनेका नाम १—आच्छुरितक १ ॥

स मनाक् स्मितम् ॥ ३४ ॥

मुस्कुरानेका नाम १—स्मित १॥३४॥

मध्यमः स्याद्विहासस्तं—

मध्यम हास्यका नाम—१ विहसित १।

रोमाञ्चो रोमहर्षणम् ।

रोमोंके खडे होनेके नाम २—रोमाञ्च १ रोमहर्षण २ ॥

क्रन्दितं रुदितं कुष्टं—

रोनेके नाम ३—क्रंदित १ रुदित २ कुष्ट ३ ॥

—जृम्भस्तु त्रिषु जृम्भणम् ॥३५॥

जम्भाई लेनेके नाम २—जृम्भ १ जृम्भण २ ॥ ३५ ॥

—विप्रलम्भो विसंवादो—

स्वीकार करके कार्यको न करनेके नाम २ विप्रलम्भ १ विसम्वाद २॥

—स्खलनं समे ।

धर्मसे चलायमान होनेके अथवा बालकोंके घुटनोंसे चलनेके नाम २-रिङ्गण १ स्खलन २ ॥

स्यान्निद्रा शयनं स्वापः स्वप्नः संवेश इत्यपि ॥ ३६ ॥

शयन करनेके नाम ५—निद्रा १ शयन २ स्वाप ३ स्वप्न ४ संवेश ५॥ ३६॥

तन्द्री प्रमीला—

ओंघनेके नाम २—तन्द्री १ प्रमीला २

—भ्रकुटिर्भ्रुकुटिर्भ्रूकुटिःस्त्रियाम्।

क्रोधसहित भौंह चढानेके नाम ३—भ्रकुटि १ भ्रुकुटि २ भ्रूकुटि ३ ॥

अदृष्टिः स्यादसौम्येक्षिण—

—क्रूरदृष्टिका नाम १—अदृष्टि १॥

—संसिद्धिप्रकृती स्त्रिमे ॥ ३७ ॥ स्वरूपं च स्वभावश्च निसर्गश्चा—

स्वभावके नाम ५—संसिद्धि १ प्रकृति २॥ ३७॥ स्वरूप ३ स्वभाव ४ निसर्ग ५

—ऽथ वेपथुः ।

कम्पो—

कांपनेके नाम २—वेपथु १ कम्प २॥

—ऽथ क्षण उद्धर्षो मह उद्भव उत्सवः ॥ ३८ ॥

उत्सवके नाम ५ क्षण १ उद्धर्ष २ मह ३ उद्भव ४ उत्सव ५॥ ३८॥

इति नाट्यवर्गः ॥ ७ ॥

अथ पातालभोगिवर्गः ८

अधोभुवनपातालं बलिसद्म रसातलम् । नागलोको—

पातालके नाम ५ अधोभुवन १ पाताल २ बलिसद्मन ३ रसातल ४ नागलोक ५॥

—ऽथ कुहरंसुषिरं विवरं बिलम् ॥ १ ॥ छिद्रं निर्व्यथनं राक रन्ध्रं श्वभ्रं वपा शुषिः ।

छेदक नाम ११—कुहर १ सुषिर २ विवर ३ बिल ४॥ १॥ छिद्र ५ निर्व्यथन ६ शोक ७ रन्ध्र ८ श्वभ्र ९ वपा १० शुषि ११।

गर्तावटौ भुवि श्वभ्रे—

पृथ्वीके गड्ढेके नाम २—गर्त १ अवट २ ॥

—सरन्ध्रे सुषिरं त्रिषु ॥ २ ॥

छेदयुक्त वस्तुका नाम १—सुषिर १ ॥ २ ॥

अन्धकारोऽस्त्रियां ध्वान्तं तमिस्रं तिमिरं तमः ।

अन्धकारके नाम ५—अंधकार १ ध्वान्त २ तमिस्र ३ तिमिर ४ तमस ५॥

ध्वान्ते गाढेऽन्धतमस—

अत्यन्त अंधकारका नाम १—अन्धतमस २ ॥

—क्षीणेऽवतमसं—

थोडी अन्धियारीका नाम १-अवतमस १ ॥

-तमः ॥ २ ॥

विष्वक्संतमसं-

सब ओर फैले हुए अन्धकारका नाम १-सन्तमस १ ॥ ३ ॥

-नागाः काद्रवेया-

फन और पूंछवाले मनुष्याकार सर्पोंके नाम २-नाग १ काद्रवेय २ ॥

-स्तदीश्वरः । शेषोऽनन्तो-

शपनागके नाम २-शेष १ अनन्त २॥

-वासुकिस्तु सर्पराजो-

सर्पराजके नाम २-वासुकि १ सर्पराज २ ॥

-ऽथ गोनसे ॥ ४ ॥

तिलित्सः स्या-

गोके समान नासिकावाले सर्पके नाम २ ॥ गोनस १ ॥ ४ ॥ तिलित्स २ ॥

-दजगरे शयुर्वाहस इत्युभौ ।

अजगरके नाम ३-अजगर १ शयु २ वाहस ३ ॥

अलगर्दो जलव्यालः-

पानीके सर्पके नाम २-अलगर्द १ जलव्याल २ ॥

समौ गजिलडुण्डुभौ ॥ ५ ॥

द्विमुही सर्पके नाम २-राजिल १॥ डुण्डुभ २ ॥ ५ ॥

मालुधानो मातुलाहि-

चीतेसर्पके नाम २-मालुधान १ मातुलाहि २ ॥

-निर्मुक्तो मुक्तकंचुकः ।

कचुलीके छोडेहुए सब सर्पोंके नाम २-निर्मुक्त १ मुक्तकंचुक २ ॥

सर्पः पृदाकुर्भुजगो भुजङ्गोऽहि-र्भुजंगमः ॥६॥ आशीविषो विष-धरश्चक्री व्यालः सरीसृपः । कुण्डली गूढपाच्चक्षुःश्रवाः काको-दरः फणी ॥ ७ ॥ दर्वीकरो दीर्घपृष्ठो दन्दशूको बिलेशयः ॥ उरगः पन्नगो भोगी जिह्मगः पवनाशनः ॥ ८ ॥

सर्पके नाम २५- सर्प १ पृदाकु २ भुजग ३ भुजंग ४ अहि ५ भुजंगम ६ ॥६॥ आशीविष ७ विषधर ८ चक्रिन् ९ व्याल १० सरीसृप ११ कुण्डलिन् १२ गूढपाद् १३ चक्षुःश्रवस् १४ काकोदर १५ फणिन् १६ ॥ ७ ॥ दर्वीकर १७ दीर्घपृष्ठ १८ दन्दशूक १९ बिलेशय २० उरग २१ पन्नग २२ भोगिन् २३ जिह्मग २४ पवनाशन २५॥८॥

त्रिष्वाहेयं विषास्थ्यादि-

सर्पके विष और हड्डी आदिका नाम १--आहेय १ ॥

-स्फटायां तु फणा द्वयोः ।

सर्पके फनके नाम २ स्फटा १ फणा २ ॥

समौ कंचुकनिर्मोकौ-

कचुलीके नाम २--कंचुक १ निर्मोक २ ॥

-श्वेडस्तु गरलं विषम् ॥ ९ ॥

विषके नाम ३--श्वेड १ गरल २ विष ३ ॥ ९ ॥

पुंसि क्लीबे च काकोलकालकूटहलाहलाः । सौराष्ट्रिकः शौक्लिकेयो ब्रह्मपुत्रः प्रदीपनः ॥ १० ॥ दारदो वत्सनाभश्च विषभेदा अमी नव ।

विषभेद ९--काकोल १ कालकूट २ हलाहल ३ सौराष्ट्रिक ४ शौक्लिकेय ५ ब्रह्मपुत्र ६ प्रदीपन ७ ॥ १० ॥ दारद ८ वत्सनाभ ॥ ९ ॥

विषवैद्यो जाङ्गुलिको-

सर्पके विषको दूर करनेकी विद्या जाननेवालेके नाम २ विषवैद्य १ जांगुलिक ॥ २ ॥

-व्यालग्राह्याहितुण्डिकः ॥ ११ ॥

सर्प पकडनेवालेके नाम २--व्यालग्राहिन् १ अहितुण्डिक २ ॥ ११ ॥

इति पातालभोगिवर्गः ॥ ८ ॥

अथ नरकवर्गः ९.

स्यान्नारकस्तु नरको निरयो दुर्गतिः स्त्रियाम् ।

नरकके नाम ४ - नारक १ नरक २ निरय ३ दुर्गति ४ ॥

तद्भेदास्तपनावीचिमहारौरवरौरवाः ॥ १ ॥ संहारः कालसूत्रं चेत्याद्याः-

नरकोंकी जातिके भेद - तपन १ अवीचि २ महारौरव ३ रौरव ४ ॥ १ ॥ संहार ५ कालसूत्र ६ आदि ॥

-सत्त्वास्तु नारकाः ।

प्रेता-

नरकनिवासियाके नाम २ - नारक १ प्रेत २ ॥

-वैतरणिः सिंधुः-

प्रेतोंकी नदीका नाम १--वैतरणी १ ॥

-स्यादलक्ष्मीस्तु निर्ऋतिः ॥ २ ॥

नारककी अशोभाका नाम २-अलक्ष्मी १ निर्ऋति २ ॥ २ ॥

विष्टिराजूः-

नरकमें जबरदस्ती ढकलनेके नाम २–विष्टि १ आजू २ ॥

–कारणा तु यातना तीव्रवेदना

नरककी पीडाके नाम ३–कारणा १ यातना २ तीव्रवेदना ३ ॥

पीडा बाधा व्यथा दुःखमामनस्यं प्रसूतिजम् ॥ ३ ॥ स्यात्कष्टं कृच्छ्रमाभीलं–

पीडाके नाम ९ पीडा १ बाधा २ व्यथा ३ दुःख ४ आमनस्य ५ प्रसूतिज ६ ॥ ३ ॥कष्ट ७ कृच्छ्र ८ आभील ९ ॥

–त्रिष्वेषां भेद्यगामि यत् ॥४॥

इन शब्दोमें जो द्रव्यवाचक हों वह तीनो लिंगोंमें होते हैं ॥ ४ ॥

इति नरकवर्गः ॥ ९ ॥

अथ वारिवर्गः १०.

समुद्रोऽब्धिरकूपारः पारावारः सारित्पतिः । उदन्वानुदधिः सिन्धुः सरस्वान्सागरोऽर्णवः ॥ १ ॥ रत्नाकरो जलनिधिर्यादःपतिरपांपतिः ।

समुद्रके नाम १५–समुद्र १ अब्धि २ अकूपार ३ पारावार ४ सरित्पति ५ उदन्वत् ६ उदधि ७ सिन्धु ८ सरस्वत् ९ सागर १० अर्णव– ११॥१॥रत्नाकर १२ जलनिधि १३ यादःपति १४ अपाम्पति १५ ॥

तस्य प्रभेदाः क्षीरेक्षुलवणोदस्तथापरे ॥ २ ॥

समुद्रके भेद ७–क्षीरोद १ लवणोद २ (इक्षुरसोद ३ सुरोद ४ दधिमण्डोद ५ स्वादूद ६ घृतोद ७)॥२॥

आपः स्त्री भूम्नि वार्वारि सलिलं कमलं जलम् । पयः कीलालममृतं जीवनं भुवनं वनम् ॥ ३ ॥ कबन्धमुदकं पाथः पुष्करं सर्वतोमुखम् । अम्भोऽर्णस्तोयपानीयनीरक्षीराम्बु शम्बरम् ॥ ४ ॥ मेघपुष्पं घनरसं–

जलके नाम १७–अप् १ वार् २ वारि ३ सलिल ४ कमल ५ जल ६ पयस् ७ कीलाल ८ अमृत ९ जीवन १० भुवन ११ वन १२ ॥ ३ ॥ कबन्ध १३ उदक १४ पाथस् १५ पुष्कर १६ सर्वतोमुख १७ अम्भस् १८ अर्णस् १९ तोय २० पानीय २१ नीर २२ क्षीर २३ अम्बु २४ शम्बर २५ ॥ ४ ॥ मेघपुष्प २६ घनरस २७ ॥

–क्लीबे द्वे आप्यमम्मयम् ।

जलविकारके नाम २–आप्य १ अम्मय २ ॥

भङ्गस्तरङ्ग ऊर्मिर्वा स्त्रियां वीचि–

जलकी तरंगके नाम ४–भंग १ तरंग २ ऊर्मि ३ वीचि ४ ॥

–रथोर्मिषु ॥ ५ ॥

महत्सूल्लोलकल्लोलौ–

बडीतरंगके नाम २–॥५॥ उल्लोल १ कल्लोल २ ॥

–स्यादावर्त्तोऽम्भसां भ्रमः ।

जलके भरनका नाम १–आवर्त्त १॥

पृषन्ति बिन्दुपृषताः पुमांसो विप्रुषः स्त्रियाम् ॥ ६ ॥

बिन्दुआके नाम ४–पृषत् १ बिन्दु २ पृषत ३ विप्रुष् ४ ॥ ६ ॥

चक्राणि पुटभेदाः स्यु–

भमर पडकर जलके नीचेको जानेके नाम २–चक्र १ पुटभेद २ ॥

–भ्रमाश्च जलनिर्गमाः ।

जलके निकलनेके जालके नाम २–भ्रम १ जलनिर्गम २ ॥

कूलं रोधश्च तीरं च प्रतीरं च तटं त्रिषु ॥ ७ ॥

नदीके किनारेके नाम ५–कूल १ रोधस् २ तीर ३ प्रतीर ४ तट ५ ॥ ७ ॥

पारावारे परावर्चीं तीरे–

उस पारका नाम १–पार १ ॥ इस पारका नाम १–अवार १ ॥

–पात्रं तदन्तरम् ।

नदीके पाटका नाम १–पात्र १॥

द्वीपोऽस्त्रियामन्तरीपं यदन्तर्वारिणस्तटम् ॥ ८ ॥

बेटके नाम २–द्वीप १ अन्तरीप २ ॥ ८ ॥

–तोयेत्थंतं तत्पुलिनं–

छडावेका नाम १ ॥ पुलिन १ ॥

–सैकतं सिकतामयम् ।

वालुकाधिकस्थानके नाम २–सैकत १ सिकतामय २ ॥

निषद्वरस्तु जम्बालः पंकोऽस्त्री शादकर्दमौ ॥ ९ ॥

बोदा (कींच) के नाम ५–निषद्वर १ जम्बाल २ पंक ३ शाद ४ कर्दम ५ ॥ ९ ॥

जलोच्छ्वासाः परीवाहाः–

उफलानेके नाम २–जलोच्छ्वास १ परीवाह २ ॥

–कूपकास्तु विदारकाः ।

चूहा (सूखी नदीके गडहे) के नाम २–कूपक १ विदारक २ ॥

नाव्यं त्रिलिङ्गं नौतार्ये–

नौकामें उतरनेके योग्य जलका नाम १–नाव्य १ ॥

स्त्रियां नौस्तरणिस्तरिः ॥ १० ॥

नावके नाम ३—नौ १ तरणि २ तरि ३ ॥ १० ॥

उडुपं तु प्लवः कोलः—

घन्नईके नाम ३—उडुप १ प्लव २ कोल ३ ॥

—स्रोतोऽम्बुसरणं स्वतः ।

स्रोतका नाम १—स्रोतस् १ ॥

आतरस्तरपण्यं स्त्रियां—

उतराईके नाम २—आतर १ तरपण्य २ ॥

—द्रोणी काष्ठाम्बुवाहिनी ॥ ११ ॥

पत्थर वा काष्ठनिर्मित नौकाके खडीके नाम २—द्रोणी १ काष्ठाम्बुवाहिनी २ ॥ ११ ॥

सांयात्रिकः पोतवणिक्—

नाव लादनेवाले उद्यमीके नाम २—सांयात्रिक १ पोतवणिज् २ ॥

—कर्णधारस्तु नाविकः ।

खेवा लगानेवालेके नाम २—कर्णधार १ नाविक २ ॥

नियामकाः पोतवाहाः—

जो नौकाके पीछे खडा हुआ लकडी घुमाया करता है उसके नाम २—नियामक १ पोतवाह २ ॥

—कूपको गुणवृक्षकः ॥ १२ ॥

जिस खूंटेमें नौका बांधी जाती है उसके नाम २ कूपक १ गुणवृक्षक २ ॥ १२ ॥

नौकादण्डः क्षेपणी स्या—

पाता (नौकाके दोनों पसवाडोंमें बंधे हुए चलानेके काष्ठ) के नाम—नौकादण्ड १ क्षेपणी २ ॥

—दर्गित्रं केनिपातकः ।

करिया (नौकाकी पीठमें लगे हुए चलानेके काठ) के नाम २— अरित्र १ केनिपातक २ ॥

अभ्रिः स्त्री काष्ठकुद्दालः—

नौका साफ करनेके कुदालके नाम २— अभ्रि १ काष्ठकुद्दाल २ ॥

सेकपात्रं तु सेचनम् ॥ १३ ॥

जिससे नावका जल उलीचा जाता है उसके नाम २ सेकपात्र १ सेचन २ ॥ १३ ॥

क्लीबेऽर्धनावं नावोऽर्धे—

आधी नावका नाम— अर्द्धनाव १ ॥

—ऽतीतनौकेऽतिनु त्रिषु ।

जो नावलायक जल न हो उसका नाम १— अतिनु १ ॥

त्रिष्वागाधात्—

अगाध शब्दपर्यंत जितने शब्द हैं तीनों लिंगोंमें चलते हैं ॥

—प्रसन्नोऽच्छः—

निर्मल जलके नाम २ प्रसन्न १ अच्छ २ ॥

—कलुषोऽनच्छ आविलः ॥१४॥

मैले जलके नाम ३ कलुष १ अनच्छ २ आविल ३ ॥ १४ ॥

निम्नं गभीरं गम्भीर—

गहरे जलके नाम ३—निम्न १ गभीर २ गंभीर ३ ॥

—मुत्तानं तद्विपर्यये ।

थाह जलका नाम १—उत्तान १ ॥

अगाधमतलस्पर्शे—

अथाह जलके नाम २—अगाध १ अतलस्पर्श २ ॥

—कैवर्ते दाशधीवरौ ॥ १५ ॥

मल्लाहके नाम ३—कैवर्त १ दाश २ धीवर ३ ॥ १५ ॥

आनायः पुंसि जालं स्या—

जालके नाम २—आनाय १ जाल २ ॥

—च्छणसूत्रं पवित्रकम् ।

शणसूत्र जालके नाम २—शणसूत्र १ पवित्रक २ ॥

मत्स्याधानी कुवेणी स्या—

जिसमें मछली धरी जायँ उसके नाम २—मत्स्याधानी १ कुवेणी २ ॥

—द्धडिशं मत्स्यवेधनम् ॥ १६ ॥

मछली पकडनेके कांटेके नाम २—बडिश १ मत्स्यवेधन २ ॥ १६ ॥

पृथुरोमा झषो मत्स्यो मीनो वैसारिणोऽण्डजः । विसारः शकुली चा-

मछलीके नाम ८—पृथुरोमन् १ झष २ मत्स्य ३ मीन ४ वैसारिण ५ अण्डज ६ विसार ७ शकुलिन् ८ ॥

—ऽथ गडकः शकुलार्भकः ॥ १७

मछलीके बच्चोंके नाम २—गडक १ शकुलार्भक २ ॥ १७ ॥

सहस्रदंष्ट्रः पाठीनः—

पन्हा मछलीके नाम २—सहस्रदंष्ट्र १ पाठीन २ ॥

—उलूपी शिशुकः समौ ।

सूस मछलीके नाम २—उलूपिन् १ शिशुक २ ॥

नलमीनश्चिलिचिमः—

चेल्हवा मछलीके नाम २—नलमीन १ चिलिचिम २ ॥

—प्रोष्ठी तु शफरी द्वयोः ॥ १८ ॥

सहरी मछलीके नाम २—प्रोष्ठी १ शफरी २ ॥ १८ ॥

क्षुद्राण्डमत्स्यसंघातः पोता—

धान—

अंडोंसे निकली हुई छोटी मछलीसमूहका नाम १ पोताधान १ ॥

–मथो झषाः ।

रोहितो मद्गुरः शालो राजीवः शकुलस्तिमिः ॥ १९ ॥ तिमिंगिलादयश्च–

रोहू मछलीका नाम १ रोहित– मगरी मछलीका नाम १–मद्गुर १ ॥ सौरी मछलीका नाम १–शाल १ ॥ राया मछलीका नाम १–राजीव १ ॥ सौरा मछलीका नाम १ – शकुल १ ॥ बडी भारी मछलीका नाम १–तिमि १ ॥ १९ ॥ तिमिके निगलनेवाली मछलीका नाम १ ॥ तिमिंगिल १ ॥ आदि

–अथ यादांसि जलजन्तवः ।

सबजलजन्तुओंके नाम २–यादस् १ जलजन्तु २ ॥

तद्भेदाः शिशुमारोद्रशंकवो मकरादयः ॥ २० ॥

शिरसका नाम १–शिशुमार १ ॥ ओदका नाम १–उद्र १ ॥ शफ़का नाम १–शंकु १ ॥ मकरका नाम १–मकर १ आदि ॥ २० ॥

स्यात्कुलीरः कर्कटकः–

कैकडाके नाम २– कुलीर १ कर्कटक २ ॥

–कूर्मः कमठकच्छपौ ।

कछुएके नाम ३–कूर्म १ कमठ २ कच्छप ३ ॥

ग्राहोऽवहारो–

घडियालके नाम २ – ग्राह १ अवहार २ ॥

–नक्रस्तु कुम्भीरे–

नाकेके नाम २– नक्र १ कुम्भीर २ ॥

–अथ महीलता ॥ २१ ॥

गण्डूपदः किंचुलको–

केंचुवाके नाम ३– महीलता १ ॥ २१ ॥ गण्डूपद २ किंचुलक ३ ॥

निहाका गोधिका समे ।

गोहके नाम २ –निहाका १ गोधिका २ ॥

रक्तपा तु जलौकायां स्त्रियां भूम्नि जलौकसः ॥ २२ ॥

जोंकके नाम ३–रक्तपा १ जलौका २ जलौकस् ३ ॥ २२ ॥

मुक्तास्फोटः स्त्रियां शुक्तिः–

समुद्रकी सीपीके नाम २ – मुक्तास्फोट १ शुक्ति २ ॥

–शंखः स्यात्कम्बुरस्त्रियौ ।

शंखके नाम २–शंख १ कम्बु २ ॥

क्षुद्रशंखाः शंखनखाः–

छोटे शंखके नाम २–क्षुद्रशंख १ शंखनख २ ॥

–शम्बूका जलशुक्तयः ॥ २३ ॥

सब सीपीके नाम २–शम्बूक १ जलशुक्ति २ ॥ २३ ॥

भेके मंडूकवर्षाभूशालूरप्लवदर्दुराः ।

मेंडूकके नाम ६–भेक १ मण्डूक २ वर्षाभू ३ शालूर ४ प्लव ५ दर्दुर ६॥

शिलीगण्डूपदी–

काछुईके नाम २–शिली १ गण्डूपदी २ ॥

–भेकी वर्षाभ्वी–

मेंडुकीके नाम २–भेकी १ वर्षाभ्वी २ ॥

–कमठी डुलिः ॥ २४ ॥

कछुहीके नाम २–कमठी १ डुली २ ॥ २४ ॥

मद्गुस्य प्रिया शृङ्गी–

शींगीका नाम १–शृङ्गी १ ॥

–दुर्नामा दीर्घकोशिका ।

झिकवाके नाम २–दुर्नामा १ दीर्घकोशिका २ ॥

जलाशयो जलाधारः–

तडाग झीलादि सब जलाशयोंके नाम २–जलाशय १ ॥ जलाधार २॥

–स्तत्रागाधजलो ह्रदः॥ २५ ॥

कुण्डका नाम १–ह्रद १॥२५॥

आहावस्तु निपानं स्यादुपकूपजलाशये ।

कूपके निकटकी चरही (जलके लिये बनाई हुई) के नाम २–आहाव १ निपान २ ॥

पुंस्येवान्धुः प्राहिः कूप उदपानं तु पुंसि वा ॥ २६ ॥

कुएके नाम ४–अन्धु २ प्रहि १ कूप ३ उदपान ४ ॥ २६ ॥

नेमिस्त्रिकाऽस्य–

कुएकी पाटिकाका नाम १–त्रिका १ ॥

–वीनाहो मुखबन्धनमस्य यत् ।

पक्की जगतका नाम १–वीनाह १॥

पुष्करिण्यां तु खातं स्या–

चौकोने तालाबके नाम २–पुष्करिणी १ खात २ ॥

–दखातं देवखातकम् ॥ २७ ॥

नहीं खोदे हुए तालाबके नाम २–अखात १ देवखातक २ ॥ २७ ॥

पद्माकरस्तडागोऽस्त्री–

जिस तालाबमें कमल हों उसके नाम २–पद्माकर १ तडाग २ ॥

–कासारः सरसी सरः ।

सामान्य तालाबके नाम ३–कासार १ सरसी २ सरस् ३ ॥

वेशन्तः पल्वलं चाल्पसरो–

छोटी तलैयाके नाम ३–वेशन्त १ पल्वल २ अल्पसरस् ३ ॥

—वापी तु दीर्घिका ॥ २८ ॥

बावडीके नाम २—वापी १ दीर्घिका ॥ २ ॥ ॥ २८ ॥

खेयं तु परिखा—

खाँचा(खाही) के नाम२—खेय १ परिखा २ ॥

—ऽऽधारस्त्वम्भसां यत्र धारणम्।

बांधका नाम १—आधार १॥

स्यादालवालमावालमावापो—

थाल्हाके नाम ३—आलवाल१ आवाल २ आवाप ३ ॥

—ऽथ नदी सरित् ॥ २९ ॥

तरंगिणी शैवलिनी तटिनी ह्रादिनी धुनी। स्रोतस्वती द्वीपवती स्रवन्ती निम्नगापगा ॥ ३० ॥

नदीके नाम१२ नदी १ सरित्२ ॥२९॥ तरंगिणी ३ शवलिनी ४ तटिनी ५ह्रादिनी ६ धुनी ७ स्रोतस्वती८ द्वीपवती ९ स्रवन्ती १० निम्नगा ११ आपगा १२॥ ३० ॥

गंगा विष्णुपदी जह्नुतनया सुरनिम्नगा।भागीरथी त्रिपथगा त्रिस्रोता भीष्मसूरपि ॥ ३१ ॥

गंगाजीके नाम ८—गंगा १ विष्णुपदी २जह्नुतनया३ सुरनिम्नगा४ भागीरथी ५ त्रिपथगा ६ त्रिस्रोतस् ७ भीष्मसू ८ ॥ ३१ ॥

कालिन्दी सूर्यतनया यमुना शमनस्वसा।

यमुनाके नाम ४—कालिन्दी १ सूर्यतनया २ यमुना ३ शमनस्वसृ ४॥

रेवा तु नर्मदा सोमोद्भवा मेकलकन्यका ॥ ३२ ॥

नर्मदाके नाम ४—रेवा १ नर्मदा २ सोमोद्भवा ३ मेकलकन्यका४ ॥३२

करतोया सदानीरा—

गौरीविवाहमें जो कन्यादानजलसे उत्पन्न हुई उस नदीके नाम १—करतोया १ सदानीरा २ ॥

—बाहुदा सैतवाहिनी।

सहस्रबाहुकी नदीके नाम २—बाहुदा १ सैतवाहिनी २ ॥

शतद्रुस्तु शुतुद्रिः स्या—

शतलजके नाम २—शतद्रु १ शुतुद्रि२॥

—द्विपाशा तु विपाट् स्त्रियाम् ३३

व्यासनदीके नाम २ ॥ विपाशा १ विपाश् २ ॥ ३३ ॥

शोणो हिरण्यवाहः स्या—

शोणभद्रके नाम २—शोण १ हिरण्यवाह २ ॥

—कुल्याल्पा कृत्रिमा सरित्।

नहरका नाम १—कुल्या १ ॥

शरावती वेत्रवती चन्द्रभागा सरस्वती ॥ ३४ ॥ कावेरी-

शरावतीका नाम १-शरावती १ ॥ वेत्रवतीका नाम १-वेत्रवती १ ॥ चिनाबका नाम १-चन्द्रभागा १ ॥ सरस्वतीका नाम १-सरस्वती १ ॥ ॥३४॥ कावेरीका नाम १ कावेरी १ ॥

-सरितोऽन्याश्च-

और भी कौशिकी आदि नदियांहैं ॥

-संभेदः सिन्धुसंगमः ।

जहां एक नदी दूसरीसे मिलती है उस संगमके नाम २-संभेद १ सिन्धुसंगम २ ॥

द्वयोः प्रणाली पयसः पदव्यां-

पनारका नाम १-प्रणाली १ ॥

-त्रिषु तूत्तरैः ॥ ३५ ॥

आगे होनेवाले दोनों शब्द तीनों लिंगोंमें वर्तते हैं ॥ ३५ ॥

देविकायां सरय्वां च भवेदाविकसारवौ ।

देविका नदीमें जो २ उत्पन्न हों उनका नाम १-दाविक १ ॥ सरयूमें जो २ उत्पन्न हो उनकानाम १-सीरव १ ॥

सौगन्धिकं तु कल्हारं-

कुई (संध्यामें खिलनेवाले श्वेतकमल) के नाम २-सौगन्धिक १ कल्हार २ ॥

-हल्लकं रक्तसन्ध्यकम् ॥ ३६ ॥

लाल कुईके नाम २-हल्लक १ रक्तसन्ध्यक २ ॥ ३६ ॥

स्यादुत्पलं कुवलयः-

कुमुदकमल साधारणके नाम २-उत्पल १ कुवलय २ ॥

-मथ नीलाम्बुजन्म च ।

इन्दीवरं च नील स्मिन्-

काले कमलके नाम २ नीलाम्बुजन्मन् १ ॥ इन्दीवर २ ॥

-सिते कु ॥ ३७ ॥

उज्ज्वल कमलके नाम २-कुमुद १ कैरव २ ॥ ३७ ॥

शालूकमेषां कन्दः स्या-

कमलोंके कन्दका नाम १-शालूक १ ॥

द्वारिपर्णी तु कुम्भिका ।

जलकुंभीके नाम २-वारिपर्णी १ कुम्भिका २ ॥

जलनीली तु शैवालं शैवलो-

शवालके नाम ३-जलनीली १ शैवाल २ शैवल ३ ॥

-ऽथ कुमुद्वती ॥ ३८ ॥

कुमुदिन्यां-

कुमुदिनी वा कुमुदयुक्त देशकेनाम २-कुमुद्वती १ ॥ ३८ ॥ कुमुदिनी २ ॥

-नलिन्यां तु बिसिनीपद्मिनी-मुखाः ।

कमलिनीके नाम ३-नलिनी १ बिसिनी २ पद्मिनी ३ आदि ॥

वा पुंसि पद्मं नलिनमरविन्दं महोत्पलम् ॥ ३९ ॥ सहस्रपत्रं कमलं शतपत्रं कुशेशयम् । पङ्केरुहं तामरसं साग्मं सरसीरुहम् ॥ ४० ॥ बिसप्रसूनगजीवपुष्कराम्भोरुहाणि च ।

कमलमात्रके नाम १६— पद्म १ नलिन २ अरविन्द ३ महोत्पल ४ ॥३९॥ सहस्रपत्र ५ कमल ६ शतपत्र ७ कुशेशय ८ पंकेरुह ९ तामरस १० सारस ११ सरसीरुह १२ ॥ ४० ॥ बिसप्रसून १३ राजीव १४ पुष्कर १५ अम्भोरुह १६ ॥

पुण्डरीकं सिताम्भोज—

उज्ज्वल कमलके नाम २—पुण्डरीक १ सिताम्भोज २ ॥

—अथ रक्तसरोरुहं ॥ ४१ ॥

रक्तोत्पलं कोकनदं—

लाल कमलके नाम ३—रक्तसरोरुह १ ॥४१॥ रक्तोत्पल २ कोकनद ३ ॥

—नालो नाल—

कमलकी डांडीके नाम २—नाल (पुँल्लिंग) १ नाल (नपुंसकलिंग) २ ॥

—मथास्त्रियाम् ।

मृणालं बिस—

मसीडके नाम २—मृणाल १ बिस २ ॥

—मज्जादिकदम्बे खण्डमस्त्रियाम् ॥ ४२ ॥

कमलादिके समूहका नाम १—खण्ड १ ॥ केवल भी नाम १—खण्ड १ ॥ ४२ ॥

करहाटः शिफाकन्दः—

कमलकी जडके नाम २—करहाट १ शिफाकन्द २ ॥

किञ्जल्कः केसरोऽस्त्रियाम् ।

कमलपुष्पके मध्यमें जो झालर होती है उसके नाम २—किञ्जल्क १ केसर २ ॥

संवर्त्तिका नवदलं—

कमलके नवे पत्तोंके नाम २—संवर्त्तिका १ नवदल २ ॥

बीजकोशो वराटकः ॥ ४३ ॥

कमलाक्षके नाम २—बीजकोश १ वराटक २ ॥ ४३ ॥

उक्तं स्वर्व्योमादिकालधीशब्दादि सनाट्यकम् । पातालभोगिनरकं वारि चैषां च सङ्गतम् ॥ ४४ ॥ इत्यमरसिंहकृतौ नामलिंगानुशासने । स्वर्गादिकाण्डः प्रथमः सांग एव समर्थितः ॥ १ ॥

इति श्रीमदमरसिंहविरचितामरकोशस्य भाषाटीकायां वारिवर्गः ॥ १० ॥

इति प्रथम कांडः समाप्तः ।

श्रीः ।

अथ द्वितीयः काण्डः ।

अथ भूमिवर्गः १.

वर्गाः पृथ्वीपुरक्ष्माभृद्रनौषधि-मृगादिभिः । नृब्रह्मक्षत्राविट्छूद्रैः सांगोपांगैरिहोदिताः ॥ १ ॥

इस द्वितीय काण्डमें भूमिवर्ग १, पुरवर्ग २, शैलवर्ग ३, वनौषधिवर्ग ४, सिंहादिवर्ग ५, मनुष्यवर्ग ६, ब्रह्मवर्ग ७, क्षत्रियवर्ग ८, वैश्यवर्ग ९, शूद्रवर्ग १० सांगोपांग कहेंगे ॥ १ ॥

भूर्भूमिरचलानन्ता रसा विश्वंभरा स्थिरा । धरा धरित्री धरणिः क्षोणिर्ज्या काश्यपी क्षितिः ॥ २ ॥ सर्वंसहा वसुमती वसुधोर्वी वसुंधरा । गोत्रा कुः पृथिवी पृथ्वी क्ष्मावनिर्मेदिनी मही ॥ ३ ॥

पृथ्वीके नाम २७—भू १ भूमि २ अचला ३ अनन्ता ४ रसा ५ विश्वम्भरा ६ स्थिरा ७ धरा ८ धरित्री ९ धरणि १० क्षोणि ११ ज्या १२ काश्यपी १३ क्षिति १४ ॥ २ ॥ सर्वंसहा १५ वसुमती १६ वसुधा १७ उर्वी १८ वसुन्धरा १९ गोत्रा २० कु २१ पृथिवी २२ पृथ्वी २३ क्ष्मा २४ अवनि २५ मेदिनी २६ मही २७ ॥ ३ ॥

मृन्मृत्तिका—

मिट्टीके नाम २—मृत् १ मृत्तिका २ ॥

—प्रशस्ता तु मृत्सा मृत्स्ना च मृत्तिका ।

अच्छी मिट्टीके नाम २—मृत्सा १ मृत्स्ना २ ॥

उर्वरा सर्वसस्याढ्या—

जिस मिट्टीसे सब अन्न उपजै उसका नाम १—उर्वरा १ ॥

—स्यादूषः क्षारमृत्तिका ॥ ४ ॥

खारी मिट्टी अर्थात् नोंनीके नाम २—ऊष १—क्षारमृत्तिका २ ॥ ४ ॥

ऊषवानूषरो द्वावप्यन्यलिङ्गौ—

कल्लरभूमिके नाम २—ऊषवत् १ ऊषर २ ॥

स्थलं स्थली ।

स्थलके नाम २—स्थल १ स्थली २ ॥

समानौ मरुधन्वानौ—

निर्जल अर्थात् मरुदेशके नाम २-मरु १ धन्वन् २ ॥

-द्वे खिलाप्रहते समे ॥ ५ ॥ त्रि-

बिनजोत खेतके नाम २-खिल १ अप्रहत २ ॥ ५ ॥

-ष्वथो जगती लोको विष्टपं भुवनं जगत् ।

जगत्के नाम ५-जगती १ लोक २ विष्टप ३ भुवन ४ जगत् ५ ॥

लोकोऽयं भारतं वर्षं--

हिमालयसे दक्षिण समुद्रसे उत्तरके देशतक अर्थात् हिन्दुस्थानका नाम १-भारतवर्ष १ ॥

-शरावत्यास्तु योऽवधेः ॥ ६ ॥

देशः प्राग्दक्षिणः प्राच्य-

शरावती नदीके ॥६॥ पूर्व दक्षिण देशका नाम १-प्राच्य १ ॥

-उदीच्यः पश्चिमोत्तरः

शरावती नदीके पश्चिमोत्तरदेशका नाम १-उदीच्य १ ॥

प्रत्यन्तो म्लेच्छदेशः स्या--

फारस रूस रूम आदि दशोंके नाम २-प्रत्यन्त १ म्लेच्छदेश २ ॥

--न्मध्यदेशस्तु मध्यमः॥ ७ ॥

विंध्याचलसे उत्तर हिमालयसे दक्षिण कुरुक्षेत्रसे पूर्व प्रयागसे पश्चिम दशक नाम २-मध्यदेश १ मध्यम २ ॥ ७ ॥

आयावर्त्तः पुण्यभूमिर्मध्यं विन्ध्यहिमालयोः ।

बंगालेके समुद्रसे पश्चिम अरबसमुद्रसे पूर्व हिमाचलसे दक्षिण विन्ध्याचलसे उत्तर देशक नाम २-आर्यावर्त्त १ पुण्यभूमि २ ॥

नीवृज्जनपदो-

राजाओंके बसाये हुए मगध आदि देशोंके नाम २- नीवृत् १ जनपद २॥

--देशविषयौ तूपवर्त्तनम् ॥ ८ ॥

देशमात्रके नाम ३- देश १ विषय २ उपवर्तन ३॥ ८ ॥

त्रिष्वागोष्ठा-

गोष्ठपर्यंत जो शब्द हैं वे तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥

नडप्राये नड्वान्नड्वल इत्यपि ।

नडाधिकदेशक नाम २-नडत् १ नड्वल २ ॥

कुमुद्वान्कुमुदप्राये-

जहां बहुत कुमुद हों उन देशका नाम १- कुमुद्वत् १ ॥

-वेतस्वान्बहुवेतसे ॥ ९ ॥

जहां बहुत वेत हों उस दशका नाम १ वेतस्वत् ॥ १ ॥ ९ ॥

शाद्वलः शादहरिते-

जहां हरी घास हो उसका नाम १- शाद्वल १ ॥

-सजम्बाले तु पंकिलः ।

जहां बहुत कीच हो उस देशका नाम १-पंकिल १ ॥

जलप्रायमनूपं स्यात्पुंसि कच्छ-स्तथाविधः ॥ १० ॥

जहां बहुत पानी हो उस देशके नाम ३- जलप्राय १ अनूप २ कच्छ ३ ॥ १० ॥

स्त्री शर्करा शर्करिलः शार्करः शर्करावति ।

जहां रेता हो उस देशके नाम ४- शर्करा १ शर्करिल २ शार्कर ३ शर्करावत् ४ ॥

देश एवादिमा-

ऊपर कहे हुए शर्करा आदि शब्दोंमें पहले शर्करा १ और शर्करिल यह दोनों देशके ही नाम हैं ॥

वेवमुत्तरयाः सिकतावति॥ ११॥

इसी प्रकार सिकता १ और सिकतिल यह शब्द भी रेतयुक्त देशके ही नाम हैं ॥

देशो नद्यम्बुवृष्ट्यम्बुसंपन्नत्रीहिपालितः । स्यान्नदीमातृको देवमातृकश्च यथाक्रमम् ॥ १२ ॥

जहां केवल नदीजलसे खेत सींचे जांय वर्षा न होती हो उस देशका नाम १-नदीमातृक १ ॥ जहां वर्षाके ही जलसे सींचे जांय उसका नाम १-देवमातृक १ ॥ १२ ॥

सुराज्ञि देशे राजन्वान्स्या-

धर्मात्मा राजाके देशका नाम १- राजन्वत् १ ॥

-उत्तत्तोऽन्यत्र राजवान् ।

सामान्य राजाके देशका नाम १- राजवत् १ ॥

गोष्ठं गोस्थानकं-

गोष्ठके नाम२-गोष्ठ१गोस्थान२॥

-तत्तु गौष्ठीनें भतपूर्वकम् ॥ १३ ॥

जहां पूर्वकालमें गायें रही हों उसका नाम १-गौष्ठीन १- १३ ॥

पर्यन्तभूः परिसरः-

ही पर्वतादिके समीपकी भूमिके नाम २-पर्यन्तभू १ परिसर २ ॥

-सेतुगलौ स्त्रियां-

पुलके नाम २-सेतु १आलि २॥

-पुमान् ।

वामलूरश्च नाकुश्च वल्मीकं पुंनपुंसकम् ॥ १४ ॥

बमईके नाम ३-वामलूर १ नाकु २ वल्मीक ३ ॥ १४ ॥

अयनं वर्त्ममार्गाध्वपन्थानः पदवी सृतिः । सरणिः पद्धतिः पद्या वर्त्तन्येकपदीति च ॥ १५ ॥

मार्गके नाम १२—अयन १ वर्त्मन् २ मार्ग ३ अध्वन् ४ पथिन् ५ पदवी ६ सृति ७ सरणि ८ पद्धति ९ पद्या १० वर्त्तनी ११ एकपदी १२ ॥ १५ ॥

अतिपन्थाः सुपन्थाश्च सत्पथश्चार्चितेऽध्वनि ।

अच्छे मार्गके नाम ३—अतिपथिन् १ सुपथिन् २ सत्पथ ३ ॥

व्यध्वो दुरध्वो विपथः कदध्वा कापथः समाः ॥ १६ ॥

खराब मार्गके नाम ५—व्यध्व १ दुरध्व २ विपथ ३ कदध्वन् ४ कापथ ५ ॥ १६ ॥

अपन्थास्त्वपथं तुल्ये-

जहां मार्ग न हो उसके नाम २—अपथिन् १ चतुष्पथ २ ॥

—शृंगाटकचतुष्पथे ।

चौहट्टा वा चौकके नाम २—शृंगाटक १ चतुष्पथ २ ॥

प्रान्तरं दूरशून्योऽध्वा-

जहां बडी दूरतक छाया वा मनुष्यादि न हों उस मार्गका नाम १—प्रान्तर १ ॥

—कान्तारं वर्त्म दुर्गमम् १७ ॥

चौरकण्टकादियुक्त मार्गका नाम १—कान्तार १ ॥ १७ ॥

—गव्यूतिः स्त्री क्रोशयुगं—

दो कोशका नाम १—गव्यूति १ ॥

—नल्वः किष्कुचतुःशतम् ।

४०० हाथका नाम १—नल्व १ ॥

चतुष्पथः संसरणं—

राजमार्ग अर्थात् सडकके नाम २—चतुष्पथ १ संसरण २ ॥

—तत्पुरस्योपनिष्करम् ॥ १८ ॥

ग्रामके निकासका नाम १—उपनिष्कर १ ॥ १८ ॥

इति भूमिवर्गः ॥ १ ॥

अथ पुरवर्गः २.

पूः स्त्री पुरीनगर्यौ वा पत्तनं पुटभेदनम् । स्थानीयं निगमे—

शहरके नाम ७—पुर् १ पुरी २ नगरी ३ पत्तन ४ पुटभेदन ५ स्थानीय ६ निगम ७ ॥

—ऽन्यत्तु यन्मूलनगरात्पुरम् ॥ १ ॥ तच्छाखानगरं—

शहरसम्बंधी छोटे नगरोंका नाम १—॥ १ ॥ शाखानगर १ ॥

—वेशो वेश्याजनसमाश्रयः ।

वेश्याके स्थानके नाम २–वेश १ वेश्याजसनमाश्रय २॥

आपणस्तु निषद्यायां–

बजारके नाम२–आपण१निषद्या २॥

–विपणिः पण्यवीथिका ॥ २ ॥

जहाँ बाजार न हो परन्तु वस्तु विकती हों उसके नाम २–विपणी १ पण्यवीथिका २ ॥ २ ॥

रथ्या प्रतोली विशिखा–

बीचगाउँकी गलीके नाम ३–रथ्या १ प्रतोली २ विशिखा ३ ॥

–स्याच्चयो वप्रमस्त्रियाम् ।

किलेके इधर उधरकी मिट्टीके नाम २–चय १ वप्र २ ॥

प्राकारो वरणः सालः–

किलेके नाम ३ –प्राकार १ वरण २ साल ३ ॥

–प्राचीनं प्रान्ततो वृतिः ३ ॥

चारों ओर कांटोंकी बाडका नाम १–प्राचीन १ ॥ ३ ॥

भित्तिः स्त्री कुड्य–

दीवारके नाम २–भित्ति १ कुड्य २ ॥

–मेडूकं यदन्तर्न्यस्तकीकसम्॥

जिस दीवारमें मजबूतीके वास्ते हड्डी आदि लगाई गई हों उसका नाम १॥ एडूक १॥

गृहं गेहोदवसितं वेश्म सद्म निकेतनम् ॥ ४ ॥ निशान्तपस्त्यसदनं भवनागारमन्दिरम् । गृहाः पुंसि च भूम्न्येव निकाय्यनिलयालयाः ॥ ५ ॥ वासः कुटी द्वयोः शाला सभा–

गृहके नाम २०–गृह १ गेह २ उदवसित ३ वेश्मन् ४सद्मन्५निकेतन ६ ॥ ४ ॥ निशान्त ७ पस्त्य ८सदन९ भवन १० अगार ११ मंदिर १२ गृह (पुं० बहुवचन) १३ निकाय्य १४ निलय १५ आलय १६ ॥ ५ ॥ वास १७ कुटी १८ शाला १९ सभा२०॥

–संजवनं त्विदम् ।

चतुःशाल–

जिस गृहमें आमने सामने एकसे चार मकान हों उसके नाम २–संजमन १ चतुश्शाल २ ॥

–मुनीनां तु पर्णशालोटजोऽस्त्रियाम् ॥ ६ ॥

मुनियोंकी कुटीके नाम २ –पर्णशाला १ उटज २ ॥ ६ ॥

चैत्यमायतनं तुल्ये–

यज्ञशालाके नाम २–चैत्य १ आयतन २ ॥

–वाजिशाला तु मन्दुरा ।

वुडसालके नाम २–वाजिशाला १ मन्दुरा २ ॥

आवेशनं शिल्पिशाला–

कारीगरोंके स्थानके नाम२–आवेशन १ शिल्पिशाला २ ॥

प्रपा पानीयशालिका ॥ ७ ॥

पौशाला अर्थात् पानी पिलानेके स्थानके नाम २–प्रपा १ पानीयशालिका २ ॥ ७ ॥

मठश्छात्रादेरालयः–

विद्यार्थी और संन्यासी आदिके रहनेके स्थानका नाम १–मठ १ ॥

–गञ्जा तु मदिरागृहम् ।

जहां मद्य बनाया जाय अथवा जहां मद्य रक्खा जाय उस स्थानके नाम २–गञ्जा १ मदिरागृह २ ॥

गर्भागारं वासगृह–

गृहके मध्यभागके नाम २–गर्भागार १ वासगृह २ ॥

–अरिष्टं सूतिकागृहम् ॥ ८ ॥

सोवरके (प्रसूतीके) गृहके नाम २–अरिष्ट १ सूतिकागृह २ ॥ ८ ॥

वातायनं गवाक्षो–

झरोखोंके नाम २–वातायन १ गवाक्ष २ ॥

–ऽथ मण्डपोऽस्त्री जनाश्रयः ।

मण्डपके नाम २–मण्डप १ जनाश्रय २ ॥

हर्म्यादि धनिनां वासः–

धनवानोंके गृहका नाम १–हर्म्य १ आदि ॥

–प्रासादो देवभूभुजाम् ॥ ९ ॥

देवता और राजाओंके गृहका नाम १–प्रसाद १ ॥ ९ ॥

सौधोऽस्त्री राजसदन–

राजाओंके गृहके नाम २–सौध १ राजसदन २ ॥

–मुपकार्योपकारिका ।

राजाओंके साधारण गृहोंके नाम २–उपकार्या १ उपकारिका २ ॥

स्वतिकः सर्वतोभद्रो नन्द्यावर्त्तादयोऽपि च ॥ १० ॥ विच्छन्दकः प्रभेदा हि भवन्तीश्वरसद्मनाम् ।

राजगृहोंके भेद जिनमें ४ दरवाजे आदि भेद हैं ॥ स्वस्तिक १ सर्वतोभद्र २ नन्द्यावर्त्त ३ १० ॥ विच्छन्दक ४ इत्यादि ।

रुयगारं भूभुजामन्तःपुरं स्यादवरोधनम् ॥ ११ ॥

शुद्धान्तश्चावरोधश्च–

राजस्त्रियोंके रहनेके स्थानके नाम ४–अन्तःपुर १ अवरोधन २ ॥ ११ ॥ शुद्धान्त ३ अवरोध ४ ॥

—स्यादट्टः क्षौममास्त्रियाम् ।

गृहके ऊपरके घरके नाम ४—अट्ट १ क्षौम २ ॥

प्रघाणप्रघणाऽलिन्दा बहिर्द्वार-प्रकोष्ठके ॥ १२ ॥

देहलीजके नाम ३—प्रघाण १ प्रघण २ अलिन्द ४ ॥ १२ ॥

गृहावग्रहणी देह—

देहलीके नाम २—गृहावग्रहणी १ देहली २ ॥

—ल्यऽङ्गणं चत्वराजिरे ।

आंगनके नाम ३—अंगण १ चत्वर २ अजिर ३ ॥

अधस्ताद्दारुणी शिला—

दरवांजेके नीचेके काठका नाम १—शिला १ ॥

—नासादारूपरि स्थितम् ॥ १३ ॥

दरवाजेके ऊपरके काठका नाम १—नासा १ ॥ १३ ॥

प्रच्छन्नमन्तर्द्वारं स्या—

खिडकीके नाम २—प्रच्छन्न १ अन्तर्द्वार २ ॥

—त्यक्षद्वारं तु पक्षकम् ।

बगलके द्वारके नाम २—पक्षद्वार १ पक्षक २ ॥

वलीकनीधे पटलप्रान्ते—

बरौनीके नाम ३—वलीक १ नीध्र २ पटलप्रान्त ३ ॥

—ऽथ पटलं छदिः ॥ १४ ॥

छानिक नाम २—पटल १ छदि २ ॥ १४ ॥

गोपानसी तु वलभी छादने वक्रदारुणी ।

छज्जेके नाम २—गोपानसी १ वलभी १

कपोतपालिकायां तु विटंकं पुंनपुंसकम् ॥ १५ ॥

कबूतरखानेके नाम २—कपोत-पालिका १ विटंक २ ॥ १५ ॥

स्त्री द्वाद्वारं प्रतीहारः—

द्वारके नाम ३—द्वार् १ द्वार २ प्रतीहार ३ ॥

—स्याद्वितार्दिस्तु वेदिका ।

वेदीके नाम २—वितर्दि १ वेदिका २ ॥

तोरणोऽस्त्री बहिर्द्वारं—

घरके बाहरके फाटकके नाम २—तोरण १ बहिर्द्वार २ ॥

—पुरद्वारं तु गोपुरम् ॥ १६ ॥

नगरके बाहरके फाटकके नाम २—पुरद्वार १ गोपुर २ ॥ १६ ॥

कूटं पूर्द्वारि यद्धास्तिनखस्त-स्मि—

नगरके द्वारसे उतरनेके लिये उतार चढावकी भूमिका नाम १—हस्तिनख १ ।

—अथ त्रिषु ।

कपाटमरं तुल्ये—

किवारोंके नाम २—कपाट १ अरर २॥

तद्विष्कम्भोऽर्गलं न ना ॥१७॥

किवाडोंके डण्डेका नाम १—अर्गल ॥ १ ॥ १७ ॥

आरोहणं स्यात्सोपानं—

मिट्टी पत्थर आदिकी सीढीके नाम २—आरोहण १ सोपान २ ॥

—निश्रेणिस्त्वधिरोहणी ।

काठकी सीढीके नाम २—निश्रेणि १ अधिरोहणी २ ॥

संमार्जनी शोधनी स्यात्—

बुहारी अर्थात् झाडूके नाम २—संमार्जनी १ शोधनी २ ॥

—संकरोऽवकरस्तथा ॥ १८ ॥

क्षिते—

करकट वा कूडेके नाम २—संकर १ अवकर २ ॥ १८ ॥

—मुखं निःसरणं—

निकासके नाम २—मुख १ निःसरण २ ॥

—संनिवेशो निकर्षणम् ।

नगर इत्यादिमें स्थानके निमित्त नापी हुई भूमिके नाम २—संनिवेश १ निकर्षण २ ॥

समौ संवसथग्रामौ—

ग्रामके नाम २—संवसथ १ ग्राम २॥

वेश्मभूर्वास्तुरस्त्रियाम् ॥ १९ ॥

घरकी भूमिके नाम १—वास्तु १ ॥ १९ ॥

ग्रामान्त उपशल्यं स्यात्

ग्रामके समीपका नाम १—उपशल्य १ ॥

—सीमसीमे स्त्रियामुभे ।

सीमाके नाम २—सीमन् १ सीमा २

घोष आभीरपल्ली स्यात्—

अहीरोंके ग्रामके नाम २—घोष १ आभीरपल्ली २ ॥

—पक्कणः शबरालयः ॥ २० ॥

जंगलियोंके ग्रामके नाम २—पक्कण १ शबरालय २ ॥ २० ॥

इति पुरवर्गः ॥ २ ॥

अथ शैलवर्गः ३.

महीध्रे शिखरिक्ष्माभृदहार्यधरपर्वताः । अद्रिगोत्रगिरिग्रावाचलशैलशिलोच्चयाः ॥ १ ॥

पर्वतके नाम १३—महीध्र १ शिखरिन् २ क्ष्माभृत् ३ अहार्य ४ धर ५ पर्वत ६ अद्रि ७ गोत्र ८ गिरि ९ ग्रावन् १० अचल ११ शैल १२ शिलोच्चय १३ ॥ १ ॥

लोकालोकश्चक्रवाल—

जो पर्वत पृथ्वीको घेरे हैं उनके नाम २—लोकालोक १ चक्रवाल २ ॥

-स्त्रिकूटस्त्रिककुत्समौ।

त्रिकूट कि जिसपर लंका बसी उसके नाम २-त्रिकूट १ त्रिककुद् २॥

अस्तस्तु चरमक्ष्माभृत्-

अस्ताचलके नाम २-अस्त १ चरमक्ष्माभृत् २ ॥

-उदयः पूर्वपर्वतः ॥ २ ॥

उदयाचलके नाम २-उदय १ पूर्वपर्वत २ ॥ २ ॥

हिमवान्निषधो विन्ध्यो माल्यवान्पारियात्रकः। गन्धमादनमन्ये च हेमकूटादयो नगाः ॥ ३ ॥

पर्वतोंके भेद ६-हिमवत् १ निषध २ विन्ध्य ३ माल्यवत् ४ पारियात्रक ५ गन्धमादन ६ तथा हेमकूट आदि अन्य भी पर्वत हैं ॥ ३ ॥

पाषाणप्रस्तरग्रावोपलाश्मानः शिला दृषत्।

पत्थरके नाम ७-पाषाण १ प्रस्तर २ ग्रावन् ३ उपल ४ अश्मन् ५ शिला ६ दृषत् ७ ॥

कूटोऽस्त्री शिखरं शृङ्गं-

पहाडकी चोटी वा कंगूराके नाम ३-कूट १ शिखर २ शृङ्ग ३ ॥

-प्रपातस्त्वतटो भृगुः ॥ ४ ॥

बीहडके नाम ३-प्रपात १ अतट २ भृगु ३ ॥ ४ ॥

कटकोऽस्त्री नितम्बोऽद्रेः-

बीच पर्वतका नाम १-कटक १ ॥

स्नुः प्रस्थः सानुरस्त्रियाम्।

पर्वतके किनारेके नाम ३-स्नु १ प्रस्थ २ सानु ३ ॥

उत्सः प्रस्रवणं-

जहां पर्वतसे चूकर पानी बटुरता है अथात् कुण्डके नाम २-उत्स १ प्रस्रवण २ ॥

-वारिप्रवाहो निर्झरो झरः ॥ ५ ॥

झरनोंके नाम ३-वारिप्रवाह १ निर्झर २ झर ३ ॥ ५ ॥

दरी तु कन्दरो वा स्त्री-

बनाई हुई गुफाके नाम २-दरी १ कन्दर-कन्दरा २ ॥

-देवखातबिले गुहा गह्वरं-

अपने आप बनी हुई गुफाके नाम ४-देवखात १ बिल २ गुहा ३ गह्वर ४ ॥

-गण्डशैलास्तु च्युताः स्थूलोपला गिरेः ॥ ६ ॥

जो कि पर्वतसे भारी भारी पत्थर गिरते हैं उनका नाम १-गण्डशैल १॥६॥

खनिः स्त्रियामाकरः स्यात्-

खानिके नाम २-खनि १ आकर २॥

-पादाः प्रत्यन्तपर्वताः।

पर्वतके धोरेके छोटे पर्वतके नाम २—पाद १ प्रत्यन्तपर्वत २ ॥

उपत्यकाद्रेरासन्ना भूमिरूर्ध्वमधित्यका ॥ ७ ॥

पहाडके नीचेकी भूमिका नाम १—उपत्यका १॥ पहाडकी ऊपरकी भूमिका नाम १—अधित्यका १ ॥ ७ ॥

धातुर्मनःशिलाद्यद्रेर्गैरिकं तु विशेषतः ।

पर्वतसे उत्पन्न हुए जो मनःशिल आदि तिनका नाम १—धातु १॥ गैरिक (गेरू) तो धातु शब्दसे ही विख्यात है ॥

निकुञ्जकुञ्जौ वा क्लीबे लतादिपिहितोदरे ॥ ८ ॥

जहां कि बहुत लता तृणादिसे घिरा हो उसके नाम २—निकुञ्ज १ कुञ्ज २॥ ८॥

इति शैलवर्गः ॥ ३ ॥

अथ वनौषधिवर्गः ४.

अटव्यरण्यं विपिनं गहनं काननं वनम् ।

वनके नाम ६—अटवी १ अरण्य २ विपिन ३ गहन ४ कानन ५ वन ६ ॥

महारण्यमरण्यानी—

बडे वनके नाम २—महारण्य १ अरण्यानी २ ॥

—गृहारामास्तु निष्कुटाः ॥ १॥

गृहके समीप बनाये हुए बगीचेके नाम २—गृहाराम १ निष्कुट २॥ १॥

आरामः स्यादुपवनं कृत्रिमं वनमेव यत् ।

गृहसमीपके वनके नाम २—आराम १ उपवन २ ॥

अमात्यगणिकागेहोपवने वृक्षवाटिका ॥ २ ॥

जहां राजाके नौकर चाकर और उनकी वेश्या रहैं उस बगीचेका नाम १—वृक्षवाटिका १ ॥ २ ॥

पुमानाक्रीड उद्यानं राज्ञः साधारणं वनम् ।

राजाके उस बगीचेका नाम जिसका सब पुरुष भोग कर सकैं १—आक्रीड १॥

स्यादेतदेव प्रमदवनमन्तःपुरोचितम् ॥ ३ ॥

जहां राजा स्त्रियोंसहित क्रीडा करैं उस बगीचेका नाम १—प्रमदवन १॥ ३॥

वीथ्यालिरावलिः पंक्तिः श्रेणी—

पंक्तिके नाम ५—वीथी १ आलि २ आवलि ३ पंक्ति ४ श्रेणी ५ ॥

—लेखास्तु राजयः ।

लकीरके नाम २—लेखा १ राजि २॥

वन्या वनसमूहे स्या—

वनके झुंडके नाम २—वन्या १ वनसमूह २ ॥

—दंकुरोऽभिनवो॥ङ्कुर ॥ ४ ॥

अंकुरके नाम २—अंकुर १ अभिनवोद्भिद २ ॥ ४ ॥

वृक्षो महीरुहः शाखी विटपी पादपस्तरुः । अनोकहः कुटः शालः पलाशी द्रुर्दुमागमाः ॥ ५ ॥

वृक्षके नाम १३—वृक्ष १ महीरुह २ शाखिन् ३ विटपिन् ४ पादप ५ तरु ६ अनोकह ७ कुट ८ शाल ९ पलाशिन् १० द्रु ११ द्रुम १२ अगम १३ ॥५॥

वानस्पत्यः फलैः पुष्पात्-

जो वृक्ष फलकर फले उसका नाम १—वानस्पत्य १ ॥

-तैरपुष्पाद्वनस्पतिः ।

जो कि फलने विना फले जैसे गूलर कटहर आदि उनका नाम १—वनस्पति १ ॥ (वृक्षमात्रको भी वनस्पति कहते हैं)

ओषध्यः फलपाकान्ताः स्यु-

फलकर पकनेपर नष्ट होनेवाले अर्थात् अन्न आदिका नाम १—ओषधी १

—वन्ध्य... ॥ ६ ॥

फलनेवाले वृक्षके नाम ३ अवन्ध्य १ फलेग्रहि २ ॥ ६ ॥

वन्ध्योऽफलोऽवकेशी च

जो नहीं फले उस वृक्षके नाम ३—वन्ध्य १ अफल २ अवकेशिन् ३ ॥

... फलिनः फली ।

फलयुक्त वृक्षके नाम ३ फलवत् १ फलिन २ फलिन् ३ ॥

प्रफुल्ले फुल्लमफुल्लव्याकोशविकचस्फुटाः ॥ ७ ॥

फुल्लश्चेत विकसिते—

फलयुक्त (विकसित) वृक्षके नाम ८—प्रफुल्ल १ उत्फुल्ल २ सम्फुल्ल ३ व्याकोश ४ विकच ५ स्फुट ६ ॥७॥ फुल्ल ७ विकसित ८ ।

—स्युरवन्ध्यादयस्त्रिषु ।

अवन्ध्य आदि शब्द तीनों लिंगोंमें होते ९ ॥

स्थाणुर्वा ना ध्रुवः शंकु-

ठूंठ वृक्षके नाम ३ स्थाणु १ ध्रुव २ शंकु ३ ॥

...स्वशाखाशिखाः क्षुपः ॥ ८ ॥

जिस वृक्षमें छोटे २ डाले और जड़े हों उसका नाम १ क्षुप १ ॥ ८ ॥

अप्रकाण्डे स्तम्बगुल्मौ—

जिसमें डालियां न हों उस वृक्षके नाम २—स्तम्ब १ गुल्म २ ॥

-वल्ली तु व्रततिर्लता ।

बेलके नाम ३—वल्ली १ व्रतति २ लता ३ ॥

लता प्रतानिनी वीरुद्गुल्मिन्यु-
लप इत्यपि ॥ ९ ॥

बड़ी लंबी बेलके नाम ३—वीरुत
१ गुल्मिनी २ उलप ३ ॥ ९ ॥

नगाद्यारोह उच्छ्राय उत्सेधश्चो-
च्छ्रयश्च सः ।

वृक्षादिककी ऊंचाईके नाम ३
उच्छ्राय १ उत्सेध २ उच्छ्रय ३ ॥

अस्त्री प्रकाण्डः स्कन्धः स्यान्मू-
ध्नश्छाग्वावधिस्तरोः ॥ १० ॥

तरुके शाखावाले पेड़के नाम २—
प्रकाण्ड १ स्कन्ध २ ॥ १० ॥

समे शाग्वालते-

डालके नाम २—शाखा १
लता २ ॥

-स्कन्धशाखाशाले-

प्रधानशाखा (मोटे डगों) के नाम
२— स्कन्धशाखा १ शाला २ ॥

-शिफाजटे ।

जड़के नाम २— शिफा १ जटा २ ॥

शाखाशिफावगोहः स्या-

अवरोहका नाम १ — अवगोह १ ॥

न्मूलाच्छाग्रं गता लता ॥ ११ ॥

मूलसे लेकर अग्रभागपर्यंत गई हुई-
गिलोय, आदिके बेलका नाम भी अव-
रोह है ॥ ११ ॥

शिरोऽग्रं शिखरं वा ना—

टीनके नाम २—शिरोग्र १ शिखर २ ॥

मूलं बुध्नोऽङ्घ्रिनामकः ।

मिट्टीके भीतरकी जड़के नाम ३—
मूल १ बुध्न २ अंघ्रिनामक मद जड़ ३ ॥

सारो मज्जा नि-

गूदेके नाम ३— सार १ मज्जन् २ ॥

—त्वक् स्त्री वल्के वल्कलमस्त्रि-
याम् ॥ १२ ॥

वृक्षकी छालके नाम ३—त्वच् १
वल्क २ वल्कल ३ ॥ १२ ॥

काष्ठे दा-

रुके नाम २—काष्ठ १ दारु २ ॥

[illegible]

[illegible]

स्तिष्कुटः कादरं वा ना—

स्तोकलके नाम २—स्तिष्कुट १ कादर २ ।

-वल्लूर्मिञ्जरिः स्त्रियौ ॥ १३ ॥

मंजरीके नाम २—वल्लूरि १ मंजरि
२ ॥ १३ ॥

पत्रं पलाशं छदनं दलं पर्ण छदः
पुमान् ।

पत्तोंके नाम ६— पत्र १ पलाश
२ छदन ३ दल ४ पर्ण ५ छद ६ ॥

पल्लवोऽस्त्री किसलयं-
कोंपलके नाम २-पल्लव १ किसलय-१
विस्तारो विटपोऽस्त्रियाम् ॥२४॥
डालोंके फैलनेके नाम २- विस्तार १ विटप २ ॥ १४ ॥
वृक्षादीनां फलं सस्यं-
वृक्षादिकोंके फलका नाम १- सस्य १ ॥
-वृन्तं प्रसवबन्धनम् ।
नाकूके नाम २-वृन्त १ प्रसवबन्धन २ ॥
आमे फले शलाटुः स्या-
कच्चे फलका नाम १- शलाटु १ ॥
च्छुष्के वान-
सूखे फलका नाम १- वान १ ॥
-मुभे त्रिषु ॥ १५ ॥
शलाटु और वान शब्द तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥ १५ ॥
क्षारको जालकं क्लीबे-
नई कली व कलीकी डंडीके नाम २-क्षारक १ जालक २ ॥
कलिका कोरकः पुमान् ।
विना फूली कलीके नाम २-कलिका १ कोरक २ ॥
स्याद्गुच्छकस्तु स्तवकः-
गुच्छेका नाम १- स्तवक १ ॥
-कुड्मलो मुकुलोऽस्त्रियाम् १६
अधफूली कलीके नाम २-कुड्मल १ मुकुल २ ॥ १६ ॥
स्त्रियः सुमनसः पुष्पं प्रसूनं कुसुमं सुमम् ।
फूलके नाम ५-सुमनस् १ पुष्प २ प्रसून ३ कुसुम ४ सुम ५ ॥
मकरन्दः पुष्परसः-
फूलके रसके नाम २- मकरन्द १ पुष्परस २ ॥
परागः सुमनोरजः ॥ १७ ॥
फूलकी धूलिके नाम २-पराग १ सुमनोरजस् २ ॥ १७ ॥
द्विहीनं प्रसवे सर्वं-
आगे अश्वत्थ आदिकोंके जो फल पुष्पादिकोंके नाम कहेंगे वह शब्द केवल नपुंसकलिंगमें ही होंगे॥
हरीतक्यादयः स्त्रियाम् ।
हरीतकी आदिकोंकी फलोंके वाचक(हरीतकी)आदि शब्द स्त्रीलिंगमें होंगे ॥
आश्वत्थैवणवप्लाक्षनैयग्रोधंगुदं फले ॥ १८ ॥ वार्हतं च-
(पीपलके फलका नाम) अश्वत्थ १ ॥ (बांसका फल) वैणव १ ॥ (पाकडके फलका नाम) प्लाक्ष १ ॥ (वटके फलका नाम) नैयग्रोध १ ॥

(इंगुदीके फलका नाम) ऐंगुद १॥१८ (भटकटैयाके फलका नाम) वार्हत १॥

—फले जम्ब्वा जम्बू स्त्री जम्बु जाम्बवम् ।

जामुनके फलके नाम३—जम्बू १ जम्बु २ जाम्बव ३ ॥

पुष्पे जातीप्रभृतयः स्वलिंगा—

जुहीके फलका नाम१—जाती १॥

—व्रीहयः फले ॥ २९ ॥

यव आदि धान्योंके फल भी यव आदि नामसे ही कहे जाते हैं जैसे यवका फल यव, माषका फल माष, मुद्गका फल मुद्ग ॥ १९ ॥

विदार्याद्यास्तु मूलेऽपि-

विदारी आदिकोंके जड पुष्प और फल भी विदारी आदि नामवाले ही होते हैं अर्थात् जाती आदि शब्दोंके पुष्पादिक भी स्वलिङ्ग ही होतेहैं ॥

—पुष्पे क्लीबेऽपि पाटला ।

पाटलाके पुष्पका नाम१—पाटला१॥ यह शब्द पुष्पका नाम होकर भी स्वलिङ्ग अर्थात् पाटलाका लिंग जो स्त्रीलिंग उसमें होता है ॥

बोधिद्रुमश्चलदलः पिप्पलः क्रुञ्जराशनः ॥ २० ॥

अश्वत्थ—

पीपलके नाम५—बोधिद्रुम १ चलदल २ पिप्पल ३ कुंजराशन ४ ॥ २० ॥ अश्वत्थ ५ ॥

—ऽथ कपित्थे स्युर्दधित्थग्राहिमन्मथाः । तस्मिन्दधिफलः पुष्पफलदन्तशठावपि ॥ २१ ॥

कथके नाम ७—कपित्थ १ दधित्थ २ ग्राहिन् ३ मन्मथ ४ दधिफल ५ पुष्पफल ६ दन्तशठ ७ ॥ २१ ॥

उदुम्बरो जन्तुफलो यज्ञाङ्गो हेमदुग्धकः ।

गूलरके नाम ४—उदुम्बर१ जन्तुफल २ यज्ञांग ३ हेमदुग्धक ४ ॥

कोविदारे चमरिकः कुद्दालो युगपत्रकः ॥ २२ ॥

कचनारके नाम ४—कोविदार १ चमरिक२ कुद्दाल३युगपत्रक३ ॥२२॥

सप्तपर्णो विशालत्वक्छारदो विषमच्छदः ।

छतिवनीके नाम ४—सप्तपर्ण विशालत्वच्१शारद ३ विषमच्छद४।

खनति तेन तद्वोढाऽस्येदं हालिकसैरिकौ ॥ ६४ ॥

हलमें चलनेवालेके नाम २-हालिक १ सैरिक २ ॥ ६४ ॥

धूर्वहे धुर्यधौरेयधुरीणाः सधुरंधराः ।

बोझा ढोनेवाले बैलके नाम ५-धूर्वह १ धुर्य २ धौरेय ३ धुरीण ४ धुरन्धर ५ ॥

एकधुरीणैकधुरावेकधुरावहे ॥ ६५ ॥

एक बोझेके ढोनेवालेके नाम ३-एकधुरीण १ एकधुर २ एकधुरावह ३॥६५॥

स तु सर्वधुरीणः स्याद्यो वै सर्वधुरावहः ।

जो सब बोझा ले चलै उसके नाम २-सर्वधुरीण १ सर्वधुरावह २ ॥

माहेयी सौरभेयी गौरस्त्री माता च शृंगिणी ॥ ६६ ॥ अर्जुन्यघ्न्या रोहिणी स्यात्-

गायके नाम ९-माहेयी १ सौरभेयी २ गौ ३ उस्रा ४ माता ५ शृंगिणी ६ ॥ ६६ अर्जुनी ७ अघ्न्या ८ रोहिणी ९ ॥

-उत्तमा गोषु नैचिकी ।

अच्छी गायका नाम १-नैचिकी १॥

वर्णादिभेदात्संज्ञाः स्युः शबलीधवलादयः ॥ ६७ ॥

चितकबरीका नाम १-शबली १॥ सफेदका नाम १-धवला १ ॥ ६७ ॥

द्विहायनी द्विवर्षा गौ-

दो वर्षकी गायके नाम २-द्विहायनी १ द्विवर्षा २ ॥

-रेकाब्दा त्वेकहायनी ।

एकवर्षकीके नाम २-एकाब्दा १ एकहायनी २ ॥

चतुरब्दा चतुर्हाय-

चार वर्षकीके नाम २-चतुरब्दा १ चतुर्हायणी २ ॥

-ण्येवं त्र्यब्दा त्रिहायणी॥६८॥

तीन वर्षकीके नाम २-त्र्यब्दा १ त्रिहायणी २ ॥ ६८ ॥

वशा वन्ध्या-

बांझके नाम २-वशा १ वंध्या २॥

-ऽवताका तु स्रवद्गर्भा-

जिसका अकस्मात् गर्भ गिर गया हो उस गायके नाम २-अवतोका १ स्रवद्गर्भा २ ॥

—थ सन्धिनी ।
आक्रान्ता वृषभेणा
बैलके साथ लगाई हुई गायका नाम १ संधिनी १॥

—थ वेहद्भोपवातिनी ॥ ६९ ॥
बैलके संयोगसे गर्भको गिरा देने-वाली गायके नाम २—वेहत् १ गर्भो-पघातिनी २ ॥ ६९ ॥

कालेयोपसर्या प्रजने—
जिसको गर्भ धारण करनेका समय हो उसका नाम १—उपसर्य्या १ ॥

—प्रष्ठौही बालगर्भिणी ।
पहलौनका नाम १—प्रष्ठौही १ ॥

स्यादचण्डी तु सुकरा—
सूधी गौके नाम २—अचण्डी १ सुकरा २ ॥

—बहुसूतिः पर्ष्टुका ॥ ७० ॥
बहुत दफे व्याई हुईके नाम २—बहुसूति १ पर्ष्टुका २ ॥ ७० ॥

चिरप्रसूता वष्कयिणी—
बकेन(बहुत दिनोंमें व्यानेवाली) गायके नाम २—चिरप्रसूता १ वष्क-यिणी २ ॥

—धेनुः स्यान्नवसूतिका ॥
नई व्याई हुईके नाम २—धेनु १ नवसूतिका ॥

सुव्रता सुखसन्दोह्या -
जो सरलतासे दुही जाय उस गायके नाम २—सुव्रता १ सुखसंदोह्या २ ॥

पीनोध्नी पीवरस्तनी ॥ ७१ ॥
बड़े आयनवालीके नाम२-पीनोध्नी १ पीवरस्तनी २ ॥ ७१ ॥

द्रोणक्षीरा द्रोणदुग्धा—
द्रोण(२सेर)दूध देनेवालीके नाम २—द्रोणक्षीरा १ द्रोणदुग्धा २ ॥

—धनुष्या बन्धके स्थिता ।
गिरवी रक्खी हुईका नाम १—धेनुष्या १ ॥

समांसमीना सा यैव प्रतिवर्षं प्रसूयते ॥ ७२ ॥
—प्रतिवर्ष ब्यानेवाली गौका नाम १—समांसमीना १ ॥ ७२ ॥

ऊधस्तु क्लीवमापीनं—
आयन (औहडी) के नाम २—ऊधस् १ आपीन २ ॥

—सर्म शिवककीलकौ ।
खूंटके नाम२—शिवक १कीलक२॥

न पुंसि दाम सन्दानं—
दुहनेके समय पांव बांधनेकी रस्सीके नाम २—दामन् १ संदान २ ॥

—पशुरज्जुस्तु दामनी॥ ७३ ॥
पशु बांधनेकी रस्सीके नाम२—पशुरज्जु १ दामनी २॥७३॥

वैशाखमन्थमन्थानमन्थानो मन्थदण्डके ।

मथनेका दंडा अर्थात् रईके नाम ५—वैशाख १ मन्थ २ मन्थान ३ मथिन् ४ मन्थदण्डक ५ ॥

कुटरो दण्डविष्कम्भो—

जिसमें रई बांधी जाय उस काष्ठके नाम २—कुटर १ दण्डविष्कम्भ २॥

मन्थनी गर्गरी समे ॥ ७४ ॥

मथनेके पात्रके नाम २—मन्थनी १ गर्गरी २ ॥ ७४ ॥

उष्ट्रे क्रमेलकमयमहांगाः—

ऊंटके नाम ४—उष्ट्र १ क्रमेलक २ मय ३ महांग ४ ॥

—करभः शिशुः ।

ऊंटके बच्चेके नाम २—करभ १ शिशु २ ॥

करभाः स्युः शृंखलका दारवैः पादबंधनैः ॥ ७५ ॥

काठसे पैर बंधे हुए बच्चेका नाम १—शृंखलक १ ॥ ७५ ॥

अजा छागी—

बकरीके नाम २—अजा १ छागी २ ॥

—शुभच्छागवस्तच्छगलका अजे ।

बकरेके नाम ५—शुभ १ छाग २ बस्त ३ छगलक ४ अज ५ ॥

मेढ्रोरभ्रोरणोर्णायुमेषवृष्णय एडके ॥ ७६ ॥

मेढेके नाम ७—मेढ्र १ उरभ्र २ उरण ३ ऊर्णायु ४ मेष ५ वृष्णि ६ एडक ७ ॥ ७६ ॥

उष्ट्रोरभ्राजवृन्दे स्यादौष्ट्रकौरभ्रकाजकम् ।

ऊंटोंके समूहका नाम १—औष्ट्रक १ ॥ मेढोंके समूहका नाम १—औरभ्रक १ ॥ अजों (बकरों) के समूहका नाम १—आजक १ ॥

चक्रीवन्तस्तु वालेया रासभा गर्दभाः खराः ॥ ७७ ॥

गधेके नाम ५—चक्रीवत् १ वालेय २ रासभ ३ गर्दभ ४ खर ५ ॥ ७७ ॥

वैदेहकः सार्थवाहो नैगमो वाणिजो वणिक् । पण्याजीवो ह्यापणिकः क्रयविक्रयिकश्च सः ॥ ७८ ॥

व्यापारीके नाम ८—वैदेहक १ सार्थवाह २ नैगम—३ वाणिज ४ वणिज् ५ पण्याजीव ६ आपणिक ७ क्रयविक्रयिक ८ ॥ ७८ ॥

विक्रेता स्याद्विक्रयिकः—

बेचनेवालेके नाम २—विक्रेतृ १ विक्रयिक २ ॥

--क्रायिककयिकौ समौ ।

मोल लेनेवालेके नाम२--क्रायिक १ क्रयिक २ ॥

वाणिज्यं तु वणिज्या स्या--

व्यापारके नाम २--वाणिज्य १ वणिज्या २ ॥

--न्मूल्यं वस्नोऽप्यवक्रयः ॥७९॥

मोलके नाम ३--मूल्य १ वस्न२ अवक्रय ३ ॥

नीवी परिषणो मूलधनं--

मूलधनके नाम ३--नीवी १ परिषण २ मूलधन ३ ॥

--लाभोऽधिकं फलम् ।

नफेके नाम ३--लाभ १ अधिक २ फल ३ ॥

परिदानं परीवर्तो नैमेयनिमयावपि ॥ ८० ॥

अदले बदलेके नाम ३--परिदान१ परीवर्त २ नैमेय ३ निमय ४ ॥८०॥

पुमानुपनिधिर्न्यासः--

धरोहरके नाम २--उपनिधि १न्यास२।

--प्रतिदानं तदर्पणम् ।

धरोहर लौटा देनेके नाम२--प्रतिदान १ तदर्पण २ ॥

क्रये प्रसारितं क्रय्यं--

बेचनेके अर्थ दुकानमें रक्खी हुई वस्तुका नाम १ क्रय्य १ ॥

क्रेयं क्रेतव्यमात्रके ॥ ८१ ॥

दुकानपर रखने योग्य वस्तुका नाम १ क्रेय १ ॥ ८१ ॥

विक्रेयं पणितव्यं च पण्यं--

बेचने योग्य वस्तुके नाम३--विक्रेय १ पणितव्य २ पण्य ३ ॥

--क्रय्यादयस्त्रिषु ।

क्रय्य आदि शब्द तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥

क्रीते मूल्यापनं सत्यङ्कारः सत्याकृतिः स्त्रियाम् ॥ ८२ ॥

साटे अर्थात् बयानेके नाम ३--सत्यापन १ सत्यङ्कार२ सत्याकृति ३॥८२॥

विपणो विक्रयः--

बेचनेके नाम२--विपण १ विक्रय२।

संख्याः संख्येये ह्यादश त्रिषु ।

एकसे अष्टादश पर्यंत संख्या गिनने योग्य वस्तुमें रहतीहै और वह संख्या शब्द संख्येय शब्दवत् तीनों लिंगोंमें होता है ॥

विंशत्याद्याः सदैकत्वे सर्वाः संख्येयसंख्ययोः ॥ ८३ ॥

विंशति(बीस) आदि संपूर्ण संख्या-(गिनती) और संख्येय अर्थात् गिनने योग्य वस्तुमें रहती है और विंशति आदि शब्द सदा एकवचन होते हैं ॥ ८३ ॥

संख्यायें द्विबहुत्वे स्त-

केवल गिनती अर्थवाले विंशति आदि शब्द द्विवचन और बहुवचनमें होते हैं ।

-स्तासु चानवतेः स्त्रियः ।

विंशति आदि नवतिपर्यंत शब्द स्त्रीलिंग होते हैं ॥

पंक्तेः शतसहस्रादि क्रमाद्दशगुणोत्तरम् ॥ ८४ ॥

दश संख्याका क्रमसे उत्तरोत्तर दश गुण शत सहस्र आदि संख्याएँ होती हैं ॥ ८४ ॥

यौतवं द्रव्यं पाथ्यमिति मानार्थकं त्रयम् ।

तोलके नाम ३-यौतव १ द्रव्य २ पाथ्य ३ ॥

मानं तुलाऽङ्गुलिप्रस्थैः

(तोल तीन प्रकारकी है) तुलामान १ अंगुलिमान २ प्रस्थमान ३ ॥

-गुञ्जाः पञ्चाद्यमाषकः॥ ८५ ॥

पांच रतीका शास्त्रोक्त माषा (मासा) होता है ॥ ८५ ॥

ते षोडशाक्षः कर्षोऽस्त्री-

सोलह मासेका एक अक्ष होता है उसको ही कर्ष कहते हैं ॥

-पलं कर्षचतुष्टयम् ।

चार कर्षका एक पल होता है ॥

सुवर्णाविस्तौ हेम्नोऽक्षे-

कर्षभर सुवर्णके नाम २-सुवर्ण १ विस्त २ ॥

-कुरुविस्तस्तु तत्पले ॥८६॥

पलभर सुवर्णका नाम १-कुरु विस्त २ ॥ ८६ ॥

तुला स्त्रियां पलशतं-

सौ पलका नाम १-तुला १ ॥

-भारः स्याद्विंशतिस्तुलाः ।

बीस तुलाका नाम १-भार १ ॥

आचितो दश भाराः स्युः-

दशभारका नाम १-आचित १ ॥

-शाकटो भार आचितः॥ ८७॥

शकटभर भारका नाम १-आचित १ ॥ ८७ ॥

कार्षापणः कार्षिकः स्यात्-

चांदीके रुपयेके नाम २ कार्षापण १ कार्षिक २ ॥

-कार्षिके ताम्रिके पणः ।

तांबेका कार्षापण अर्थात् पैसेका नाम १-पण १ ॥

अस्त्रियामाढकद्रोणौ खारी वाहो निकुञ्चकः ॥ ८८ ॥

कुडवः प्रस्थ इत्याद्याः परिमाणार्थकाः पृथक् ।

(चार सेरका नाम) आढक १॥ (आठ आढकका नाम) द्रोण १ ॥

(तीन द्रोणका नाम)खारी १॥(आठ द्रोणका नाम)वाह १॥ (मुट्ठीभरका नाम) निकुंचक १॥ ८८ ॥ (पावभरका नाम)कुडव १॥(सेरभरका नाम) प्रस्थ १ ॥ इत्यादि अलग २ तोलके नाम हैं ॥

पादस्तुरीयो भागः स्या-

चौथे भागका नाम १-पाद१ ॥

-दंशभागौ तु वण्टके ॥ ८९ ॥

बांट अर्थात् भागके नाम ३-अंश १ भाग २ वंटक ३ ॥ ८९ ॥

द्रव्यं वित्तं स्वापतेयं रिक्थमृक्थं धनं वसु । हिरण्यं द्रविणं द्युम्नमर्थरैविभवा अपि ॥ ९० ॥

धनके नाम १३-द्रव्य १ वित्त २ स्वापतेय ३ रिक्थ ४ ऋक्थ ५ धन ६ वसु ७ हिरण्य ८ द्रविण९द्युम्न१०अर्थ ११ रै १२ विभव १३ ॥९० ॥

स्यात्कोषश्च हिरण्यं च हेमरूप्ये कृताकृते ।

गडे वा नहीं गडे हुए सोने वा चांदीके नाम २-हिरण्य १ कोष२ ॥

ताभ्यां यदन्यतत्कुप्यं-

सोने चांदीसे अन्य ताम्रादि धातुका नाम १-कुप्य १ ॥

-रूप्यं तद्वयमाहतम् ॥ ९१ ॥

तांबा और चांदीके मिलाये हुएका नाम १--रूप्य १ ॥ ९१ ॥

गारुत्मतं मरकतमश्मगर्भौ हरिन्मणेः ।

मरकतमणिके नाम ४-गारुत्मत १ मरकत २ अश्मगर्भ ३ हरिन्मणि ४॥

शोणरत्नं लोहितकः पद्मरागो-

पद्मरागमणिके नाम३-शोणरत्न१ लोहितक २ पद्मराग ३ ॥

-ऽथ मौक्तिकम् ॥ ९२ ॥

मुक्ता-

मोतीके नाम२-मौक्तिक१॥९२॥ मुक्ता २ ॥

-ऽथ विद्रुमः पुंसि प्रवालः पुंनपुंसकम् ।

मूंगेके नाम २-विद्रुम १ प्रवाल२ ॥

रत्नं मणिर्द्वयोरश्मजातौ मुक्तादिकेऽपि च ॥ ९३ ॥

पद्मराग आदि पाषाण जाति और मुक्ताफल आदिके नाम २-रत्न १ मणि २॥ ९३ ॥

स्वर्णं सुवर्णं कनकं हिरण्यं हेम हाटकम् । तपनीयं शातकुम्भं गाङ्गेयं भर्म कर्बुरम् ॥ ९४ ॥ चामीकरं जातरूपं महारजतकाञ्चने । रुक्मं कार्तस्वरं जा-

स्यूनदमष्टापदोऽस्त्रियाम् ॥ ९५ ॥

सुवर्णके नाम १९--स्वर्ण १ सुवर्ण २ कनक ३ हिरण्य ४ हेमन् ५ हाटक ६ तपनीय ७ शातकुम्भ ८ गांगेय ९ भर्म्मन् १० कर्बुर ११ ॥ ९४ ॥ चामीकर १२ जातरूप १३ महारजत १४ कांचन १५ रुक्म १६ कार्त्तस्वर १७ जांबूनद १८ अष्टापद १९ ॥ ९५ ॥

अलंकारसुवर्णं यच्चूडाकनकभित्यदः ।

सुवर्णके गहनेका नाम १--शृंगीकनक १

दुर्वर्णं रजतं रूप्यं खर्जूरं श्वेतामिल्यपि ॥ ९६ ॥

चांदीके नाम ५--दुर्वर्ण १ रजत २ रूप्य ३ खर्जूर ४ श्वेत ५ ॥ ९६ ॥

रीतिः स्त्रियामारकूटो न स्त्रिया--

पीतलके नाम २--रीति १ आरकूट २

--अथ ताम्रकम् । शुल्वं म्लेच्छमुखं द्रुघणवरिष्ठा दुम्बरणि च ॥ ९७ ॥

तांबेके नाम ६--ताम्रक १ शुल्व २ म्लेच्छमुख १ द्रुघण ४ वरिष्ठ ५ उदुंबर ॥ ९७ ॥

लोहोऽस्त्री शस्त्रकं तीक्ष्णं पिण्डं कालायसायसी । अश्मसारो--

लोहेके नाम ७--लोह १ शस्त्रक २ तीक्ष्ण ३ पिण्ड ४ कालायस ५ अयस् ६ अश्मसार ७ ॥

--थ मण्डूरं सिंहाणमपि तन्मले ॥ ९८ ॥

लोहेके मल अर्थात् मंडूरके नाम २--मण्डूर १ सिंहाण २ ॥ ९८ ॥

सर्वं च तैजसं लोहं--

चांदी सोना लोहादि सर्व धातुओंका नाम १--लोह ॥

विकारस्त्वयसः कुशी ।

लोहेके फालका नाम १--कुशी १ ॥

क्षारः काचो--

कांचके नाम २--क्षार १ काच २ ॥

--ऽथ चपलो रसः सूतश्च पारदे ॥ ९९ ॥

पारेके नाम ४--चपल १ रस २ सूत ३ पारद ४ ॥ ९९ ॥

गवलं माहिषं शृंग--

भैंसेके सींगका नाम १--गवल १ ॥

--मभ्रकं गिरिजामले ।

अबरखके नाम ३-अभ्रक १ गिरिज २ अमल ३ ॥

स्रोतोऽञ्जनं तु सौवीरं कापोताञ्जनयामुने ॥ १०० ॥

सुर्माके नाम ४--स्रोतोंजन १ सौवीर २ कापोतांजन ३ यामुन ४ ॥ १०० ॥

तुत्थाञ्जनं शिखिग्रीवं विनुङ्ग-कमयूरके ।

तूतिया (नीलाथोथा)के नाम ४—तुत्थाञ्जन १ शिखिग्रीव २ विनुङ्ग ३ मयूरक ४ ॥

कर्बुरं दार्विका काथोद्भवं तुत्थं-

तूतियाके भेद ३—कर्बुर १ दार्विका २ तुत्थ ३ ॥

—रसाञ्जनम् ॥ १०१ ॥

रसगर्भं साधुवेशेष्ठं—

रसौतके नाम ३—रसाञ्जन १ ॥ १०१

रसगर्भ २ साधुवेशेष्ठ ३ ॥

गन्धाढ्यमपि तु गन्धिकः । सौगन्धिकश्च—

गन्धकके नाम ३—गन्धाढ्यमन् १ गन्धिक २ सौगन्धिक ३ ॥

—चक्षुष्याकुलयौ तु कुलत्थिका ॥ १०२ ॥

काले सुर्मेके नाम ३—चक्षुष्या १ कुलाली २ कुलत्थिका ३ ॥ १०२ ॥

गीतिपुष्पं पुष्पकेतु पौष्पकं कुसुमाञ्जनम् ।

पीतकोतपाके घिसनेसे जो अंजन बने उसके नाम ४—गीतिपुष्प १ पुष्पकेतु २ पौष्पक ३ कुसुमांजन ४ ॥

पिञ्जरं पीतनं तालं हरितालके च ॥ १०३ ॥

हरितालके नाम ५—पिञ्जर १ पीतन २ ताल ३ आल ४ हरितालक ५ ॥ १०३ ॥

गैरेयमश्मजं गिरिजमश्मजं च शिलाजतु ।

शिलाजीतके नाम ५—गैरेय १ अश्मज २ गिरिज ३ अश्मज ४ शिलाजतु ५ ॥

बोलगन्धरसप्राणपिण्डगोपरसाः समाः ॥ १०४ ॥

गन्धरसके नाम ५—बोल १ गन्धरस २ प्राण ३ पिण्ड ४ गोपरस ५ ॥ १०४

डिण्डीरोऽधिकफः फेनः—

समुंदरझागके नाम ३—डिंडीर १ अधिकफ २ फेन ३ ॥

—सिन्दूरं नागसंभवम् ।

सिंदूरके नाम २—सिंदूर १ नागसम्भव २ ॥

नागसीसकयोर्गोष्ठवंप्राणि—

सीसेके नाम ४—नाग १ सीसक २ योष्ट ३ वप्र ४ ॥

—त्रपु पिच्चटम् ॥ १०५ ॥

रङ्गवङ्गे—

रांगके नाम ४—त्रपु १ पिच्चट २ ॥ १०५ ॥ रंग ३ वंग ४ ॥

—अथ पित्तमूलो—

रुईके नाम २–पिचु १ तूल२ ॥

–ऽथ कमलोत्तरम् । स्यात्कुसुम्भं वह्निशिखं महारजनामित्यपि ॥ १०६ ॥

कुसुम्भके नाम४–कमलोत्तर१कुसुम्भ२वह्निशिख ३महारजन४॥१०६॥

मेषकम्बल ऊर्णायुः–

ऊनी कम्बलके नाम २–मेषकम्बल १ ऊर्णायु २ ॥

–शशोर्णे शशलोमनि ।

खरगोसकी ऊनके नाम २–शशोर्ण १ शशलोमन् २ ॥

मधु क्षौद्रं माक्षिकादि–

शहदके नाम ३–मधु १ क्षौद्र २ माक्षिक ३ ॥

मधूच्छिष्टं तु सिक्थकम्॥ १०७॥

मोमके नाम २–मधूच्छिष्ट१सिक्थक २ ॥ १०७ ॥

मनःशिला मनोगुप्ता मनोह्वा नागजिह्विका । नैपाली कुनटी गोला–

मैनशिलके नाम ७–मनःशिला१ मनोगुप्ता २ मनोह्वा ३ नागजिह्विका ४ नैपाली ५ कुनटी ६ गोला ७ ॥

–यवक्षारो यवाग्रजः ॥१०८ ॥ पाक्यो–

जवाखारके नाम ३–यवक्षार १ यवाग्रज २ ॥ १०८ ॥ पाक्य ३ ॥

–ऽथ सर्जिकाक्षारः कापोतः सुखवर्चकः सौवर्चलं स्याद्रुचकं–

सज्जीके नाम५–सर्जिकाक्षार१कापोत २ सुखवर्चक ३ सौवर्चल४रुचक२॥

–त्वक्क्षीरी वंशरोचना ॥१०९॥

वंशलोचनके नाम २–त्वक्क्षीरी १ वंशरोचना २ ॥ १०९ ॥

शिग्रुजं श्वेतमरिचं–

सफेदमिर्चके नाम २–शिग्रुज १ श्वेतमरिच २ ॥

मोरटं मूलमैक्षवम् ।

ईखकी जडका नाम १–मोरट१॥

ग्रन्थिकं पिप्पलीमूलं चटकाशिर इत्यपि ॥ ११० ॥

पीपलामूलके नाम ३–ग्रंथिक १ पिप्पलीमूल२–चटकाशिरस्३॥११०॥

गोलोमी भूतकेशो ना–

जटामांसीके नाम २–गोलोमी १ भूतकेश २ ॥

–पत्राङ्गं रक्तचन्दनम् ।

पतंगके नाम २–पत्रांग १ रक्तचन्दन २॥

त्रिकटु त्र्यूषणं त्र्योषं–

सोंठ पीपल मिर्च इन तीनोंके समूहके नाम ३–त्रिकटु १ त्र्यूषण २ त्र्योष ३ ॥

–त्रिफला तु फलत्रिकम् ॥ ११० ॥

आंवला हरड बहेडा इन तीनोंके समूहके नाम २–त्रिफला १ फलत्रिक २ ॥ ११० ॥

इति वैश्यवर्गः ॥ ९ ॥

अथ शूद्रवर्गः १०.

शूद्राश्चावरवर्णाश्च वृषलाश्च जघन्यजाः ।

शूद्रके नाम ४–शूद्र १ अवरवर्ण २ वृषल ३ जघन्यज ४ ॥

आचण्डालात्तु सङ्कीर्णा अम्बष्ठकरणादयः ॥ १ ॥

(ब्राह्मणीमें शूद्रसे उत्पन्न हो उसका नाम चण्डाल) चण्डालसे ले अम्बष्ठ करण आदिकोंका नाम १–सङ्कीर्ण १ ॥

शूद्राविशोस्तु करणो–

शूद्रामें वैश्यसे उत्पन्न हुएका नाम १–करण १ ॥

–ऽम्बष्ठो वैश्याद्विजन्मनोः ।

बननीमें ब्राह्मणसे उत्पन्न हो उसका नाम १–अम्बष्ठ १ ॥

शूद्राक्षत्रियययोरुग्रो–

शूद्रामें क्षत्रियसे उत्पन्न हुएका नाम १–उग्र १ ॥

–मागधः क्षत्रियाविशोः ॥ २ ॥

क्षत्रियाणीमें वैश्यसे उत्पन्न हुएका नाम १–मागध १ ॥ २ ॥

माहिष्यायाक्षत्रियययाः–

बननामें क्षत्रियसे उत्पन्न हुएका नाम १ माहिष्य १ ॥

–क्षत्ताऽऽर्यायाशूद्रयोः सुतः ।

बननीमें शूद्रसे उत्पन्न हुएका नाम १–क्षत्तृ १ ॥

ब्राह्मण्यां क्षत्रियात्सूत–

ब्राह्मणीमें क्षत्रियसे उत्पन्न हुएका नाम १–सूत १ ॥

स्तस्यां वैदेहको विशः ॥ ३ ॥

ब्राह्मणीमें वैश्यसे उत्पन्न हुएका नाम १–वैदेहक १ ॥ ३ ॥

रथकारस्तु माहिष्यात्करण्यां यस्य संभवः ।

करणीमें माहिष्यसे उत्पन्न हुएका नाम १–रथकार १ ॥

स्याच्चण्डालस्तु जानेता ब्राह्मण्यां वृषलेन यः ॥ ४ ॥

ब्राह्मणीमें शूद्रसे उत्पन्न हुएका नाम १–चण्डाल १ ॥ ४ ॥

कारुः शिल्पी–

कारीगरोंके नाम २–कारु १ शिल्पिन् २ ॥

संहतैस्तैर्द्वयोः श्रेणिः सजातिभिः ।
कारीगरोंके समूहका नाम १ श्रेणि १ ॥

कुलकः स्यात्कुलश्रेष्ठी—
कारीगरोंके अफसर अर्थात् मिस्तरी का नाम २—कुलक १ कुलश्रेष्ठी २ ॥

मालाकारस्तु मालिकः ॥५॥
मालीके नाम २ मालाकार १ मालिक २ ॥ ५ ॥

कुम्भकारः कुलालः स्यात्
कुम्भारके नाम २ कुम्भकार १ कुलाल २ ॥

पलगण्डस्तु लेपकः ।
कलगरके नाम २—पलगण्ड १ लेपक २ ॥

तन्तुवायः कुविन्दः स्यात्—
जुलाहेके नाम २—तन्तुवाय १ कुविन्द २ ॥

तुन्नवायस्तु सौचिकः ॥ ६ ॥
दरजीके नाम २—तुन्नवाय १ सौचिक २ ॥ ६ ॥

रंगाजीवश्चित्रकरः—
चित्रकारके नाम २ रङ्गाजीव १ चित्रकर २ ॥

—शस्त्रमार्जोऽभिधावकः ॥
शिकिलीगरके नाम २ शस्त्रमार्ज अभिधावक २ ॥

पादुकृच्चर्मकारः स्या—
चमारके नाम २—पादुकृत् १ चर्मकार २ ॥

—द्व्योकारो लोहकारकः ॥ ७ ॥
लोहारके नाम २ द्व्योकार १ लोहकारक २ ॥ ७ ॥

नाडिन्धमः स्वर्णकारः कलादो रुक्मकारकः ।
सुनारके नाम ४—नाडिन्धम १ स्वर्णकार २ कलाद ३ रुक्मकारक ४ ॥

स्याच्छाङ्खिकः काम्बविकः—
मनिहारके नाम २—शाङ्खिक १ काम्बविक २ ॥

शौल्विकस्ताम्रकुट्टकः ॥ ८ ॥
ठठेरेके नाम २—शौल्विक १ ताम्रकुट्टक २ ॥ ८ ॥

तक्षा तु वर्धकिस्त्वष्टा रथकारस्तु काष्ठतट् ।
बढ़ईके नाम ५—तक्षन् १ वर्धकि २ त्वष्टृ ३ रथकार ४ काष्ठतक्ष् ५ ॥

ग्रामाधिनो ग्रामतक्षः—
गांवके बढ़ईके नाम २—ग्रामाधीन १ ग्रामतक्ष २ ॥

—कौटतक्षोऽनवीनकः ॥ ९ ॥
स्वतन्त्र बढ़ईका नाम १—कौटतक्ष १ ॥ ९ ॥

क्षुरी मुण्डी दिवाकीर्तिनापितान्तावसायिनः ।

नाईके नाम ५–क्षुरिन् १ मुंडिन् २ दिवाकीर्ति ३ नापित ४ अन्तावसायिन् ५।

निर्णेजकः स्याद्रजकः–

धोबीके नाम २–निर्णेजक १ रजक २ ॥

–शौण्डिको मण्डहारकः ॥ १० ॥

कलालके नाम २–शौण्डिक १ मंडहारक २ ॥ १० ॥

जावालः स्यादजाजीवी–

गडरियेके नाम २–जावाल १ अजाजीव २ ॥

–देवाजीवस्तु देवलः ।

पण्डाके नाम २–देवाजीव १ देवल २ ॥

स्यान्माया शाम्बरी–

इन्द्रजालके नाम २–माया १ शांबरी २ ॥

–मायाकारस्तु प्रतिहारकः ॥ ११ ॥

इन्द्रजाली अर्थात् बाजीगरके नाम २ मायाकार १ प्रतिहारक २ ॥ ११ ॥

शैलालिनस्तु शैलूषो जायाजीवी कृशाश्विनः । भरता इत्यपि नटा–

नटके नाम ६–शैलालिन् १ शैलूष २ जायाजीव ३ कृशाश्विन् ४ भरत ५ नट ६ ॥

–उच्चारणास्तु कुशीलवाः ॥ १२ ॥

कत्थकके नाम २–चारण १ कुशीलव २ ॥ १२ ॥

मार्दंगिको मौरजिकः ।

मृदंगके बजानेवालेके नाम २–मार्दंगिक १ मौरजिक २ ॥

–पाणिवादास्तु पाणिघाः ।

ताली बजानेवालेके नाम २ पाणिवाद १ पाणिघ २ ॥

वेणुध्माः स्युर्वैणविका–

बांसुरी बजानेवालेके नाम २–वेणुध्म १–वैणविक २ ॥

–वीणावादस्तु वैणिकाः ॥ १३ ॥

वीणा बजानेवालेके नाम २–वीणावाद १ वैणिक २ ॥ १३ ॥

जीवान्तकः शाकुनिको–

चिडीमारके नाम २–जीवान्तक १ शाकुनिक २ ॥

–द्वौ वागुरिकजालिकौ ।

व्याधके नाम २–वागुरिक १ जालिक २ ॥

वैतंसिकः कौटिकश्च मांसिकश्च समं त्रयम् ॥ १४ ॥

कसाईके नाम ३–वैतंसिक १ कौटिक २ मांसिक ३ ॥ १४ ॥

भृतको भृतिमुक्कर्मकरो वैतनिकोऽपि सः ।

मजूरके नाम ४—भृतक १ भृतिभुज् २ कर्मकर ३ वैतनिक ४ ॥

वार्तावहो वैवधिको

दूतके नाम २—वार्तावह १ वैवधिक २ ॥

—भारवाहस्तु भारिकः ॥ १५ ॥

बोझा उठानेवालेके नाम २—भारवाह १ भारिक २ ॥ १५ ॥

विवर्णः पामरो नीचः प्राकृतस्तु पृथग्जनः । निर्हीनोऽपसदो जाल्मः क्षुद्रकश्चेतरश्च सः ॥ १६ ॥

नीचके नाम १०—विवर्ण १ पामर २ नीच ३ प्राकृत ४ पृथग्जन ५ निर्हीन ६ अपसद ७ जाल्म ८ क्षुद्रक ९ इतर १० ॥ १६ ॥

भृत्ये दासरदासेयदासगोप्यकचेटकाः । नियोज्यकिंकरप्रैष्यभुजिष्यपरिचारकाः ॥ १७ ॥

दास वा टहलुवेकेनाम ११—भृत्य १ दासेर २ दासेय ३ दास ४ गोप्यक ५ चेटक ६ नियोज्य ७ किंकर ८ प्रैष्य ९ भुजिष्य १० परिचारक ११ ॥ १७ ॥

परानीतपरिक्रीतपरजातपरैधिताः ।

जो दूसरेसे पाला जाय उसके अर्थात रहआके नाम ४—पराचित १ परिस्कन्द २ परजात ३ परधित ४ ॥

—मंदस्तुंदपरिमृज आलस्यं शीतकोऽलसोऽनुष्णः ॥ १८ ॥

आलसीके नाम ६—मंद १ तुन्दपरिमृज २ आलस्य ३ शीतक ४ अलस ५ अनुष्ण ६ ॥ १८ ॥

दक्ष तु चतुरपेशलपटवः सूत्थान उष्णश्च ।

चतुरके नाम ६ दक्ष १ चतुर २ पेशल ३ पटु ४ सूत्थान ५ उष्ण ६ ॥

चण्डालश्लेवमातंगदिवाकीर्तिजनंगमाः ॥ १९ ॥ निषादश्वपचावंतेवासिचांडालपुक्कसाः ।

चाण्डालके नाम १०—चण्डाल १ श्लेव २ मातङ्ग ३ दिवाकीर्ति ४ जनंगम ५ ॥ १९ ॥ निषाद ६ श्वपच ७ अन्तेवासिन् ८ चाण्डाल ९ पुक्कस १० ॥

भदाः किरातशबरपुलिंदा म्लेच्छजातयः ॥ २० ॥

म्लेच्छजातिके भेद जंगली गोमांस खानेवाले हेबूढे आदिके नाम ३—किरात १ शबर २ पुलिन्द ॥ २० ॥

व्याधो मृगवधाजीवो मृगयुर्लुब्धकोऽपि सः ।

मृग पकडनेवालेके नाम ४—व्याध १ मृगवधाजीव २ मृगयु ३ लुब्धक ४॥

कौलेयकः सारमेयः कुक्कुरो मृगदंशकः ॥ २१ ॥ शुनको भषकः श्वा स्या—

कुत्तेके नाम ७—कौलेयक १ सारमेय २ कुक्कुर ३ मृगदंशक ४॥ २१॥ शुनक ५ भषक ६ श्वन् ७ ॥

दलर्कस्तु स योगितः ।

प्रयोगमें उन्मत्त हुए कुत्तेका नाम १—अलर्क १ ॥

स्या विश्वकद्रुर्मृगयाकुशलः—

शिकारी कुत्तेका नाम १—विश्वकद्रु १ ॥

सरमा शुनी ॥ २२ ॥

कुत्तियाके नाम २—सरमा १ शुनी २ ॥ २२ ॥

विट्चरः सूकरो ग्राम्यो—

गांवके सूकरका नाम १—विट्चर १॥

—वर्करस्तरुणः पशुः ।

तरुणपशुका नाम १—वर्कर १ ॥

आच्छोदनं मृगव्यं स्यादाखेटो मृगया स्त्रियाम् ॥ २३ ॥

शिकारके नाम ४—आच्छोदन १ मृगव्य २ आखेट ३ मृगया ४ ॥२३॥

दक्षिणारुर्लुब्धयोगाद्दक्षिणेर्मा कुरङ्गकः ।

व्याधने जिस मृगके दहिने अंगमें मारा हो उसका नाम १—दक्षिणेर्मन् १॥

चौरैकागारिकस्तेनदस्युतस्करमोषकाः ॥ २४ ॥ प्रतिरोधिपरास्कन्दिपाटच्चरमलिम्लुचाः ।

चोरके नाम १०—चोर १ ऐकागारिक २ स्तेन ३ दस्यु ४ तस्कर ५ मोषक ६ ॥२४॥ प्रतिरोधिन् ७ परास्कन्दिन् ८ पाटच्चर ९ मलिम्लुच १०॥

चौरिका स्तैन्यचौर्ये च स्तेयं—

चोरीके नाम ४—चौरिका १ स्तैन्य २ चौर्य ३ स्तेय ४ ॥

लोप्त्रं तु तद्धने ॥ २५ ॥

चोरीके मालका नाम १—लोप्त्र॥ १२५॥

वीतंसस्तूपकरणं बन्धने मृगपक्षिणाम् ।

पक्षी वा मृगोंके पकडनेकी सामग्री अर्थात् जालादिका नाम १—वीतंस १॥

उन्नाथः कूट्यन्त्रं स्या—

काबकपींजरे आदिके नाम २—उन्नाथ १ कूटयन्त्र २ ॥

वागुरा मृगबन्धनी ॥२६॥

जालके नाम २—वागुरा १ मृगबन्धनी २ ॥ २६ ॥

शुल्बं वराटकं स्त्री तु रज्जुस्त्रिषु वटी गुणः ।

रस्सीके नाम ५—शुल्व १ वरा टक २ रज्जु ३ वटी ४ गुण ५ ॥

उद्घाटनं घटीयन्त्रे सलिलो-द्वाहनं प्रहः ॥ २७ ॥

अरहटके नाम २—उद्घाटन १ घटीयन्त्र २ ॥ २७ ॥

पुंसि वेमा वायदण्डः—

जुलाहेके कपडा बुननेके औजारके नाम २—वेमन् १ वायदण्ड २ ॥

—सूत्राणि नरि तन्तवः ।

सूतके नाम २—सूत्र १ तन्तु २॥

वाणिर्व्यूतिः स्त्रियौ तुल्ये—

कपडे आदिके बुननेके नाम २—वाणि १ व्यूति २ ॥

—पुस्तं लेप्यादिकर्माणि ॥२८॥

मिट्टी आदिसे लीपने पोतनेका नाम १—पुस्त १ ॥ २८ ॥

पाञ्चालिका पुत्रिका स्याद्-वस्त्रदन्तादिभिः कृता ।

गुडियां अर्थात् वस्त्रकी बनाई हुई पुत्तलीके नाम २—पांचालिका १ पुत्रिका २ ॥

जतुत्रपुविकारे तु जातुषं त्रापुषं त्रिषु ।

लाखके विकारका नाम १—जातुष १ रांगके विकारका नाम १—त्रापुष १ ॥

पिटकः पेटकः पेटा मञ्जूषा—

पिटारेके नाम ४—पिटक १ पेटक २ पेटा ३ मंजूषा ४ ॥

—ऽथ विहङ्गिका ॥ २९ ॥

—भारयष्टि—

वहंगी (खूंटी) के नाम २॥ विहंगिका १ ॥ २९ ॥ भारयष्टि २॥

—स्तदालम्बि शिक्यं काचो—

बहंगीके लीकेके नाम २—शिक्य १ काच २ ॥

—ऽथ पादुका । पादरुपानत्स्त्री-

जूतेके नाम ३—पादुका १ पादूर उपानत् २ ॥

—सैवानुपदीना पदायता ॥३०॥

मोजेका नाम १—अनुपदीना १ ॥ ३० ॥

नध्री वध्री वरत्रा स्या—

चमडेकी रस्सीके नाम ३—नध्री १ वध्री २ वरत्रा ३ ॥

—दश्वादेस्ताडनी कशा ।

कोडेका नाम १—कशा १ ॥

चाण्डालिका तु कण्डोलवीणा चण्डालवल्लकी ॥ ३१ ॥

किंगरीबाजोंके नाम ३—चाण्डालिका १ कण्डोलवीणा २ चण्डालवल्लकी ३ ॥३१॥

नाराची स्यादेषणिका-

कांटा अर्थात् सोना आदि तोलनेकी तराजूके नाम २-नाराची १ एषणिका २॥

-शाणस्तु निकषः कषः ।

कसोटीके नाम ३-शाण १ निकष २ कष ३ ॥

त्रश्चना पत्रपरशु-

रेतीके नाम २-त्रश्चना १ पत्रपरशु २॥

-रीषिका तूलिका समे ॥३२॥

सलाईके नाम २-ईषिका १ तूलिका २ ॥ ३२ ॥

तैजसा वर्तनी मूषा-

सुवर्ण इत्यादि धातु गलानेकी घरियाके नाम ३-तैजसा १ वर्तनी २ मूषा ३ ॥

-भस्त्रा चर्मप्रसेविका ।

फूकनीके नाम २-भस्त्रा १ चर्मप्रसेविका २ ॥

आस्फोटनी वेधनिका-

बर्मेके नाम २-आस्फोटनी १ वेधनिका २ ॥

-कृपाणी कर्तरी समे ॥ ३३ ॥

एक प्रकारकी कैंचीके नाम २-कृपाणी १ कर्तरी २ ॥ ३३ ॥

वृक्षादनी वृक्षभेदी-

वसूले आदिके नाम २-वृक्षादनी १ वृक्षभेदी २ ॥

-टंकः पाषाणदारणः ।

टांकी अर्थात् पत्थर फोडनेके हथियारके नाम २-टङ्क १ पाषाणदारण २॥

ककचोऽस्त्री करपत्र-

आरेके नाम २-ककच १ करपत्र २॥

-मारा चर्मप्रभेदिका ॥ ३४ ॥

आरीके नाम २-आरा १ चर्मप्रभेदिका २ ॥ ३४ ॥

सूर्मी स्थूणाऽयःप्रतिमा-

लोहेकी मूर्त्तिके नाम ३-सूर्मी १ स्थूणा २ अयःप्रतिमा ३ ॥

-शिल्पं कर्म कलादिकम् ।

कारीगरीका नाम १-शिल्प १ ॥

प्रतिमानं प्रतिबिम्बं प्रतिमाप्रतियातना प्रतिच्छाया ॥ ३५ ॥ प्रतिकृतिरर्चा पुंसि प्रतिनिधि-

प्रतिमा अर्थात् तसवीरके नाम ८-प्रतिमान १ प्रतिबिम्ब २ प्रतिमा ३ प्रतियातना ४ प्रतिच्छाया ५ ॥३५॥ प्रतिकृति ६ अर्चा ७ प्रतिनिधि ८ ॥

-रुपमोपमानं स्यात् ।

मिसाल और जिसकी मिसाल दी जाय उसके नाम २-उपमा १ उपमान २

वाच्यलिङ्गाः समस्तुल्यः सदृक्षः सदृशः सदृक् ॥ ३६ ॥ साधारणः समानश्च-

बराबरके नाम ७-सम १ तुल्य २

सदृश ३ सदृश ४ सदृश ५ ॥३६॥ साधारण ६ समान ७ ॥

—स्युरुत्तरपदे त्वमी । निभ-संकाशनीकाशप्रतीकाशोपमादयः ॥ ३७ ॥

समानके नाम ५—निभ १ संकाश २ नीकाश ३ प्रतीकाश ४ उपमा ५ ॥३७॥

कर्मण्या तु विधा भृत्या भृतयो भर्म वेतनम् । भरण्यं भरण मूल्यं निर्वेशः पण इत्यपि ॥ ३८ ॥

मजूरीके नाम ११—कर्मण्या १ विधा २ भृत्या ३ भृति ४ मर्मन् ५ वेतन ६ भरण्य ७ भरण ८ मूल्य ९ निर्वेश १० पण ११ ॥ ३८ ॥

सुरा हलिप्रिया हाला परिस्रुद्वरुणात्मजा । गन्धोत्तमाप्रसन्नेराकादम्बर्यः परिस्रुता ॥ ३९ ॥

मदिरा कश्यमद्ये च—

मदिरा अर्थात् शराबके नाम १३—सुरा १ हलिप्रिया २ हाला ३ परिस्रुत् ४ वरुणात्मजा ५ गन्धोत्तमा ६ प्रसन्ना ७ इरा ८ कादम्बरी ९ परिस्रुता १० ॥३९॥ मदिरा ११ कश्य १२ मद्य १३ ॥

—प्यवदंशस्तु भक्षणम् ।

मद्यपानकी रुचि उत्पन्न करनेके लिये भूंजा चना इत्यादि खानेका नाम १—अवदंश १ ॥

शुण्डापानं मदस्थानं—

मदिरा पीनेके स्थानके नाम २—शुण्डापान १ मदस्थान २ ॥

—मधुवारा मधुक्रमाः ॥ ४० ॥

मदिरा पीनेके समयकेनाम २—मधुवार १ मधुक्रम २ ॥ ४० ॥

मध्वासवो माधवको मधुमाध्वीकमद्ययोः ।

महुवासे उत्पन्न मदिराके नाम ४—मध्वासव १ माधवक २ मधु ३ माध्वीक ४ ॥

मैरेयमासवः सीधु-

गुडसीराकी मदिराके नाम ३—मैरेय १ आसव २ सीधु ३ ॥

—मदको जगलः समौ ॥ ४१ ॥

मदिराके फोकसके नाम २—मेदक १ जगल २ ॥ ४१ ॥

संधान स्यादभिषवः—

मदिरा करनेके नाम २—संधान १ अभिषव २ ॥

—किण्वं पुंसि तु नग्नहूः ।

तंडुलादि द्रव्यसे बने हुए मद्यके नाम २—किण्व १ नग्नहू २ ॥

कारोत्तरः सुरामण्ड—

मदिराके मण्डके नाम २—कारोत्तर १ सुरामण्ड २ ॥

आपानं पानगोष्ठिका ॥ ४२ ॥

दारूपीनेकी सभाके नाम २—आपान १ पानगोष्ठिका २ ॥ ४२ ॥

चषकोऽस्त्री पानपात्रं—

दारू पीनेके बर्तन (प्याले) के नाम २—चषक १ पानपात्र २ ॥

—सरकोऽत्यनुतर्षणम् ।

मदिरा पीनेके नाम २—सरक १ अनुतर्षण २ ॥

धूर्तोऽक्षदेवी कितवोऽक्षधूर्तो द्यूतकृत्समाः ॥ ४३ ॥

जुआरीके नाम ५—धूर्त १ अक्षदेविन् २ कितव ३ अक्षधूर्त ४ द्यूतकृत् ५ ॥ ४३ ॥

स्युर्लग्नकाः प्रतिभुवः ।

जामिनके नाम २—लग्नक १ प्रतिभू २ ॥

—समिका द्यूतकारकाः ।

जुआ खिलानेवालेके नाम २—समिक १ द्यूतकारक २ ॥

द्यूतोऽस्त्रियामक्षवती कैतवं पण इत्यपि ॥ ४४ ॥

जूएके नाम ४—द्यूत १ अक्षवती २ कैतव ३ पण ४ ॥ ४४ ॥

पणोऽक्षेषु ग्लहो—

बाजी लगानेके नाम २—पण १ ग्लह २ ॥

—ऽक्षास्तु देवनाः पाशकाश्च ते ।

पासेके नाम ३—अक्ष १ देवन २ पाशक ३ ॥

परिणायस्तु शारीणां समन्ताज्जयनेऽस्त्रियाम् ॥ ४५ ॥

सारक इधर उधर फेरनेवालेका नाम १ परिणाय १ ॥ ४५ ॥

अष्टापदं शारिफलं—

बिसायती (चौपड) के नाम २—अष्टापद १ शारिफल २ ॥

—प्राणिद्यूतं समाह्वयः ।

मुरगा आदि जीवोंकी लड़ाईरूप द्यूतके नाम २—प्राणिद्यूत १ समाह्वय २ ॥

उक्ता भूरिप्रयोगत्वादकस्मिन्नेव यौगिकाः ॥ ४६ ॥ तद्धर्म्यादन्यतो वृत्तावृह्या लिङ्गान्तरेऽपि ते ।

इस वर्गमें जो यौगिक मालाकार मादेंगिक वैणविक आदि शब्द काव्यादिकोंके अधिक प्रयोगके अनुसार केवल पुंलिंगमें ही कहे हैं वह शब्द व्याकरणके नियमानुसार स्त्रीलिंग नपुंसकलिंगमें भी होते हैं जैसे मालाकारकी स्त्री मालाकारी और मालाकारका कुल मालाकार इसी प्रकार सर्वत्र जानना ॥ ४६ ॥

इत्यमरसिंहकृतौ नामलिंगानुशासने । भूम्यादिकाण्डो द्वितीयः सांग एव समर्थितः ॥ ४७ ॥

इति श्रीमदमरसिंहविरचितामरकोशे ज्वालाप्रसादकृतभाषाटीकायां द्वितीयः काण्डः समाप्तः ॥ २ ॥

इति द्वितीयः काण्डः ॥ २ ॥

॥ श्रीः ॥

अथ तृतीय काण्डः ३.

अथ विशेष्यनिघ्नवर्गः १.

विशेष्यविघ्नैः संकीर्णैर्नानार्थैरव्ययैरपि । लिंगादिसंग्रहैर्वर्गाः सामान्ये वर्गसंश्रयाः ॥ १ ॥

इस सामान्य तृतीयकाण्डमें स्वर्गादि वर्गोंके आश्रित शब्द विशेष्यनिघ्नवर्ग संकीर्णवर्ग नानार्थवर्ग अव्ययवर्ग और लिंगादिसंग्रहवर्गके द्वारा कहेंगे १

स्त्रीदाराद्यैर्यद्विशेष्यं यादृशैः प्रस्तुतं पदैः । गुणद्रव्यक्रियाशब्दास्तथा स्युस्तस्य भेदकाः॥२ ॥

स्त्री दार आदि विशेष्यभूत पदोंमें जो लिङ्ग और संख्या हो वही लिंग और संख्या गुण और द्रव्य तथा क्रियावाचकशब्दोंमें होनेसे दार स्त्री आदि शब्दोंके गुण द्रव्य क्रियावाचक शब्द विशेषण हो सकते हैं जैसे 'सुकृतिनी स्त्री, सुकृतिनो दाराः, सुकृति कलत्रम् । दण्डिनी स्त्री, दण्डिनो दाराः, दण्डि कलत्रम्।पाचिका स्त्री, पाचका दाराः, पाचकं कलत्रम् ॥ २ ॥

सुकृती पुण्यवान् धन्यो-

भाग्यवान् पुरुषके नाम ३-सुकृतिन् १ पुण्यवत् २ धन्य ३ ॥

-महेच्छस्तु महाशयः ।

उदारचित्त पुरुषके नाम२-महेच्छ १ महाशय २ ॥

हृद्यालुः सुहृदयो-

शुद्धचित्त पुरुषके नाम २-हृदयालु १ सुहृदय २ ॥

-महोत्साहो महोद्यमः ॥ ३ ॥

बहुत उद्यम करनेवाले पुरुषके नाम २-महोत्साह १ महोद्यम २ ॥ ३ ॥

प्रवीणे निपुणाभिज्ञविज्ञनिष्णातशिक्षिताः । वैज्ञानिकः कृतमुखः कृती कुशल इत्यपि ॥ ४ ॥

चतुर पुरुषके नाम १०-प्रवीण १ निपुण २ अभिज्ञ ३ विज्ञ ४ निष्णात५ शिक्षित ६ वैज्ञानिक ७ कृतमुख ८ कृतिन् ९ कुशल १० ॥ ४ ॥

पूज्यः प्रतीक्ष्यः-

मान्य पुरुषके नाम २-पूज्य १ प्रतीक्ष्य ॥ २ ॥

—सांशयिकः संशयापन्नमानसः।

संशय करानेवाली वस्तुके नाम २—सांशयिक १ संशयापन्नमानस २ ॥

दक्षिणीयो दक्षिणार्हस्तत्र दक्षिण्य इत्यपि ॥ ५ ॥

दक्षिणाके योग्य पुरुषके नाम—३दक्षिणीय १ दक्षिणार्ह २ दक्षिण्य ३॥५॥

स्युर्वदान्यस्थूललक्ष्यदानशौण्डा बहुप्रदे।

अतिदानी पुरुषके नाम ४—वदान्य १ स्थूललक्ष्य २ दानशौण्ड ३ बहुप्रद ४॥

जैवातृकः स्यादायुष्मा—

दीर्घायु पुरुषके नाम २—जैवातृक १ आयुष्मत् १ ॥

—नन्तर्वाणिस्तु शास्त्रवित् ॥६॥

शास्त्रीके नाम २—अन्तर्वाणि १ शास्त्रविद् २ ॥ ६ ॥

परीक्षकः कारणिको—

परीक्षकके नाम २-परीक्षक १ कारणिक २

—वरदस्तु समर्धकः।

वरदान देनेवालेके नाम २—वरद १ समर्धक २ ॥

हर्षमाणो विकुर्वाणः प्रमना हृष्टमानसः ॥ ७ ॥

प्रसन्नके नाम ४—हर्षमाण १ विकुर्वाण—२ प्रमनस् ३ हृष्टमानस ४ ॥७॥

दुर्मना विमना अन्तर्मनाः—

उदास पुरुषके नाम ३—दुर्मनस् १ विमनस् २ अन्तर्मनस् ३ ॥

स्यादुत्क उन्मनाः।

उत्कण्ठायुक्त पुरुषके नाम २—उत्क १ उन्मनस् २ ॥

दक्षिणः सरलोदारौ—

सीधे पुरुषके नाम ३—दक्षिण १ सरल २ उदार ३ ॥

—सुकलो दातृभोक्तरि ॥ ८ ॥

दानी और भोगी पुरुषका नाम १—सुकृत १ ॥ ८ ॥

तत्परे प्रसितासक्ता—

कार्य्यविशेषमें चित्त लगानेवाले पुरुषके नाम ३—तत्पर १ प्रसित २ आसक्त ३॥

—विष्टार्थोद्युक्त उत्सुकः।

अभीष्टवस्तुके प्राप्त करनेमें तत्पर पुरुषके नाम २—इष्टार्थोद्युक्त १ उत्सुक २।

प्रतीते प्रथितख्याताविज्ञातविश्रुताः ॥ ९ ॥

प्रसिद्ध पुरुषके नाम ६—प्रतीत १ प्रथित २ ख्यात ३ विज्ञात ४ विश्रुत ५ ॥ ९ ॥

गुणैः प्रतीते तु कृतलक्षणाहितलक्षणौ।

गुणोंसे प्रसिद्ध पुरुषके नाम २—कृतलक्षण १ आहितलक्षण २ ॥

इभ्य आढ्यो धनी-

धनी पुरुषके नाम ३-इभ्य १ आढ्य २ धनिन् ३ ॥

-स्वामी त्वीश्वरः पतिरीशिता ॥९०॥ अधिभूर्नायको नेता प्रभुः परिवृढोऽधिपः ।

स्वामीके नाम १० स्वामिन् १ ईश २ पति ३ ईशितृ ४ ॥ १० ॥ अधिभू५ नायक ६ नेतृ ७ प्रभु ८ परिवृढ ९ अधिप १० ॥

अभिजात्यैः सयुक्तः स्यात्-

सत्कुलीन पुरुषके नाम २ अभिजात १ समृद्ध २ ॥

-कुटुम्बव्यापृतस्तु यः ॥११॥ स्यादुपाधिकरस्तस्मिन्नुपधिश्च पुमानयम् ।

कुटुम्बके पालनकरनेमें लगे पुरुषके नाम ३-कुटुम्बव्यापृत १ ॥ ११ ॥ अधिकर २ उपाधि ३ ॥

वराङ्गरूपोपेतो यः सिंहसंहननो हि सः ॥ १२ ॥

अंग और रूपसे अतिश्रेष्ठ पुरुषका नाम १-सिंहसंहनन १ ॥ १२ ॥

निर्वार्यः कार्यकर्ता यः सम्पन्नः सत्त्वसम्पदा ।

जो दुःखमें भी प्रसन्नताके साथ कार्य किया करता है उस पुरुषका नाम १-निर्वार्य १ ॥

अवाचि मूकः-

मूक पुरुषके नाम २-अवाच् १ मूक १ ॥

-ऽथ मनोजवसः पितृसन्निभः ॥ १३ ॥

जो पुरुष पिताके समान माना जाय उस पुरुषके नाम २-मनोजवस् १ पितृसंनिभ २ ॥ १३ ॥

सत्कृत्यालंकृतां कन्यां यो ददाति स कूकुदः ।

जो वरको आदरपूर्वक वस्त्रभूषण सहित कन्यादान दे उस पुरुषका नाम १-कूकुद १ ॥

लक्ष्मीवाँल्लक्षणः श्रीलः श्रीमान-

शोभावान्के नाम ४-लक्ष्मीवत् १ लक्षण २ श्रील ३ श्रीमत् ४ ॥

-स्निग्धस्तु वत्सलः ॥ १४ ॥

स्नेही पुरुषके नाम २-स्निग्ध १ वत्सल २ ॥ १४ ॥

स्याद्दयालुः कारुणिकः कृपालुः सूरतः समाः ।

दयावान् पुरुषके नाम ४-दयालु १ कारुणिक २ कृपालु ३ सूरत ॥ ४ ॥

स्वतन्त्रोऽपावृतः स्वैरी स्वच्छन्दो निरवग्रहः ॥ १५ ॥

स्वतन्त्र पुरुषके नाम ५—स्वतन्त्र १ अपावृत २ स्वैरिन् ३ स्वच्छन्द ४ निरवग्रह ५ ॥ १५ ॥

परतन्त्रः पराधीनः परवान्नाथवानपि ।

पराधीन पुरुषके नाम ४—परतन्त्र १ पराधीन २ परवत् ३ नाथवत् ४ ॥

अधीनो निघ्न आयत्तोऽस्वच्छन्दो गृह्यकोऽप्यसौ ॥ १६ ॥

अधीनके नाम ५—अधीन १ निघ्न २ आयत्त ३ अस्वच्छन्द ४ गृह्यक ५ ॥ १६ ॥

खलपूः स्याद्बहुकरो—

बुहारने झारनेवाले मनुष्यके नाम २—खलपू १ बहुकर २ ॥

—दीर्घसूत्रश्चिरक्रियः ।

दीर्घसूत्र (थोडी देरके कामको बहुत देरमें करनेवालों) के नाम २—दीर्घसूत्र १ चिरक्रिय २ ॥

जाल्मोऽसमीक्ष्यकारी स्यात्—

बिना बिचारे कार्यकरनेवाले पुरुषके नाम २—जाल्म १ असमीक्ष्यकारिन् २ ॥

—कुण्ठो मन्दः क्रियासु यः ॥ १७ ॥

आलसी वा मूढ पुरुषका नाम १—कुण्ठ १ ॥ १७ ॥

कर्मक्षमोऽलंकर्मीणः—

कार्य्य करनेमें समर्थ पुरुषके नाम २—कर्मक्षम १ अलंकर्मीण २ ॥

—क्रियावान्कर्मसूद्यतः ।

कार्य करनेमें तत्पर पुरुषका नाम १—क्रियावत् १ ॥

स कार्मः कर्मशीलो यः—

जो नित्यकाममें लगा रहै उस पुरुषके नाम २—कार्म १ कर्मशील २ ॥

—कर्मशूरस्तु कर्मठः ॥ १८ ॥

प्रयत्नपूर्वक जो कार्यको समाप्त करै उस पुरुषके नाम २—कर्मशूर १ कर्मठ २ ॥ १८ ॥

भरण्यभुक्कर्मकरः—

मजदूरके नाम २—भरण्यभुज् १ कर्मकर २ ॥

—कर्मकारस्तु तत्क्रियः ।

विना मजूरीके भी जो कार्य करदेय उस पुरुषका नाम १—कर्मकार १ ॥

अपस्नातो मृतस्नात—

किसीके मरनेके अनन्तर स्नानकिये हुए पुरुषके नाम २—अपस्नात १ मृतस्नात २ ॥

आमिषाशी तु शौष्कुलः ॥ १९ ॥

मांस खानेवाले पुरुषके नाम २—आमिषाशिन् १ शौष्कुल २ ॥ १९ ॥

बुभुक्षितः स्यात्क्षुधितो जिघत्सुरशनायितः।

भूखे पुरुषके नाम ४—बुभुक्षित १ क्षुधित २ जिघत्सु २ अशनायित ४ ॥

परान्नः परपिण्डादो—

जो पराये ही अन्नसे जीता हो उस पुरुषके नाम २—परान्न १ परपिण्डाद २ ॥

—भक्षको घस्मरोऽग्रः ॥ २० ॥

खानवालेके नाम ३—भक्षक १ घस्मर २ अग्र ३ ॥ २० ॥

आद्यूनः स्यादौदरिको विजिगीषाविवर्जितः।

अत्यन्त ही भूखे पुरुषके नाम २—आद्यून १ औदरिक २ ॥

उभौ त्वात्मंभरिः कुक्षिंभरिः स्वोदरपूरके ॥ २१ ॥

पेटको ही भरनेवाले पुरुषके नाम २—आत्मम्भरि १ कुक्षिम्भरि २ ॥ २१ ॥

सर्वान्नीनस्तु सर्वान्नभोजी—

जो सब वर्णोंका अन्न भोजन कर लेता हो उस पुरुषके नाम २—सर्वान्नीन १ सर्वान्नभोजिन् २ ॥

—गृध्नस्तु गर्धनः।

लुब्धोऽभिलाषुकस्तृष्णक्—

लोभी पुरुषके नाम ५—गृध्न १ गर्धन २ लुब्ध ३ अभिलाषुक ४ तृष्णज् ५ ॥

—समौ लोलुपलोलुभौ ॥ २२ ॥

अतिलोभीके नाम २—लोलुप १ लोलुभ २ ॥ २२ ॥

सोन्मादस्तून्मादिष्णुः स्या—

उन्मत्त पुरुषके नाम २—सोन्माद १ उन्मदिष्णु २ ॥

—दविनीतः समुद्धतः।

अन्यायी पुरुषके नाम २—अविनीत १ समुद्धत २ ॥

मत्ते शौण्डोत्कटक्षीबाः—

मतवालेके नाम ४—मत्त १ शौण्ड २ उत्कट ३ क्षीब ४ ॥

—कामुके कमिताऽनुकः ॥ २३ ॥

कम्रः कामयिताऽभीकः कमनः कामनोऽभिकः।

कामीके नाम ९—कामुक १ कमितृ २ अनुक ३ ॥ २३ ॥ कम्र ४ कामयितृ ५ अभीक ६ कमन ७ कामन ८ अभिक ९ ॥

विधेयो विनयग्राही वचने—स्थित आश्रवः ॥ २४ ॥

वचन ग्रहण करनेवाले पुरुषके नाम ४—विधेय १ विनयग्राहिन् २ वचनेस्थित ३ आश्रव ४ ॥ २४ ॥

वश्यः प्रणेयो—

वशीभूतके नाम २—वश्य १ प्रणेय २

—निभृतविनीतप्रश्रिताः समाः।

नम्र पुरुषके नाम ३–निभृत १ विनीत २ प्रश्रित ३ ॥

धृष्टे धृष्णग्वियातश्च–

धीठ पुरुषके नाम ३–धृष्ट १ धृष्णजू २ वियात ३ ॥

–प्रगल्भः प्रतिभान्विते ॥ २५॥

अति धीठ निर्भय पुरुषके नाम २–प्रगल्भ १ प्रतिभान्वित २ ॥२५॥

स्यादधृष्टे तु शालीनो–

लज्जावान् पुरुषके नाम २–अधृष्ट १ शालीन २ ॥

–विलक्षो विस्मयान्विते ।

अचम्भेमें पडे हुए पुरुषके नाम २–विलक्ष १ विस्मयान्वित २ ॥

अधीरे कातरः–

व्याकुल हुए पुरुषके नाम २–अधीर १ कातर २ ॥

–त्रस्ते भीरुभीरुकभीलुकाः २६॥

डरपोकके नाम ४–त्रस्त १ भीरु २ भीरुक ३ भीलुक ४ ॥२६॥

आशंसुराशांसितरि–

इष्ट अर्थप्राप्तिकी ईच्छावाले पुरुषके नाम २–आशंसु १ आशंसितृ २ ॥

–गृहयालुर्ग्रहीतरि ।

लेनेके स्वभाववाले पुरुषके नाम २–गृहयालु १ ग्रहीतृ २ ॥

श्रद्धालुः श्रद्धया युक्ते–

श्रद्धायुक्त स्वभाववाले पुरुषका नाम १–श्रद्धालु १ ॥

–पतयालुस्तु पातुके ॥२७॥

गिरनेके स्वभाववाले पुरुषके नाम २–पतयालु १ पातुक २ ॥२७॥

लज्जाशीलेऽपत्रपिष्णु -

लज्जाशील पुरुषके नाम २–लज्जाशील १ अपत्रपिष्णु २ ॥

–वन्दारु भिवादके ।

वन्दना करनेके स्वभाववाले पुरुषके नाम २–वन्दारु १ अभिवादक २ ॥

शरारुर्घातुकी हिंस्रः–

हिंसा करनेके स्वभाववाले पुरुषके नाम ३–शरारु १ घातुक २ हिंस्र ३॥

–स्याद्वर्द्धिष्णुस्तु वर्धनः॥२८॥

बढनेके स्वभाववाले पुरुषके नाम २–वर्द्धिष्णु १ वर्धन २ ॥२८॥

उत्पतिष्णुस्तूत्पातिता–

कूदनेके स्वभाववालेके नाम २–उत्पतिष्णु १ उत्पतितृ २ ॥

–उलंकारिष्णुस्तु मण्डनः ।

भूषण आदि पहरनेके स्वभाववालेके नाम २–अलंकरिष्णु १ मंडन २ ॥

भूष्णुर्भविष्णुर्भविता–

होनेके स्वभाववालेके नाम ३–भूष्णु १ भविष्णु २ भवितृ ३ ॥

वर्तिष्णुर्वर्तनः समौ ॥ २९ ॥

वर्त्ताव करनेके स्वभाववालेके नाम २—वर्तिष्णु १ वर्त्तन २ ॥ २९ ॥

निराकरिष्णुः क्षिप्नुः स्यात्—

तिरस्कार करनेके स्वभाववालेके नाम २—निराकरिष्णु १ क्षिप्नु २ ॥

स्निग्धस्तु भदुरः ।

स्वन और चिकनेका नाम १—मेदुर ॥ १ ॥

ज्ञाता तु विदुरोविन्दु—

जाननेके स्वभाववालेके नाम ३—ज्ञातृ १ विदुर २ विन्दु ३ ॥

—विकासी तु विकस्वरः ॥ ३० ॥

खिलनेके स्वभाववालेके नाम २—विकासिन् १ विकस्वर २ ॥ ३० ॥

विसृत्वरो विसृमरः प्रसारी च विसारिणि ।

फैलनेके स्वभाववालेके नाम ४—विसृत्वर १ विसृमर २ प्रसारिन् ३ विसारिन् ४ ॥

सहिष्णुः सहनः क्षन्ता तितिक्षुः क्षमिता क्षमी ॥ ३१ ॥

सहनशीलवालेके नाम ६—सहिष्णु १ सहन २ क्षन्तृ ३ तितिक्षु ४ क्षमितृ ५ क्षमिन् ६ ॥ ३१ ॥

क्रोधनोऽमर्षणः कोपी—

क्रोधके स्वभाववालेके नाम ३—क्रोधन १ अमर्षण २ कोपिन् ३ ॥

—चण्डस्त्वत्यन्तकोपनः ।

अत्यन्त क्रोधके स्वभावालेके नाम २—चण्ड १ अत्यन्तकोपन २ ॥

जागरूको जागरिता—

जागनेके स्वभाववालेके नाम २—जागरूक १ जागरितृ २ ॥

—वृर्णितः प्रचलायितः ॥ ३२ ॥

घूरनेवालेके नाम २—घूर्णित १ प्रचलायित २ ॥ ३२ ॥

स्वप्नकछयालुर्निद्रालु—

निद्रालुके नाम ३—स्वप्नक १ शयालु २ निद्रालु ३ ॥

—निद्राणशयितौ समौ ।

शयनकरनेवालेके नाम २—निद्राण १ शयित २ ॥

पराङ्मुखः पराचीनः—

विमुखके नाम २—पराङ्मुख १ पराचीन २ ॥

—स्यादवाङप्यवोमुखः ॥ ३३ ॥

नीचेको मुख करनेवालेके नाम २—अवाच् १ अधोमुख २ ॥ ३३ ॥

देवानञ्चति देवयङ्—

देवताओंकी पूजा करनेवालेका नाम १—देवयच् १ ॥

—विष्वद्यङ् विष्वगञ्चति ।

सब ओर जानेवालेका नाम १—विष्वद्यच् १ ॥

यः सहाञ्चति सध्र्यङ् सः

साथ रहनेवालेका नाम १—सध्र्यच् १ ॥

—स तिर्यङ् यस्तिरश्चीनः ॥ ३४ ॥

टेढे चलनेवालेका नाम १—तिर्यङ् १ ॥ ३४ ॥

वदो वदावदो वक्ता—

वक्ताके नाम ३—वद १ वदावद २ वक्तृ ३ ॥

—वागीशो वाक्पतिः समौ ।

चातुर्ययुक्त बोलनेवालेके नाम २—वागीश १ वाक्पति २ ॥

वाचोयुक्तिपटुर्वाग्मी वावदूकोऽतिवक्तरि ॥ ३५ ॥

शास्त्रानुसार अत्यन्त बोलनेवालेके नाम ४—वाचोयुक्तिपटु १ वाग्मिन् २ वावदूक ३ अतिवक्तृ ४ ॥ ३५ ॥

स्याज्जल्पाकस्तु वाचालो वाचाटो बहुगर्ह्यवाक् ।

अतिनिन्दित भाषण करनेवालेके नाम ४—जल्पाक १ वाचाल २ वाचाट ३ बहुगर्ह्यवाच् ॥ ४ ॥

दुर्मुखे मुखरावद्धमुखौ—

अप्रिय बोलनेवालेके नाम ३—दुर्मुख १ मुखर २ अवद्धमुख ३ ॥

शङ्कुः प्रियंवदे ॥ ३६ ॥

प्रियबोलने वालेके नाम २—शङ्कु १ प्रियंवद २ ॥ ३६ ॥

लोहलः स्यादस्फुटवा—

जो स्फुट न बोलता हो उस पुरुषके नाम २—लोहल १ अस्फुटवाच् २ ॥

—गर्ह्यवादी तु कद्वदः ।

निन्दित वाक्य बोलनेवाले पुरुषके नाम २—गर्ह्यवादिन् १ कद्वद २ ॥

समौ कुवादकुचरौ—

बुराई कहनेवालेके नाम २—कुवाद १ कुचर २ ॥

स्यादसौम्यस्वगोऽस्वरः ॥ ३७ ॥

रूखे स्वरवालेके नाम २—असौम्यस्वर १ अस्वर २ ॥ ३७ ॥

रवणः शब्दनो—

चिल्लानेवालेके नाम २—रवण १ शब्दन २ ॥

—नान्दीवादी नान्दीकरः समौ ।

नान्दीवादी अर्थात् नाटकके आरम्भमें स्तुतिविशेष करनेवालेके नाम २—नान्दीवादिन् १ नान्दीकर २ ॥

जडोऽज्ञ—

महामूर्खके नाम २—जड १ अज्ञ २ ॥

—एडमूकस्तुः वक्तुं श्रोतुमशिक्षिते ॥ ३८ ॥

जो गूंगा बहिरा दोनों हो उसका नाम १-एडमूक १ ॥ ३८ ॥

तूष्णींशीलस्तु तूष्णीको-

मौन रहनेवाले पुरुषके नाम २-तूष्णींशील १ तूष्णीक २ ॥

-नग्नोऽवासा दिगम्बरे ।

नग्नपुरुषके नाम ३-नग्न १ अवासस् २ दिगम्बर ३ ॥

निष्कासितोऽवकृष्टः स्या-

निकाले हुएके नाम २-निष्कासित १ अवकृष्ट २ ॥

-दपध्वस्तस्तु धिक्कृतः ॥ ३९ ॥

धिक्कार दिये हुए पुरुषके नाम २-अपध्वस्त १ धिक्कृत २ ॥ ३९ ॥

आत्तगर्वोऽभिभूतः स्या-

तिरस्कारको प्राप्त हुए पुरुषके नाम २-आत्तगर्व १ अभिभूत २ ॥

-दापितः साधितः समौ ।

धनादि दिवाकर वशमें किये हुए पुरुषके नाम २-दापित १ साधित २ ॥

प्रत्यादिष्टो निरस्तः स्यात्प्रत्याख्यातो निराकृतः ॥ ४० ॥

निरादरको प्राप्त हुए पुरुषके नाम ४-प्रत्यादिष्ट १ निरस्त २ प्रत्याख्यात ३ निराकृत ४ ॥ ४० ॥

निकृतः स्याद्विप्रकृतो-

बुरे रूपवालेके नाम २-निकृत १ विप्रकृत २ ॥

-विप्रलब्धस्तु वञ्चितः ।

ठगे हुए पुरुषके नाम २-विप्रलब्ध वञ्चित २ ॥

मनोहतः प्रतिहतः प्रतिबद्धो हतश्च सः ॥ ४१ ॥

मनोहत पुरुषके नाम ४-मनोहत १ प्रतिहत २ प्रतिबद्ध ३ हत ४ ॥ ४१ ॥

अधिक्षिप्तः प्रतिक्षिप्तो-

जिसके ऊपर आक्षेप किया गया हो उस पुरुषके नाम २-अधिक्षिप्त १ प्रतिक्षिप्त २ ॥

-बद्धे कीलितसंयतौ ।

बांधे हुएके नाम ३-बद्ध १ कीलित २ संयत ३ ॥

आपन्न आपत्प्राप्तः स्यात्-

आपत्तिको प्राप्त हुए पुरुषके नाम २-आपन्न १ आपत्प्राप्त २ ॥

कांदिशीको भयद्रुतः ॥ ४२ ॥

भयसे भागे हुएके नाम २-कांदिशीक १ भयद्रुत २ ॥ ४२ ॥

आक्षारितः क्षारितोऽभिशस्ते-

मैथुनके निमित्त वृथा दोष लगाये हुए पुरुषके नाम ३- आक्षारित १ क्षारित २ अभिशस्त ३ ॥

—संकसुकोऽस्थिरे ।

चंचल स्वभाववाले पुरुषके नाम २—संकसुस १ अस्थिर २ ॥

व्यसनार्तोपरक्तौ द्वौ—

दैवी और मानुषी पीड़ासे युक्त पुरुषके नाम ३—व्यसनार्त्त १ उपरक्त २ ॥

—विहस्तव्याकुलौ समौ ॥४३॥

शोकादिसे व्याकुल पुरुषके नाम २—विहस्त १ व्याकुल २ ॥ ४३ ॥

विक्लवो विह्वलः—

—विक्लवपुरुषके नाम २—विक्लव १ विह्वल २ ॥

—स्यात्तु विवशोऽरिष्टदुष्टधीः ।

मरणके समीप आनेसे जिसकी बुद्धि विपरीत हो जाय उस पुरुषके नाम २—विवश १ अरिष्टदुष्टधी ॥ २ ॥

कश्यः कशार्हे—

बेतमारने योग्यके नाम २—कश्य १ कशार्ह २ ॥

—सन्नद्धे त्वाततायी वधोद्यते ४४॥

मारनेको उद्यतका नाम १—आततायिन् १ ॥ ४४ ॥

द्वेष्ये त्वक्षिगतो—

द्वेष करने लायकके नाम २—द्वेष्य १ अक्षिगत २ ॥

—वध्यः शीर्षच्छेद्य इमौ समौ ॥

शिरकाटने योग्यके नाम २—वध्य १ शीर्षच्छेद्य २ ॥

विष्यो विषेण यो वध्यो—

विषकरके मारने योग्यका नाम १—विष्य १ ॥

—मुसल्यो मुसलेन यः ॥ ४५॥

मुसलसे मारने योग्यका नाम १—मुसल्य १ ॥ ४५ ॥

शिश्विदानोऽकृष्णकर्मा—

पापकर्म न करनेवाले पुरुषके नाम २—शिश्विदान १ अकृष्णकर्मन् २ ॥

चपलश्चिकुरः समौ ।

विना दोष विचारे मारनेवालेके नाम २—चपल १ चिकुर २ ॥

दोषैकदृक्पुरोभागी—

केवल दोषकी ही दृष्टि करनेवालेके नाम २—दोषैकदृश् १ पुरोभागिन् २ ॥

—निकृतस्त्वनृजुः शठः ॥ ४६॥

कुटिलहृदयके नाम ३—निकृत १ अनृजु २ शठ ३ ॥ ४६ ॥

कर्णेजपः सूचकः स्यात्—

चुगलखोरके नाम २—कर्णेजप १ सूचक २ ॥

—पिशुनो दुर्जनः खलः ।

आपसमें भेद करानेवालेके नाम ३—पिशुन १ दुर्जन २ खल ३ ॥

नृशंसो घातुकः क्रूरः पापो-

घातक अथवा कठोरपुरुषके नाम ४ -नृशंस १ घातुक २ क्रूर ३ पाप ४॥

-धूर्तस्तु वञ्चकः ॥ ४७ ॥

ठगके नाम २- धूर्त १ वञ्चक २॥४७॥

अज्ञे मूढ्यथाजातमूर्खवैधेयवालिशाः ।

मूर्खके नाम ६ - अज्ञ १ मूढ २ यथाजात ३ मूर्ख ४ वैधेय ५ वालिश ६॥

कदर्ये कृपणक्षुद्रकिंपचानमितंपचाः ॥ ४८ ।

कृपणके नाम ५ - कदर्य १ कृपण २ क्षुद्र ३ किंपचान ४ मितम्पच ५॥४८॥

निःस्वस्तु दुर्विधो दीनो दरिद्रो दुर्गतोऽपि सः ।

दरिद्र पुरुषके नाम ५ निःस्व १- दुर्विध २ दीन ३ दरिद्र ४ दुर्गत ५ ॥

वनीयको याचनको मार्गणो याचकार्थिनौ ॥ ४९ ॥

मांगनेवालेके नाम ५-वनीयक १ याचनक २ मार्गण ३ याचक ४ अर्थिन् ५॥ ४९॥

अहंकारवानहंयुः-

अहंकारयुक्त पुरुषके नाम २ अहंकारवत् १ अहंयु २ ॥

-शुभंयुस्तु शुभान्वितः ।

शुभयुक्त पुरुषके नाम २- शुभंयु १ शुभान्वित २ ॥

दिव्योपपादुका देवा-

देवताओंका नाम १ -दिव्योपपादुक १ ॥

-नृगवाद्या जरायुजाः ॥ ५० ॥

मनुष्य, गौ आदि 'जरायुज' कहलाते हैं ॥ ५० ॥

स्वेदजाः कृमिदंशाद्याः-

कीडा और डांस आदि 'स्वेदज' कहलाते हैं ॥

-पक्षिसर्पादयोऽण्डजाः ।

पक्षी, सर्पादि 'अण्डज' कहलाते हैं ॥

(इति प्राणिवर्गः)

उद्भिदस्तरुगुल्माद्या-

वृक्ष, वेल, घास आदि 'उद्भिद्' कहलाते हैं ॥

उद्भिदुद्भिज्जमुद्भिदम ॥ ५१ ॥

उद्भिद्के नाम ३- उद्भिद् १ उद्भिज्ज २ उद्भिद ३ ॥ ५१ ॥

सुन्दरं रुचिरं चारु सुषमं साधु शोभनम् । कान्तं मनोरमं रुच्यं मनोज्ञं मञ्जु मञ्जुलम् ॥ ५२ ॥

सुन्दरके नाम १२ सुन्दर १ रुचिर २

चारु ३ सुषम ४ साधु ५ शोभन ६ कान्त ७मनोरम ८हृद्य ९ मनोज्ञ १० मञ्जु ११ मंजुल १२ ॥ ५२ ॥

तदासेचनकं तृप्तेर्नास्त्यन्तो यस्य दर्शनात् ।

जिसके देखनेसे तृप्तिके अन्तको प्राप्त न हो उसका नाम १-आसेचनक १ ॥

अभीष्टेऽभीप्सितं हृद्यं दयितं वल्लभं प्रियम् ॥ ५३ ॥

प्रियके नाम ६-अभीष्ट १ अभीप्सित २ हृद्य ३ दयित ४ वल्लभ ५ प्रिय ६ ॥ ५३ ॥

निकृष्टप्रतिकृष्टावरेफयाप्यावमाधमाः । कुपूयकुत्सितावद्यखेटगर्ह्याणकाः समाः ॥ ५४ ॥

अधमके नाम १३-निकृष्ट १प्रतिकृष्ट २ अर्वन् ३ रेफ ४याप्य ५ अवम ६ अधम ७ कुपूय ८ कुत्सित ९अवद्य १० खेट ११गर्ह्य १२ अणक १३॥५४॥

मलीमसं तु मलिनं कच्चरं मलदूषितम् ।

मलिनके नाम ४-मलीमस १ मलिन २ कच्चर ३ मलदूषित ४॥

पूतं पवित्रं मेध्यं च-

पवित्रके नाम ३-पूत १ पवित्र २ मेध्य ३॥

-वीध्रं तु विमलार्थकम् ॥५५॥

स्वभावसे निर्मलके नाम २-वीध्र १ विमलार्थक २ ॥ ५५ ॥

निर्णिक्तं शोधितं मृष्टं निःशोध्यमनवस्करम् ।

शुद्ध किये हुएके नाम ५-निर्णिक्त १ शोधित २ मृष्ट ३ निःशोध्य ४ अनवस्कर ५ ॥

असारं फल्गु-

असार वस्तुके नाम २-असार १ फल्गु २।

-शून्यं तु वशिकं तुच्छरिक्तके ॥ ५६ ॥

शून्यके नाम ४-शून्य १ वशिक २ तुच्छ ३ रिक्तक ४ ॥ ५६ ॥

क्लीबे प्रधानं प्रमुखप्रवेकानुत्तमोत्तमाः । मुख्यवर्यवरेण्याश्च प्रवर्हेऽनवरार्ध्यवत् ॥ ५७ ॥
परार्ध्याग्र्याग्रहरप्राग्र्याग्र्याग्रीयमग्रियम् ।

प्रधानके नाम १७-प्रधान १ प्रमुख २ प्रवेक ३ अनुत्तम ४ उत्तम ५ मुख्य ६ वर्य्य ७ वरेण्य ८ प्रवर्ह ९ अनवरार्ध्य १० ॥५७॥ परार्ध्य ११ अग्र्य १२ प्राग्रहर १३ प्राग्र्य १४ अग्र्य १५ अग्रीय १६ अग्रिय १७ ॥

श्रेयान् श्रेष्ठः पुष्कलःस्यात्तत्तमश्चातिशोभने ॥ ५८ ॥

अति सुन्दरके नाम ५–श्रेयस् १ श्रेष्ठ २ पुष्कल ३ सत्तम ४ अतिशोभन ५ ॥ ५८ ॥

स्युरुत्तरपदे व्याघ्रपुंगवर्षभकुञ्जराः । सिंहशार्दूलनागाद्याः पुंसि श्रेष्ठार्थगोचराः ॥ ५९ ॥

व्याघ्र, पुंगव, ऋषभ, कुञ्जर, सिंह, शार्दूल, नागादि शब्दोंके उत्तर आनेसे श्रेष्ठ अर्थके वाचक होते हैं जैसे पुरुषव्याघ्र, द्विजपुङ्गव इत्यादि ॥५९॥

अप्राध्र्यं द्वयहीने ङ अप्रधानोपसर्जने ।

अप्रधानके नाम ३–अप्राध्र्य १ अप्रधान २ उपसर्जन ३ ॥

विशङ्कटं पृथु बृहद्विशालं पृथुलं महत् ॥ ६० ॥ वड्रोरुविपुलं–

चौडेके नाम ९–विशङ्कट १ पृथु २ बृहत् ३ विशाल ४ पृथुल ५ महत् ६ ॥ ६० ॥ वड्र ७ उरु ८ विपुल ९ ॥

–पीनपीव्नी तु स्थूलपीवरे ।

मोटेके नाम ४ पीन १ पीवन् २ स्थूल ३ पीवर ४ ॥

स्तोकाल्पक्षुल्लकाः सूक्ष्मं श्लक्ष्णं दभ्रं कृशं तनु ॥ ६१ ॥ स्त्रियां मात्रा त्रुटिः पुंसि लवलेशकणाणवः ।

थोडेके नाम १४–स्तोक १ अल्प २ क्षुल्लक ३ सूक्ष्म ४ श्लक्ष्ण ५ दभ्र ६ कृश ७ तनु ८ ॥६१॥ मात्रा ९ त्रुटि १० लव ११ लेश १२ कण १३ अणु १४ ॥

अत्यल्पेऽल्पिष्ठमल्पीयः कनीयोऽणीय इत्यपि ॥ ६२ ॥

अतिअल्पके नाम ४–अल्पिष्ठ १ अल्पीयस् २ कनीयस् ३ अणीयस् ४ ॥ ६२ ॥

प्रभूतं प्रचुरं प्राज्यमदभ्रं बहुलं बहु । पुरुहूः पुरु भूयिष्ठं स्फारं भूयश्च भूरि च ॥ ६३ ॥

बहुतके नाम १२–प्रभूत १ प्रचुर २ प्राज्य ३ अदभ्र ४ बहुल ५ बहु ६ पुरुहू ७ पुरु ८ भूयिष्ठ ९ स्फार १० भूयस् ११ भूरि १२ ॥ ६३ ॥

परःशताद्यास्ते येषां परा संख्या शतादिकात् ।

जिनकी संख्या शतसे अर्थात् सहस्रादिसे अधिक हो वह परःशत आदि कहलाते हैं ।

गणनीये तु गणेयं–

गिननेयोग्य वस्तुके नाम २–गणनीय १ गणेय २ ॥

–संख्याते गणितं–

गिने हुएके नाम २–संख्यात १ गणित २ ॥

–मथ समं सर्वम् ॥ ६४ ॥ विश्वमशेषं कृत्स्नं समस्तानिखिलाखिलानि निःशेषम् । समग्रं सकलं पूर्णमखण्डं स्यादनूनके॥ ६५॥

सम्पूर्णके नाम १४–सम १ सर्व २ ॥ ६४ ॥ विश्व ३ अशेष ४ कृत्स्न ५ समस्त ६ निखिल ७ अखिल ८ निःशेष ९ समग्र १० सकल ११ पूर्ण १२ अखण्ड १३ अनूनक १५ ॥ ६८ ॥

घनं निरन्तरं सान्द्रं–

घनके नाम ३–घन १ निरन्तर २ सान्द्र ३॥

–पेलवं विरलं तनु ।

–छितरे (छीदे)के नाम ३–पेलव १ विरल २ तनु ३ ॥

समीपे निकटासन्नसन्निकृष्टसनीडवत् ॥ ६६ ॥ सदेशाभ्याशसविधसमर्यादसवेशवत् । उपकण्ठान्तिकाभ्यर्णाभ्यग्रा अप्यभितोऽव्ययम् ॥ ६७ ॥

समीपके नाम १५–समीप १ निकट २ आसन्न ३ सन्निकृष्ट ४ सनीड ५ ॥ ६६ ॥ सदेश ६ अभ्याश ७ सविध ८ समर्याद ९ सवेश १० उपकण्ठ ११ अन्तिक १२ अभ्यर्ण १३ अभ्यग्र १५ अभित १५ ॥ ६७ ॥

संसक्ते त्वव्यवहितमपदान्तरमित्यपि ।

मिले हुएके नाम ३–संसक्त १ अव्यवहित २ अपदान्तर ३ ॥

नेदिष्ठमन्तिकतमं–

अतिसमीपके नाम २–नेदिष्ठ १ अन्तिकतम २ ॥

–स्यादूरं विप्रकृष्टकम् ॥ ६८॥

दूरके नाम २–दूर १ विप्रकृष्ट २॥ ६८॥

दवीयश्च दविष्ठं च सुदूरं–

अत्यन्तदूरके नाम ३–दवीयस् १ दविष्ठ २ सुदूर ३ ॥

–दीर्घमायतम् ।

लम्बेके नाम २–दीर्घ १ आयत २॥

वर्तुलं निस्तलं वृत्तं–

गोलके नाम ३–वर्तुल १ निस्तल २–वृत्त ३ ॥

–बन्धुरं तून्नतानतम् ॥ ६९ ॥

ऊँचेनीचेके नाम ३–बन्धुर १ उन्नतानत २ ॥ ६९ ॥

उच्चप्रांशून्नतोदग्रोच्छ्रितास्तुङ्ग–

ऊंचके नाम ६–उच्च १ प्रांशु २ उन्नत ३ उदग्र ४ उच्छ्रित ५ तुङ्ग ६ ॥

–ऽथ वामने ।

न्यङ्नीचखर्वह्रस्वाः स्यु–

बौने पुरुषके नाम ५–वामन १ न्यङ् २ नीच ३ खर्व ४ ह्रस्व ५ ॥

-रवाग्रेऽवनतानतम् ॥ ७०

नमे हुएके नाम ३-अवाग्र १ अवनत २ आनत ३ ॥ ७० ॥

अराले वृजिनं जिह्ममूर्मिमत्कुञ्चितं नतम् । आविद्धं कुटिलं भुग्नं वेल्लितं वक्रमित्यपि ॥७१॥

टेढेके नाम ११-अराल १ वृजिन २ जिह्म ३ ऊर्मिमत् ४ कुञ्चित ५ नत ६ आविद्ध ७ कुटिल ८ भुग्न ९ वेल्लित १० वक्र ११ ॥ ७१ ॥

ऋजावजिह्मप्रगुणौ-

सीधेके नाम ३-ऋजु १ अजिह्म २ प्रगुण ३ ॥

-व्यस्ते त्वप्रगुणाकुलौ ।

व्याकुलके नाम ३-व्यस्त १ अप्रगुण २ आकुल ३ ॥

शाश्वतस्तु ध्रुवो नित्यसदातनसनातनाः ॥ ७२ ॥

नित्यके नाम ५-शाश्वत १ ध्रुव २ नित्य ३ सदातन ४ सनातन ५ ॥ ७२ ॥

स्थास्नुः स्थिरतरः स्थेया-

अतिस्थिरके नाम ३-स्थास्नु १ स्थिरतर २ स्थेयस् ३ ॥

-नेकरूपतया तु यः ।

कालव्यापी स कूटस्थः

निश्चल रहनेवालेका नाम १-कूटस्थ १

-स्थावरो जङ्गमेतरः ॥ ७३ ॥

वृक्षादिके नाम २-स्थावर १ जंगमेतर २ ॥ ७३ ॥

चरिष्णु जङ्गमवः त्रसाभिङ्ग चराचरम् ।

चलनेवालेके नाम ६-चरिष्णु १ जंगम २ चर ३ त्रस ४ इंग ५ चराचर ६ ॥

चलनं कम्पनं कम्प्रं चलं लोलं चलाचलम् ॥ ७४ ॥ चञ्चलं तरलं चैव पारिप्लवपरिप्लवे ।

कांपनेके नाम १०-चलन १ कंपन २ कम्प ३ चल ४ लोल ५ चलाचल ६ ॥ ७४ ॥ चञ्चल ७ तरल ८ पारिप्लव ९ परिप्लव १० ॥

अतिरिक्तः समधिको-

अधिकके नाम २-अतिरिक्त १ समधिक २ ॥

-दृढसंधिस्तु संहतः ॥ ७५ ॥

मिलापके नाम २-दृढसंधि १ संहत २ ॥ ७५ ॥

कर्कशं काठिनं क्रूरं कठोरं निष्ठुरं दृढम् ॥ जठरं मूर्तिमन्मूर्त-

कठिनके नाम ९-कर्कश १ कठिन २ क्रूर ३ कठोर ४ निष्ठुर ५ दृढ ६ जठर ७ मूर्तिमत् ८ मूर्त ९ ॥

–प्रवृद्धं प्रौढमेधितम् ॥ ७६ ॥

बढे हुएके नाम ३–प्रवृद्ध १प्रौढ २ एधित ३ ॥ ७६ ॥

पुराणे प्रतनप्रत्नपुरातनचिरंतनाः ।

पुरानेके नाम ५–पुराण १ प्रतन २ प्रत्न ३ पुरातन ४ चिरन्तन ५॥

प्रत्यग्रोऽभिनवो नव्यो नवीनो नूतनो नवः ॥ ७७ ॥ नूत्नश्च–

नयेके नाम ७–प्रत्यग्र १अभिनव २ नव्य ३ नवीन ४ नूतन ५ नव ६ ॥ ७७ ॥ नूत्न ७ ॥

–सुकुमारं तु कोमलं मृदुलं मृदु ।

सुकुमारके नाम ४–सुकुमार १कोमल २ मृदुल ३ मृदु ४॥

अन्वगन्वक्षमनुगेऽनुपदं क्लीबमव्ययम् ॥ ७८ ॥

पीछेके नाम ४–अन्वक् १अन्वक्ष २ अनुग ३ अनुपद ४ ॥ ७८ ॥

प्रत्यक्षं स्यादैन्द्रियक–

प्रत्यक्षके नाम २–प्रत्यक्ष १ऐन्द्रियक २ ॥

–मप्रत्यक्षमतीन्द्रियम् ।

जो न दीखे उसके नाम २-अप्रत्यक्ष १ अतीन्द्रिय २ ॥

एकतानोऽनन्यवृत्तिरेकाग्रैकायनावपि ॥ ७९ ॥ अप्येकसर्गएकाग्र्योऽप्येकायनगतोऽपि सः ॥

एकाग्रके नाम ७–एकतान १ अनन्यवृत्ति २ एकाग्र ३ एकायन ४ ॥ ७९ ॥ एकसर्ग ५ एकाग्र्य ६ एकायनगत ७॥

पुंस्यादिः पूर्वपौरस्त्यप्रथमाद्या–

पहिलेके नाम ५–आदि १पूर्व २ पौरस्त्य ३ प्रथम ४ आद्य ५ ॥

–अथास्त्रियाम् ॥ ८० ॥

अन्तो जघन्यं चरममन्त्यपाश्चात्यपश्चिमाः ।

पिछलेके नाम ६–॥ ८० ॥ अन्त १ जघन्य २ चरम ३ अन्त्य ४ पाश्चात्य ५ पश्चिम ६ ॥

मोघं निरर्थकं–

व्यर्थके नाम २–मोघ १निरर्थक २ ॥

–स्पष्टं स्फुटं प्रव्यक्तमुल्वणम् ॥ ८१ ॥

स्पष्टके नाम ४–स्पष्ट १ स्फुट २ प्रव्यक्त ३ उल्वण ४ ॥ ८१

साधारणं तु सामान्य–

सामान्यके नाम २–साधारण १ सामान्य २ ॥

–मेकाकी त्वेक एककः ।

अकेलेके नाम ३–एकाकिन् १एक २ एकक ३ ॥

भिन्नार्थका अन्यतर एकस्त्वोऽन्येतरावपि ॥ ८२ ॥

अन्यके नाम६–भिन्न१ अन्यतर २ एक ३ त्व ४ अन्य ५ इतर६॥८२॥

उच्चावचं नैकभेद–

अनेक प्रकारके नाम२–उच्चावच१ नैकभेद २ ॥

–मुच्चण्डमविलम्बितम् ।

शीघ्रके नाम २–उच्चण्ड१ अविलंबित २ ॥

अरुंतुदस्तु मर्मस्पृ–

मर्मभेदके नाम २–अरुन्तुद १ मर्मस्पृश् २ ॥

–गबाधं तु निरर्गलम् ॥८३॥

जिसके कोई बाधा न हो उसके नाम २ अबाध १ निरगल २॥८३॥

प्रसव्यं प्रतिकूलं स्यादपसव्यमपष्ठु च।

विपरीतके नाम ४–प्रसव्य१ प्रतिकूल २ अपसव्य ३ अपष्टु ४ ॥

वामं शरीरं सव्यं स्या–

बांये अंगका नाम १–सव्य १ ॥

–दपसव्यं तु दक्षिणम् ॥ ८४ ॥

दहिने अंगका नाम १–अपसव्य १ ॥ ८४ ॥

संकटं ना तु संबाधः–

संकट (भीड मार्गआदि) के नाम २–संकट १ संबाध २ ॥

–कलिलं गहनं समे ।

जो बडे ही दुःखसे प्राप्त होनेके योग्य हो उसके नाम २–कलिल१ गहन२ ॥

संकीर्णे संकुलाकीर्णे–

नाना जातिके लोगोंके एकत्र बैठनेके नाम३–संकीर्ण१ संकुल२ आकीर्ण ३ ॥

–मुण्डितं परिवापितम् ॥ ८५ ॥

मुण्डे हुएके नाम२–मुण्डित १ परिवापित २ ॥ ८५ ॥

ग्रन्थितं सान्दितं दृब्धं–

गण्ठे हुएके नाम ३–ग्रन्थित १ संदित २ दृब्ध ३ ॥

–विसृतं विस्तृतं ततम् ।

उत्साहने च हिंसायां सूचने चापि गन्धनम् ।

गंधन-सूचना करना वा चुगलीखाना हिंसा तथा उत्साह देना वा भरोसा देना

आतञ्जनं प्रतीवापजवनाप्यायनार्थकम् ॥ ११५ ॥

आतञ्जन-वेग, तप करना तथा दूधमें मट्ठा डालना ॥ ११५ ॥

व्यञ्जनं लाञ्छनं श्मश्रुनिष्ठानावयवेष्वपि ।

व्यञ्जन—चिह्न, दाढी मूछ, निष्ठान तथा अङ्ग ॥

स्यात्कौलीनं लोकवादे युद्धे पश्वहिपक्षिणाम् ॥ ११६ ॥

कौलीन-लोकापवाद वा लोकनिंदा तथा पशु सर्प पक्षीका युद्ध ॥ ११६ ॥

स्यादुद्यानं निःसरणे वनभेदे प्रयोजने ।

उद्यान—बगीचा, निकलना तथा प्रयोजन ॥

अवकाशे स्थितौ स्थानं--क्रीडादावपि देवनम् ॥ ११७ ॥

स्थान—अवकाश और स्थिति ॥

देवन—क्रीडा व्यवहार तथा जीतनेकी इच्छा ॥ ११७ ॥

उत्थानं पौरुषे तन्त्रे संनिविष्टोद्भवेऽपि च ।

उत्थान—उठना वा खडा होन उद्योग, कुटुम्बकार्य, सिद्धान्त तथा उत्तम औषध ॥

व्युत्थानं प्रतिरोधे च विरोधाचरणेऽपि च ॥ ११८ ॥

व्युत्थान—तिरस्कार या अनादर वैरोध करना तथा स्वतन्त्रतासे काम करना ॥ ११८ ॥

मारणे मृतसंस्कारे गतौ द्रव्येऽर्थदापने । निर्वर्तनौपकरणानुव्रज्यासु च साधनम् ॥ ११९ ॥

साधन—पारा इत्यादि रसायनका बनाना, चलना, पृथ्वी जल इत्यादि द्रव्य धन दौलत दिलवाना, धनहत्यादिका पैदा करना, उपाय, पीछे पीछे चलना, पुरुषका मूत्रेन्द्रिय, तथा मृतक वा अग्निसंस्कार ॥ ११९

निर्यातनं वैरशुद्धौ दाने न्यासार्पणेऽपि च ।

निर्यातन—वैरशोधन, दान तथा धरोहर देना ॥

व्यसनं विपाद भ्रंशे दोषे कामजकोपजे ॥ १२० ॥

व्यसन-विपत्ति, भ्रंश, नाश वा पतन; कामज दोष तथा कोपज दोष ॥ १२०

पक्ष्माक्षिलोम्नि किंजल्के तन्त्वाद्यंशेऽप्यणीयसि ।

पक्ष्मन्–नेत्रोंके पलक, केसर, सूतका टुकडा, अतिअल्प ॥

तिथिभेदे क्षणे पर्व–

पर्वन्–अष्टमी दर्श आदि तिथि, उत्सव ॥

–वर्त्मनेत्रच्छदेऽध्वनि॥१२१॥

वर्त्मन्–मार्ग वा रास्ता तथा आँखके पलक ॥ १२१ ॥

–अकार्यगुह्ये कौपीनं–

कौपीन–अकार्य और गुह्य तथा कौपीन ॥

–मैथुनं संगतौ रते ।

मैथुन–स्त्री पुरुषका संयोग तथा रति ॥

प्रधानं परमात्मा धीः–

प्रधान–प्रधान वा मुख्य तथा राजाका मुख्य सहाय, परमात्मा, बुद्धि॥

–प्रज्ञानं बुद्धिचिह्नयोः ॥१२२॥

प्रज्ञान–बुद्धि और चिह्न॥१२२॥

प्रसूनं पुष्पफलयो–

प्रसून–फूल तथा फल ॥

–निधनं कुलनाशयोः ।

निधन–कुल और नाश ॥

क्रन्दने रोदनाह्वाने–

क्रन्दन–रोना, पुकारना तथा योद्धाओंका धमकीसे ललकारना ॥

–वर्ष्म देहप्रमाणयोः ॥१२३॥

वर्ष्मन्–शरीर वा देह तथा प्रमाण वा नाप ॥ १२३ ॥

गृहदेहत्विट्प्रभावा धामा–

धामन्–घर, देह, प्रभा वा प्रकाश तथा प्रभाव ॥

–न्यय चतुष्पथे । संनिवेशे च संस्थानं–

संस्थान–किसी वस्तुके अवयवोंका विभाग तथा चौराहा और मरना वा नाश ॥

–लक्ष्म चिह्नप्रधानयोः ॥१२४॥

लक्ष्मन्–चिह्न तथा प्रधान वा मुख्य ॥ १२४ ॥

आच्छादने संपिधानमपवारणमेत्युभे ।

आच्छादन–ढाकना, छिपना, वस्त्रादिसे वेष्टन, वस्त्र तथा गुप्त होना॥

आराधनं साधने स्यादवाप्तौ तोषणेऽपि च ॥ १२५ ॥

आराधन–सन्तुष्ट करना, सिद्ध करना तथा लाभ ॥ १२५ ॥

अधिष्ठानं चक्रपुरप्रभावाध्यासनेष्वपि ॥

अधिष्ठान–पहियाँ, नगर, आक्रमण वा अमलमें कर लेना ॥

रत्नं स्वजातिश्रेष्ठेऽपि-

रत्न—जवाहिर तथा स्वजातिमें श्रेष्ठ वा उत्तम ॥

—वने सलिलकानने ॥ १२६ ॥

वन—पानी और वन ॥ १२६ ॥

तलिनं विरले स्तोके—

तलिन—विरल तथा थोडा ॥

—वाच्यलिङ्गं तथोत्तरे ।

यहांसे नांतवर्गकी समाप्ति पर्य्यन्त संपूर्ण शब्द वाच्यलिंग होते हैं ॥

समानाः सत्समैके स्युः—

समान—पंडित, सम और एक ॥

—पिशुनौ खलसूचकौ ॥ १२७ ॥

पिशुन—सूचक वा चुगलखोर तथा खल ॥ १२७ ॥

हीनन्यूनावृनगर्ह्यौ—

हीन—न्यून, थोडा त्याग किया गया तथा निन्दाकरनेके योग्य और किसी वस्तुसे रहित ॥

—वेगिशूरौ तरस्विनौ ।

तरस्विन्—वेगवाला तथा शूर ॥

अभिपन्नोऽपराद्धोऽभिप्रस्तव्यापद्गतावपि ॥ १२८ ॥

अभिपन्न—अपराधी, जीता गया तथा विपत्तिको प्राप्त भया ॥ १२८ ॥

॥ इति नान्ताः ॥

कलापो भूषणे बर्हे तूणीरे संहतावपि ।

कलाप—समूह, मोरकी पूँछ, कोंवनी तथा गहना और तरकस ॥

परिच्छदे परीवापः पशुस्तौ सलिलस्थितौ ॥ १२९ ॥

परीवाप—तंबू कनात इत्यादि सामग्री तथा बीजका बोना और थाला १२९॥

गोधुग्गोष्ठपती गोपौ—

गोप—अहीर, गन्धरस, अनेककामोंको करनेवाला वा कामदार ॥

—हरविष्णू वृषाकपी ।

वृषाकपि—महादेव तथा विष्णु ॥

वाष्पमूष्माश्रु—

बाष्प—भाफ अर्थात् गरम वस्तुपर पानी डालनेसे धूआंके सदृश ऊपर उठती हुई वस्तु, आंसू, गरमी ॥

—कशिपु त्वन्नमाच्छादनं द्वयम् ॥ १३० ॥

कशिपु—भोजन, अन्न वस्त्र तथा तकिया ॥ १३० ॥

तल्पं शय्याट्टदारेषु—

तल्प—खाट, अटारी तथा दारा ॥

—स्तम्बेऽपि विटपोऽस्त्रियाम् ।

विटप—शाखा पत्ता इत्यादिका समूह घास तृण इत्यादिका गुच्छा वृक्ष वा पेड ॥

प्राप्तरूपस्वरूपाभिरूपा बुध-मनोज्ञयोः ॥ १३१ ॥ भेद्यलिङ्गा अमी-

प्राप्तरूप, स्वरूप, अभिरूप-पंडित तथा सुन्दर ॥ १३१ ॥

कूर्मी वीणाभेदश्च कच्छपी ।

कच्छपी-कछुही और सारस्वती वीणा ॥

इति पांताः ॥

रवर्णे पुंसि रेफः स्यात्कुत्सिते वाच्यलिंगकः ॥ १३२ ॥

रेफ-अधम वा नीच तथा रेफ वा हल रकार एक वर्ण ॥ १३२ ॥

इति फांताः ॥

अन्तराभावसत्त्वेऽश्वे गन्धर्वो दिव्यगायने ।

गन्धर्व-विश्वावसु इत्यादि स्वर्गके गवैये, घोडा, एक प्रकारका गंधयुक्त मृग, मनुष्यादि प्राणी ॥

कम्बुर्ना वलये शंखे-

कम्बु-शंख, कंकण वा कंगन ॥

-द्विजिह्वौ सर्पसूचकौ ॥ १३३ ॥

द्विजिह्व-सर्प तथा चुगलखोर॥१३३॥

पूर्वोऽन्यालिङ्गः प्रागाह पुंवद्बहुत्वेऽपि पूर्वजान् ॥

पूर्व-पहिला-ली.पूर्वपुरुष, अर्थात् पुरुषा, ब्रह्मा, पूर्वदिशा तथा पहले ॥

इति बान्ताः ॥

कुम्भौ घटेभमूर्धांशौ-

कुंभ-भूगलका वृक्ष, घडा, हाथीका मस्तक, अंश. कुम्भराशि ॥

-डिम्भौ तु शिशुबालिशौ ॥ १३४ ॥

डिम्भ-बालक तथा मूर्ख॥१३४॥

स्तम्भौ स्थूणाजडीभावौ-

स्तम्भ-खंभ, ठगमुरी ॥

-शम्भू ब्रह्मत्रिलोचनौ ।

शंभु-ब्रह्मा और शिव ॥

कुक्षिभ्रूणार्भका गर्भौ-

गर्भ-स्त्रीके पेटका गर्भ, पेट, बालक, नाटयकी तीसरी संधि ॥

-विस्रंभः प्रणयेऽपि च ॥ १३५ ॥

विस्रम्भ-शृंगारकी प्रार्थना और विश्वास ॥ १३५ ॥

स्याद्भेर्यां दुन्दुभिः पुंसि स्यादक्षे दुन्दुभिः स्त्रियाम् ।

दुन्दुभि-नगाडा तथा लडकोंका एक प्रकारका खिलौना ॥

स्यान्महाराजने क्लीवं कुसुम्भं करके पुमान् ॥ १३६ ॥

कुसुंभ-कमण्डलु, कुसुंभका फूल ॥ १३६ ॥

क्षात्त्रियेऽपि च नाभिर्ना-

नाभि-टूडी, क्षत्रिय, मुख्य राजा, रथके चक्रका मध्यभाग और कस्तूरी॥

-सुरभिर्गोवि च स्त्रियाम् ॥

सुरभि-सुन्दर वा मनोहर, सुगंधयुक्त प्रसिद्ध, चंपा (पुष्पवृक्ष), वसन्तऋतु, जायफल, कामधेनु, सलईवृक्ष, सुवर्ण वा सोना तथा कमल (पुष्पवृक्ष)॥

सभा संसदि सभ्ये च-

सभा-सभा तथा घर॥

-त्रिष्वध्यक्षेऽपि वल्लभः॥१३७॥

वल्लभ-प्यारा, स्त्रीका पति अध्यक्ष वा मालिक तथा कुलीन घोडा॥१३७॥

इति भांताः॥

किरणग्रहौ रश्मी-

रश्मि-किरण वा प्रकाश तथा लगाम॥

कपिप्लवौ प्लवङ्गमौ।

प्लवंगम-वानर तथा मेंडके॥

इच्छामनोभवौ कामौ-

काम-इच्छा और काम॥

-शौर्योद्योगौ पराक्रमौ॥१३८॥

पराक्रम-शूरता तथा उद्योग॥१३८॥

धर्माः पुण्ययमन्यायस्वभावाचारसोमपाः।

धर्म-पुण्य, यमराज, न्याय, स्वभाव, आचार तथा सोमयज्ञ करके सोमवल्लीका रस पीनेवाला॥

उपायपूर्व आरम्भ उपधा चाप्युपक्रमः॥१३९॥

उपक्रम-उपायपूर्वक प्रारम्भ, प्रारंभ तथा रिसवत॥१३९॥

वशिक्पयः पुरं वेदो निगमो-

निगम-व्यापार, शहर तथा वेद।

-नागरो वणिकू। नैगमौ द्वौ-

नैगम-वेदसम्बन्धि वस्तु, नगरका रहनेवाला तथा बनियां और उपनिषद्॥

-बले रामो नीलचारुसिते त्रिषु॥१४०॥

राम-सुंदर वा मनोहर, नीली वस्तु, श्वेत वस्तु, तथा परशुराम, रामचन्द्र, बलराम॥१४०॥

शब्दादिपूर्वो वृन्देऽपि ग्रामः-

ग्राम-(पु०) गांव, (इस शब्दके पूर्वमें जब "शब्द" इत्यादि शब्द रहते हैं तब यह समूहवाची होता है जैसा शब्दग्राम, स्वरग्राम, यह शब्द कहीं स्वरवाची भी है)।

-क्रान्तौ च विक्रमः।

विक्रम-विक्रमण तथा पराक्रम॥

स्तोमः स्तोत्रेऽध्वरे वृन्दे-

स्तोम-समूह तथा स्तोत्र॥

-जिह्मस्तु कुटिलेऽलसे॥१४१॥

जिह्म–कुटिल तथा आलसी और वक्र ॥ १४१ ॥

गुल्मा रुक्स्तम्बसेनाश्च–

गुल्म–पिलही रोग, विना डालीका वृक्ष तथा एक प्रकारकी सेना ॥

जामिः स्वसृकुलस्त्रियोः ।

जामि–बहिन, तथा कुलस्त्री ॥

क्षितिक्षान्त्योः क्षमा युक्ते क्षमं शक्ते हिते त्रिषु ॥ १४२ ॥

क्षमा–पृथ्वी तथा क्षमा वा सहना ॥ १४२ ॥

त्रिषु श्यामौ हरित्कृष्णौ श्यामा स्याच्छारिवा निशा ।

श्याम–श्यामा-हरा, कृष्ण, शतावरी और रात्रि ॥

ललामं पुच्छपुंड्राश्वभूषाप्राधान्यकेतुषु ॥ १४३ ॥

ललाम–पूंछ, घोडा, घोडेके माथेका एक चिह्न, घोडेका गहना, प्रधान वा मुख्य, मनोहर, प्रभाव, पुरुष तथा भूषण और अश्वलिंगी ॥ १४३ ॥

सूक्ष्ममध्यात्मम–

सूक्ष्म–छल तथा अध्यात्म ॥

–प्यादौ प्रधाने प्रथम–

प्रथम–पहिला–ली, तथा प्रधान वा मुख्य ॥

–स्त्रिषु ।

यहांसे लेकर मान्तपर्यन्त सम्पूर्ण शब्द तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥

वामौ वल्गुप्रतीपौ द्वा–

वाम–शोभित, उलटा तथा टेढा ॥

वधमौ न्यूनकुत्सितौ ॥ १४४ ॥

अधम–न्यून, तथा निन्दित १४४॥

जीर्णं च परिभुक्तं च यातयाममिदं द्वयम् ॥

यातयाम–पुराना-नी, (बासी अन्न इत्यादि) और भोजन करके त्याग किया गया–दं ॥

॥ इति मान्ताः ॥

तुरंगगरुडौ तार्क्ष्यौ–

तार्क्ष्य-घोडा तथा गरुड ॥

–निलयापचयौ क्षयौ॥ १४५ ॥

क्षय-नाश, प्रलय, क्षयरोग तथा घर ॥ १४५ ॥

श्वशुर्यौ देवरश्यालौ–

श्वशुर्य-देवर तथा साला ॥

भ्रातृव्यौ भ्रातृजद्विषौ ।

भ्रातृव्य-भतीजा तथा शत्रु ॥

पर्जन्यौ रसदब्देन्द्रौ–

पर्जन्य-शब्दित मेघ तथा इन्द्र ॥

–स्यादर्यः स्वामिवैश्ययोः १४६

अर्य-स्वामि तथा वैश्य ॥ १४६ ॥

तिष्यः पुष्ये कलियुगे-

तिष्य-पुष्य नक्षत्र और कलियुग ॥

-पर्यायोऽवसरे क्रमे ।

पर्याय-अवसर तथा क्रम ॥

प्रत्ययोऽधीनशपथज्ञानविश्वासहेतुषु ॥ १४७ ॥ रन्ध्रे शब्दे-

प्रत्यय-अधीन, शपथ, ज्ञान, विश्वास तथा कारण॥१४७॥छिद्र और शब्द॥

ऽथानुशयो दीर्घद्वेषानुतापयोः।

अनुशय-बडा वैर तथा पश्चात्ताप ॥

स्थूलोच्चयस्त्वसाकल्ये गजानां मध्यमे गते ॥ १४८ ॥

स्थूलोच्चय-पर्वतका बडा ढेर अपूर्णता, हाथियोंकी मध्यम गति अर्थात् न जल्दी न धीरे ॥ १४८ ॥

समयाः शपथाचारकालसिद्धान्तसंविदः ।

समय-काल वा समय, शपथ व किरिया, आचार वा अपने मतके सदृश व्यवहार, सिद्धान्त अर्थात् निर्णय किया हुआ पदार्थ तथा बातचीत करना ॥

व्यसनान्यशुभं दैवं विपदित्यनयास्त्रयः ॥ १४९ ॥

अनय-दुर्व्यसन, जुआ इत्यादि दुष्ट भाग्य तथा विपत्ति और अनीति १४९॥

अत्ययोऽतिक्रमे कृच्छ्रदोषे दण्डे-

अत्यय-मरना, उल्लंघन, क्लेशदोष तथा दण्ड और नाश ॥

ऽप्यथापादे ।

युद्धायत्योः संपरायः-

सम्पराय-आपत्ति युद्ध तथा उत्तरकाल या अगाडीका समय ॥

-पूज्यस्तु श्वशुरेऽपि च॥१५०॥

पूज्य-पूजा वा आदर करनेके योग्य और ससुर ॥ १५० ॥

पश्चादवस्थायि बलं समवायश्च संनयौ ।

सन्नय-अच्छा न्याय करनेवाला सेनाके पीछकी सेना तथा समूह ॥

संघात संनिवेशे च संस्त्यायः-

संस्त्याय-समूह, बैठक तथा विस्तार ॥

-प्रणयास्त्वमी ॥ १५१ ॥

विस्रम्भयाच्ञाप्रेमाणः-

प्रणय-प्रेम वा प्रीति, मांगना तथा विश्वास ॥ १५१ ॥

-विरोधेऽपि समुच्छ्रयः ॥

समुच्छ्रय-उंचाई तथा विरोध ॥

विषयो यस्य यो ज्ञातस्तत्र शब्दादिकेष्वपि ॥ १५२ ॥

विषय-जानी हुई वस्तु, रूप;

रस, गन्ध, स्पर्श, शब्द, ये प्रत्येक विषय कहलाते हैं; देश, स्थान और आश्रय ॥ १५२ ॥

निर्यासेऽपि कषायोऽस्त्री–

कषाय–कषैला रङ्गवाला–ली, कसैलारङ्ग, काढा, विलेपन तथा नया अंगराग अर्थात् टटका चन्दनादिक ॥

–सभायां च प्रतिश्रयः ।

प्रतिश्रय–सभा, आश्रय वा अवलम्बन तथा अंगीकार ॥

प्रायो भूम्न्यन्वगमने–

प्राय–संन्यासपूर्वक भोजनका त्याग, मृत्यु वा मरण और तुल्य ॥

–मन्युर्दैन्ये क्रतौ क्रुधि १५३ ॥

मन्यु–क्रोध, दीनता वा गरीबी तथा चिन्ता वा शोक ॥ १५३ ॥

गुह्यं पुंसि स्त्रियां गुह्यं–

गुह्य–छिपानेके योग्य तथा स्त्री वा पुरुषका गुप्तेन्द्रिय ॥

–सत्यं शपथतथ्ययोः ।

सत्य–सच्चा–ची, सत्यभामा सत्यता कसम तथा सतयुग ॥

वीर्यं बले प्रभावे च–

वीर्य–बल और प्रभाव ॥

–द्रव्यं भव्ये गुणाश्रये ॥ १५४ ॥

द्रव्य–धन, भव्य अर्थात् सुन्दर और स्थिर ॥ १५४ ॥

धिष्ण्यं स्थाने गृहे भेऽग्नौ–

धिष्ण्य–स्थान, गृह, नक्षत्र तथा अग्नि ॥

–भाग्यं कर्म शुभाशुभम् ।

भाग्य–भाग्य वा पूर्वजन्मके किये हुए अच्छे वा बुरे कर्म ॥

कशेरुहेम्नोर्गाङ्गेयं–

गांगेय–गंगासम्बन्धी वस्तु, भीष्म कौरवके पितामह, सुवर्ण वा सोना, कसेरुफल वा कन्द ॥

–विशल्या दन्तिकाऽपि च ॥ १५५ ॥

विशल्या–गुडूचीऔषधी, इन्द्रपुष्पी औषधी, अग्निकी शिखा वा आगकी लपट तथा दन्तिका औषधी ॥ १५५ ॥

वृषाकपायी श्रीगौर्यो–

वृषाकपायी–लक्ष्मी तथा पार्वती ॥

–रभिख्या नामशोभयोः ॥

अभिख्या–नाम तथा शोभा ॥

आरम्भो निष्कृतिः शिक्षा पूजनं संप्रधारणम् ॥ १५६ ॥ उपायः कर्म चेष्टा च चिकित्सा च नव क्रियाः ।

क्रिया–क्रिया वा कर्म, आरंभ, प्रायश्चित्त, शिक्षा, पूजन, विचार, उपाय, कर्म, चेष्टा तथा दवाई करना ॥ १५६ ॥

छाया सूर्यप्रिया कान्तिः प्रतिबिम्बमनातपः ॥ १५७ ॥

छाया-छाया, सूर्यकी स्त्री वा शनैश्चरकी माता तथा शोभा और प्रतिबिम्ब ॥ १५७ ॥

कक्ष्या प्रकोष्ठे हर्म्यादेः काञ्च्यां मध्येभबन्धने ।

कक्ष्या-राजाकी डेउढी, स्त्रियोंके कमरका गहना, हाथीके मध्य शरीरका बन्धन ॥

कृत्या क्रियादेवतयोस्त्रिषु भेद्ये धनादिभिः ॥ १५८ ॥

कृत्या-धन, स्त्री, भूमि इत्यादि, फोड़नेके योग्य शत्रुका पुरुष इत्यादि तामसी देवता जिसको लोग शत्रपर चलाते हैं तथा क्रिया वा कर्म ॥ १५८ ॥

जन्यं स्याज्जनवादेऽपि-

जन्य-जो पैदा होता है, निन्दित वचन घरके अर्थात् दामादके पक्षवाले मित्र इत्यादि, बाजार तथा युद्ध ॥

-जघन्योऽन्त्येऽधमेऽपि च ।

जघन्य-सबसे पिछला-ली, अधम वा नीच तथा मूत्रेन्द्रिय ॥

गर्ह्याहीनौ च वक्तव्यौ-

वक्तव्य-बोलनेके योग्य, निन्दा करनेके योग्य, हीन अर्थात् किसी वस्तुसे रहित तथा अधीन वा परतन्त्र ॥

-कल्यौ सज्जनिरामयौ॥ १५९॥

कल्य-कवच धारण करनेवाला योद्धा तथा नीरोग ॥ १५९ ॥

आत्मज्ञाननपेतोऽर्यादर्थ्यो-

अर्थ्य-अर्थसे च्युत वा दूर न भया-ई, बुद्धिमान्-मती, और शिलाजीत॥

पुण्य तु चार्वपि ।

पुण्य-पुण्यवान् मनोहर तथा धर्म ।

-रूप्यं प्रशस्तरूपेऽपि-

रूप्य-रमणीय वा सुन्दर, रुपया वा चांदी; छपी हुई चांदी वा सोना अर्थात् चांदी वा सोनेका रुपया ॥

-वदान्यो वल्गुवागपि ॥ १६० ॥

वदान्य-दाता वा देनेवाला-ली, मीठा बोलनेवाला-ली ॥ १६० ॥

न्याय्येऽपि मध्यं-

मध्य-बिचला-ली वा बीचवाला-ली, अधम वा नीच, न्याययुक्त वा न्यायके सदृश, कमर तथा बीच ॥

-सौम्यं तु सुन्दरे सोमदैवते ।

सौम्य-सूबा-धी, सुन्दर, चन्द्रको निवेदन करनेके योग्य वस्तु, बुध (एक ग्रह) ॥

॥ इति यांताः ॥

निवहावसरौ वारौ-

वार-सोम, मंगल, बुध इत्यादि ७ सात वार, अवसर, समूह ॥

–संस्तरौ प्रस्तराऽध्वरौ ॥१६१॥

संस्तर–कुशका बिछौना; बिछौना तथा यज्ञ ॥ १६१ ॥

गुरू गीष्पतिपित्राद्यौ–

गुरु–भारी, बृहस्पति, बडे लोग(पिता इत्यादि) ॥

द्वापरौ युगसंशयौ ।

द्वापर–संशय (सन्देह,) 'द्वापर' युग ॥

प्रकारौ भेदसादृश्ये–

प्रकार–भेद (तरह) तथा तुल्यता ॥

–आकाराविङ्गिताकृती ॥१६२॥

आकार–चेष्टा तथा सूरत॥१६२।

किंशारू सस्यशूकेषू -

किंशारु–यव इत्यादिका टूँडा (सुईके तुल्य अग्रभाग) तथा बाण और कंक पक्षी ॥

–मरू धन्वधराधरौ ।

मरु–निर्जलदेश और पर्वत ॥

अद्रयो द्रुमशैलार्काः–

अद्रि–वृक्ष, पर्वत तथा सूर्य ॥

–स्त्रीस्तनाब्दौ पयोधरौ १६३

पयोधर–स्तन और मेघ ॥१६३॥

ध्वान्तारिदानवा वृत्रा–

वृत्र–वृत्रासुर,(एक दैत्य)अन्धकार तथा शत्रु ॥

–बलिहस्तांशवः कराः ।

कर–हाथ, हाथीकी सूंड, किरण तथा महसूल वा कर ॥

प्रदरा भङ्गनारीरुग्बाणा–

प्रदर–स्त्रियोंका एक रोग (जिसके होनेसे मूत्रद्वारसे लोहू बह जाता है) भग (भग्नता) तथा बाण ॥

–अस्राः कचा अपि ॥ १६४ ॥

असृ–केश कोना, आंसू तथा लोहू ॥ १६४ ॥

अजातशृंगो गौः काले-ऽप्यश्मश्रुर्ना च तूवरौ ।

तूबर–समयपर जिसके सींग न जमें हों ऐसा बैल, समयपर जिसके मूंछें न जमी हों ऐसा पुरुष ॥

स्वर्णेऽपि राः–

रै–धन तथा सुवर्ण (सोना) ॥

–परिकरः पर्यंकपरिवारयोः ॥ १६५ ॥

परिकर–पलंग और कुटुम्ब॥ १६५ ॥

मुक्ताशुद्धौ च तारः स्या–

तार–ऊंचा शब्द, नक्षत्र, आंखकी पुतली, मोती, सफाई, गोल मोती, गोल और निर्मल मोतीसे बना हार, जलसे पार उतरना, एक वानरका नाम तथ चांदी धातु ॥

-च्छारो वायौ स तु त्रिषु । कर्बुरे-

शार-चितकबरा-री, चौपड इत्यादिके खेलनेकी गुट्टी, तथा वायु ॥

-ऽथ प्रतिज्ञाजिसंविदापत्सु संगरः ॥ १६६ ॥

संगर-संग्रामका युद्ध, प्रतिज्ञा, सलाह तथा आपत्ति वा विपत्ति १६६ ॥

वेदभेदे गुप्तवादे मन्त्रो-

मन्त्र-मन्त्र वा सलाह, एक वेदका भेद, तथा गुप्त बोलना ॥

मित्रो रवावपि ।

मित्र-सूर्य, मित्र (दोस्त) तथा अपने समीपके राजासे व्यवहित राजा ॥

मखेषु यूपखण्डेऽपि स्वरु-

स्वरु-इन्द्रका वज्र तथा यज्ञमें खम्भके छीलनेके समय उसमेंसे गिरा पहिला टुकडा ॥

गुह्येऽप्यवस्करः ॥ १६७ ॥

अवस्कर-विष्ठा तथा स्त्री वा पुरुषका मूत्रेन्द्रिय (उपस्थ) ॥ १६७ ॥

आडम्बरस्तूर्यरवे गजेन्द्राणां च गर्जिते ।

आडम्बर-तैयारी, बाजेका शब्द, तथा बडे हाथियोंका शब्द ॥

अभिहारोऽभियोगे च चौर्ये संनहनेऽपि च ॥ १६८ ॥

अभिहार-चौराना, कवच इत्यादिका धारण तथा नालिश इत्यादि शत्रुके नाशका उपाय ॥ १६८ ॥

स्याज्जङ्गमे परीवारः खड्गकोषे परिच्छदे ।

परीवार-कुटुम्ब, तरवार इत्यादिका म्यान तथा लाव लश्कर ॥

विष्टरो विटपी दर्भमुष्टिः पीठाद्यमासनम् ॥ १६९ ॥

विष्टर-बैठनेका आसन, वृक्ष, दर्भमुष्टि (एक प्रकारका परिमाण) वा नाप ॥ १६९ ॥

द्वारि द्वाःस्थे प्रतीहारः प्रतीहार्यप्यनन्तरे ।

प्रतीहार-प्रतीहारि-द्वार तथा द्वारपाल ॥

विपुले नकुले विष्णौ बभ्रुर्नो पिंगले त्रिषु ॥ १७० ॥

बभ्रु-पीले रंगवाली वस्तु, पीला रंग, बडा नौला, विष्णु तथा एक यादव ॥ १७० ॥

सारो बले स्थिरांशे च न्याय्ये क्लीबं वरे त्रिषु ।

सार-श्रेष्ठ वा प्रधान, बल, वस्तुका स्थिर भाग, बाहीर, मज्जा व चरबी, पानी घन तथा उचित वा न्यायके अनुसार ॥

दुरोदरो द्यूतकारे पणे द्यूते दुरोदरम् ॥ १७१ ॥

दुरोदर—जुआरी;दाव(जो द्रव्य जुवेमें लगाया जाता है)जुआ ॥ १७१॥

महारण्ये दुर्गपथे कान्तारं पुंनपुंसकम् ।

कान्तार—दुर्गम वा टेढा मार्ग, बडा वन एक प्रकारका ऊख ॥

मत्सरोऽन्यशुभद्वेषे तद्वत्कृपणयोस्त्रिषु ॥ १७२ ॥

मत्सर—ईर्ष्या वा डाह करनेवाला-लोकृपण वा सूम, तथा ईर्ष्या वा डाह १७२

देवाद्वृते वरः श्रेष्ठे त्रिषु क्लीबं मनाक्प्रिये ।

वर—श्रेष्ठ वा प्रधान वा मुख्य, देवताने जो प्रसन्न होकर दिया, दूलह वा वर, केशर ॥

वंशांकुरे करीरोऽस्त्री तरुभेदे घटे च ना ॥ १७३ ॥

करीर—बांसका छकडा, करील वा टेंटी वृक्ष, एक प्रकारका कांटेदार वृक्ष वा कीकर तथा घटना वा मेल॥ १७३॥

ना चमूजघने हस्ते सूत्रे प्रतिसरो स्त्रियाम् ।

प्रतिसर—सेनाका पिछला हिस्सा, तथा मन्त्रतन्त्रका डोरा ॥

यमानिलेन्द्रचन्द्रार्कविष्णुसिंहांशुवाजिषु ॥ १७४ ॥

शुकाहिकपिभेकेषु हरिर्ना कपिले त्रिषु ।

हरि—यम,वायु, इन्द्र, चन्द्र, सूर्य, विष्णु, सिंह, किरण, घोडा ॥१७४॥

तोता, सांप,बन्दर,मेढक और हरा रङ्ग तथा कपिल रङ्ग और कुछ पीली वस्तु ॥

शर्करा कर्परांशेऽपि—

शर्करा—ठिकडी, कंकडी,खांड,रेता तथा बहुत किडिओंकी जमीन ॥

—यात्रास्याद्यापने गतौ ॥ १७५॥

यात्रा गमन वा चलना तथा चालना ॥ १७५ ॥

इरा भूवाक्सुराऽप्सु स्या—

इरा—मद्य, भूमि,वाणी तथा जल॥

—तंद्री निद्रा प्रमीलयोः ।

तन्द्री—निद्रा तथा आलस्य ॥

धात्री स्यादुपमाताऽपि क्षितिरप्यामलक्यपि ॥ १७६ ॥

धात्री—माता, आमला, पृथ्वी तथा उपमाता अर्थात् दूध पिलानेवाली धाय ॥ १७६ ॥

क्षुद्रा व्यङ्गा नटी वेश्या सरघा कण्टकारिका । त्रिषु क्रूरेऽधमेऽल्पेऽपि क्षुद्रं—

क्षुद्र—क्रूर,अधम, अल्प वा थोडा-डी, सूम,मधुमाछी, भटकटैया, हीन अंगवाली स्त्री, नटी, वेश्या ॥

-मात्रा परिच्छदे ॥ १७७ ॥
अल्पे च परिमाणे सा मात्रं कात्स्न्येऽवधारणे ।

मात्रा-परिच्छद वा सामग्री १७७॥ परिमाण, सूक्ष्म वा पतला, सम्पूर्णता, तथा अवधारण वा निश्चय ॥

आलेख्याश्चर्ययोश्चित्रं-

चित्र-चित्रविचित्ररंगवाला-ली, आश्चर्ययुक्त, कई एक मिश्रितरङ्ग, एक नक्षत्र, मूसाकर्णी औषधी, एक तरहकी ककड़ी, अद्भुतरस, तसवीर तथा आश्चर्य॥

-कलत्रं श्रोणिभार्ययोः ॥ १७८॥

कलत्र-कमर तथा स्त्री ॥ १७८॥

योग्यभाजनयोः पात्रं-

पात्र-लायक तथा बर्तन ॥

-पत्रं वाहनपक्षयोः ।

पत्र-सवारी और पंख ॥

निदेशग्रन्थयोः शास्त्रं-

शास्त्र-आज्ञा और ग्रन्थ ॥

-शस्त्रमायुधलोहयोः ॥ १७९ ॥

शस्त्र-हथियार और लोहा॥ १७९॥

स्याज्जटांशुकयोर्नेत्रं-

नेत्र-जटा और वस्त्र तथा नेत्र ॥

-क्षेत्रं पत्नीशरीरयोः ।

क्षेत्र-स्त्री तथा शरीर, खेत ॥

मुखाग्रे क्रोडहलयोः पोत्रं-

पोत्र-सूकरके मुखका अग्रभाग तथा हलका अग्रभाग ॥

-गोत्रं तु नाम्नि च ॥१८०॥

गोत्र-नाम, पृथ्वी, पर्वत तथा कुल ॥ १८० ॥

सत्रमाच्छादने यज्ञे सदादाने वनेऽपि च ।

सत्र-ढकन, यज्ञ, सदादान, (सदावर्त) धन, वन तथा धूर्तता ॥

अजिरं विषये काये-

अजिर-विषय, शरीर, वायु, तथा आंगन ॥

-ऽप्यम्बरं व्योम्नि वाससि ॥१८१

अम्बर-आकाश तथा वस्त्र॥ १८१॥

चक्रं राष्ट्रे-

चक्र-राज्य, चकवा पक्षी, समूह, रथका पहिया, कुम्हारका चाक तथा जलका भँवर ॥

-ऽप्यक्षरं तु मोक्षेऽपि-

अक्षर-मोक्ष, हरफ, -ब्रह्म तथा ओंकार ॥

क्षीरमप्सु च ।

क्षीर-दुग्ध तथा जल ॥

स्वर्णेऽपि भूरिचन्द्रौ द्वौ-

भूरि तथा चन्द्र-सुवर्ण और सुन्दर॥

-द्वारमात्रेऽपि गोपुरम् ॥१८२॥

गोपुर–नगरका द्वार तथा द्वारमात्र ॥ १८२ ॥

गुहादम्भौ गह्वरे द्वे–

गह्वर–गुफा और पाखण्ड ॥

–रहोऽन्तिकमुपह्वरे ।

उपह्वर–एकान्त तथा समीप ॥

पुरोऽधिकमुपर्यग्रा–

अग्र–पुर, अधिक तथा ऊपर ॥

–ण्यगारे नगरे पुरम् ॥ १८३ ॥

मन्दिरं चा–

पुर–मन्दिर–स्थान और नगर ॥ १८३

–ऽथ राष्ट्रोऽस्त्री विषये स्या–

दुपद्रवे ।

राष्ट्र–देश तथा उपद्रव ॥

दरोऽस्त्रियां भये श्वभ्रे–

दर–भय, गड्ढा तथा थोडा वा सूक्ष्म

–वज्रोऽस्त्री हीरके पवौ १८४ ॥

वज्र–इन्द्रका वज्र, सेहुंडवृक्ष तथा हीरा ॥ १८४ ॥

तन्त्रं प्रधाने सिद्धान्ते सूत्रवाये परिच्छदे ।

तंत्र–कुटुम्बका कार्य, सिद्धान्त, उत्तम औषध, प्रधान वा मुख्य, जुलाहा, एकप्रकारका शास्त्र, सामग्री, एकप्रकारकी वेदकी शाखा, ऐसा हेतु जो पदार्थोंको सिद्ध करता हो ॥

औशीरश्चामरे दण्डेऽप्यौशीरं शयनासने ॥ १८५

औशीर–चँवरका दण्ड, शयन और आसन किसीके मतमें यह शब्द पृथक्२ शयन और आसनका वाचक है १८५।

पुष्करं करिहस्ताग्रे वाद्यभाण्डमुखे जले । व्योम्नि खड्गफले पद्मे तीर्थोपाधिविशेषयोः ॥ १८६ ॥

पुष्कर–तलाव, कमल, आकाश, जल, पुष्करमूल, हाथीके सूंडका अग्रभाग, बाजेका मुख ॥ १८६ ॥

अन्तरमवकाशावधिपरिधानान्तर्धिभेदतादर्थ्ये । छिद्रात्मीयविनावहिरवसरमध्येऽन्तरात्मनि च ॥ ॥ १८७ ॥

अन्तर–पहरनेके वस्त्रादि, आत्मसम्बन्धी वा अपनी वस्तु, बाह्य वस्तु, अदृश्य वस्तु, अवकाश, अवधि, अदृश्य होना, भेद, तादर्थ्य, छिद्र, बिना अवसर, मध्य, अन्तरात्मा ॥ १८७ ॥

मुस्तेऽपि पिठरं–

पिठर–मोथा, घास तथा मंथनदंड वा मथनिया ॥

–राजकशेरुण्यपि नागरम् ।

नागर–चतुर, नगरवासी, सोंठ तथा नारमोथा ॥

शार्वरं त्वन्धतमसे घातुके भेद्यलिङ्गकम् ॥ १८८ ॥

शार्वर–मारनेवाला–ली, घन वा बडा अन्धकार ॥ १८८ ॥

गौरोऽरुणे सिते पीते–

गौर–श्वेत वा पीत वा लालरंगवाली वस्तु, श्वेत रंग, पीला रंग, लाल रंग, तथा रजोधर्मसेपहिली अवस्थावाली स्त्री

–व्रणकार्येऽप्यरुष्करः।

अरुष्कर–घावकरनेवाला–ली, भेलावा॥

जठरः कठिनेऽपि स्या–

जठर–कठोरवस्तु, वृद्ध वा बुड्ढा तथा पेट ॥

अधस्तादपि चाधरः ॥ १८९ ॥

अधर–नीचे, नीचेका ओष्ठ, हीन तथा नीच ॥ १८९ ॥

अनाकुलेऽपि चैकाग्रो–

एकाग्र–एकाग्र वा तत्पर तथा स्वस्थचित्त ॥

–व्यग्रो व्यासक्त आकुले।

व्यग्र–व्याकुल वा घबडाया–यी, दुश्चित्त ॥

उपर्युदीच्यश्रेष्ठेष्वप्युत्तरः स्या-

उत्तर–उत्तर देशमें उत्पन्न भया-यो, श्रेष्ठ वा मुख्य, उत्तरदिशा, विराटका पुत्र, ऊपर, विराटकी पुत्री, तथा उत्तर वा जवाब ॥

–दनुत्तरः ॥ १९० ॥

एषां विपर्यये श्रेष्ठे–

अनुत्तर–श्रेष्ठ और अश्रेष्ठ॥ १९०॥

–दूरानात्मोत्तमाः पराः।

पर–पराया–यी(वस्तु)–अन्य दूसरा–री, दूर, उत्तम वा श्रेष्ठ, शत्रु केवल तथा अनन्तर ॥

स्वादुप्रियौ तु मधुरौ–

मधुर–स्वादु और प्रिय॥

–क्रूरौ कठिनानिर्दयौ ॥ १९१ ॥

क्रूर–कठिन और दयाहीन ॥१९१

उदारो दातृमहतो–

उदार–दाता, बडा, सरल वा सूधा॥

–रितरस्त्वन्यनीचयोः।

इतर–अन्य तथा नीच ॥

मन्दस्वच्छन्दयोः स्वैरः–

स्वैर–मन्द वा ढीला–ली तथा स्वच्छंद अपने मनका काम करनेवाला

–शुभ्रमुद्दीप्तशुक्लयोः ॥ १९२ ॥

शुभ्र–श्वेत वर्णकी वस्तु, उद्दीप्त वा प्रकाशमान तथा श्वेत रंग ॥ १९२ ॥

इति रान्ताः ॥

मूर्धा किरीटं केशाश्च संयता मौलयस्त्रयः।

मौलि–मस्तक, चोटी, मुकुट बंधे हुए बाल ॥

द्रुमप्रभेदमातंगकाण्डपुष्पाणि पीलवः ॥ १९३ ॥

पीलु–वृक्षभेद, हस्ती, बाण तथा पुष्प ॥ १९३ ॥

कृतान्तानेहसोः काल–

काल–यमराज, मृत्यु तथा समय ॥

–श्चतुर्थेऽपिऽयुगे कलिः ।

कलि–चौथा युग, पुष्पकी कली, युद्ध तथा कलह ॥

स्यात्कुरंगेऽपि कमलः–

कमल–हिरन, जल, तांबा, कमल तथा आकाश ॥

–प्रावारेऽपि च कम्बलः॥ १९४॥

कंबल–सर्पराज, गौके गलेका सासना तथा कम्बलवस्त्र ॥ १९४ ॥

करोपहारयोः पुंसि वलिः प्राण्यङ्गजे स्त्रियाम् ।

वलि–महसूल तथा बुढापेमें पुरुषके शरीरपै पडनेवाली सुकडन ॥

स्थौल्यसामर्थ्यसैन्येषु बलं ना काकसीरिणोः ॥ १९५ ॥

बल–मोटाई, सामर्थ्य, सेना, काक पक्षी तथा बलदेव ॥ १९५ ॥

वातूलः पुंसि वात्यायामपि वातासहे त्रिषु ।

वातूल–आंधी, बावला, तथा वातुको न सहनेवाला ॥

भेद्यलिंगः शठे व्यालः पुंसि श्वापदसर्पयोः ॥ १९६ ॥

व्याल–सर्प, दगाबाज तथा हिंसक पशु ॥ १९६ ॥

मलोऽस्त्री पापविट्किट्टा–

मल–मैल, पाप तथा विष्ठा ॥

–न्यस्त्री शूलं रुगायुधम् ।

शूलरोग (जो पेटमें होता है) तथा शूल एक शस्त्र ॥

शंकावपि द्वयोः कीलः–

कील–अग्निकी ज्वाला वा लपट तथा लोहे आदिकी कील ॥

–पालिः स्त्र्यश्र्यंकपंक्तिषु १९७॥

पालि–खड्ग इत्यादिका टोंका 'कोना' धारा, चिह्न तथा पंक्ति॥ १९७॥

कला शिल्पे कालभेदे–

कला–तीस काष्ठा, एकसमय, कारीगरी मूलधन वृद्धि टुकडा तथा चन्द्रका सोलहवाँ भाग ॥

–ऽप्यालौ सख्यावली अपि ।

आलि–सखी तथा पंक्ति ॥

अब्ध्यम्बुधिकृतौ वेला काल-मर्यादयोरपि ॥ १९८ ॥

वेला–समुद्रका तीर, काल वा समय तथा मर्यादा वा हद्द ॥ १९८ ॥

बहुलाः कृत्तिका गावो बहुलोऽग्नौऽशितौ त्रिषु ।

बहुल-बहुल, काले रंगवाला-ली, अग्निवा आग-कृष्णपक्ष, काला रंग, नेवारीपुष्प गैया, स्त्री, बडी इलायची और आकाश

लीला विलासक्रिययो-

लीला-विलास या क्रीडा क्रिया तथा खेलना ॥

-रुपला शर्करापि च ॥१९९॥

उपला-पत्थर, रत्न तथा सिटको ॥ १९९ ॥

शोणितेम्भासि कीलालं-

कीलाल-जल तथा रुधिर ॥

-मूलमाद्ये शिफाभयोः ।

मूल-जड, पहिला, वृक्षकी जटा तथा आभा और आदिकारण ॥

जालं समूह आनायगवाक्ष-क्षारकेष्वपि ॥ २०० ॥

जाल-मत्स्यादि पकडनेका जाल, समूह झरोखा तथा न फूली हुई कली ॥ २०० ॥

शीलं स्वभावे सद्वृत्ते-

शील-शुद्ध कर्म वा पवित्र काम तथा स्वभाव ॥

-सस्ये हेतुकृते फलम् ।

फल वृक्ष इत्यादिका फल, जायफल, ढाल, हलके नीचका काष्ठ जिसका अग्र भाग लोहेसे बना रहता है, हेतु सिद्ध किया गया बाणका अग्रभाग, त्रिफला, परिणाम तथा लाभ वा नफा ॥

छर्दिर्नेत्ररुजोः क्लीबं समूहे पटलं न ना ॥ २०१ ॥

पटल-समूह, खपडा तथा एक नेत्ररोग ॥ २०१ ॥

अधःस्वरूपयोरस्त्री तलं-

तल-किसी वस्तुके नीचेका भाग तथा स्वरूप ॥

स्याच्चामिषे पलम् ।

पल-एक दण्ड (२४ मिनट काल) का साठवां हिस्सा, ६४ मासा, मांस, तथा उंचाईका नाप ॥

और्वानलेऽपि पातालं-

पाताल-पाताल तथा वडवानल ॥

-चैलं वस्त्रेऽधमे त्रिषु ॥२०२॥

चल-नीच वा अधम तथा वस्त्र ॥ २०२ ॥

कुकूलं शंकुभिः कीर्णे श्वभ्रे ना तु तुषानले ॥

कुकूल-भरसीकी आग, कील वा खूटियोंसे भरा हुआ गड्ढा ॥

निर्णीते केवलमिति त्रिलिंगं त्वेककृत्स्नयोः ॥ २०३ ॥

केवल-निर्णय किया गया, 'एक' संख्या तथा संपूर्ण ॥ २०३ ॥

पर्याप्तिक्षेमपुण्येषु कुशलं शिक्षिते त्रिषु ।

कुशल–चतुर, सामर्थ्ययुक्त, कल्याण वाला–ली, सामर्थ्य, क्षेम, पुण्य तथा कल्याण ॥

प्रवालमंकुरेऽप्यस्त्री–

प्रवाल–मूंगा, नया पत्ता, अंकुर तथा वीणाका दण्ड ॥

–त्रिषु स्थूलं जडेऽपि च॥२०४॥

स्थूल–मोटा–टी, निर्बुद्धि वा बुद्धिरहित तथा समूह ॥ २०४ ॥

करालो दन्तुरे तुङ्गे–

कराल–भयंकर, ऊंचे दांतवाला–ली तथा ऊंचा–ची ॥

–चारौ दक्षे च पेशलः ।

पेशल–चतुर तथा मनोहर ॥

मूर्खेऽभ्रकेऽपि बालः स्या–

बाल–लडका, केश, बाल, मूर्ख तथा नेत्रवाला औषधी ॥

–लोलश्चलसतृष्णयोः ॥२०५॥

लोल–चञ्चल तथा लालची॥२०५॥

इति क्रान्ताः ॥

दवदावौ वनारण्यवह्नी–

दव–दाव–वन तथा वनकी आग॥

–जन्महरौ भवौ ।

भव–संसार, जन्म, शंकर ॥

मन्त्री सहायसचिवौ–

मंत्रिन्–राजाका मंत्री वा राजाको सलाह देनेवाला तथा सहायक ॥

–पतिशाखिनगे धवाः ॥२०६॥

धव–स्त्रीका पति, एक वृक्ष तथा पुरुष ॥ २०६ ॥

अवयः शैलमेषार्का–

अवि–मेंढा, पर्वत, सूर्य तथा रजस्वला स्त्री ॥

–आज्ञाह्वानाध्वरा हवाः ।

हव–पुकारना, आज्ञा वा हुक्म तथा यज्ञ वा याग ॥

भावः सत्तास्वभावाभिप्रायचेष्टात्मजन्मसु ॥ २०७ ॥

भाव–अभिप्राय वा तात्पर्य, विद्वान् वा पंडित, सत्ता वा रहनेवालेका धर्म-स्वभाव, आत्मा, जन्म वा उत्पत्ति, चेष्टा तथा मनका विकार ॥ २०७ ॥

स्यादुत्पादे फले पुष्पे प्रसवो गर्भमोचने ।

प्रसव–जनना, उत्पत्ति, फल तथा पुष्प वा फूल ॥

अविश्वासेऽपह्नवेऽपि निकृतावपि निह्नवः ॥ २०८ ॥

निह्नव–अविश्वास, झूंठ बोलना तथा धूर्त्तपन ॥ २०८ ॥

उत्सेकामर्षयोरिच्छाप्रसवे महः उत्सवः ॥

उत्सव—उत्सव वा मंगलकार्य, औद्धत्य वा गर्व वा बडाई कोप, इच्छाका वेग तथा आनन्दका समय ॥

अनुभावः प्रभावे च सतां च मतिनिश्चये ॥ २०९ ॥

अनुभाव—प्रभाव, सत्पुरुषोंकी बुद्धिका निश्चय ॥ २०९ ॥

स्याज्जन्महेतुः प्रभवः स्थानं चाद्योपलब्धये ।

प्रभव—उत्पत्तिका स्थान, कारण, पराक्रम तथा ज्ञानका प्रथम स्थान ॥

शूद्रायां विप्रतनये शस्त्रे पारशवो मतः ॥ २१० ॥

पारशव—शूद्रकी स्त्रीमें ब्राह्मणसे हुआ पुत्र तथा शस्त्र ॥ २१० ॥

ध्रुवो भभेदे क्लीबं तु निश्चिते शाश्वते त्रिषु ।

ध्रुव—स्थिर, नक्षत्रविशेष, निश्चय तथा शाश्वत ॥

स्वो ज्ञातावात्मनि स्वं त्रिष्वात्मीये स्वोऽस्त्रियां धने ॥ २११ ॥

स्व—जातिके पुरुष, आत्मा, अपना तथा धन ॥ २११ ॥

स्त्रीकटीवस्त्रबन्धेऽपि नीवी परिषणेऽपि च ॥

नीवी—स्त्रीके वस्त्रका बन्धन जो नाभिके समीप बांधा जाता है तथा मूलधन ॥

शिवा गौरीफेरवयोः—

शिवा—पार्वती, सियार, शमीका वृक्ष हर्र तथा आँवला ॥

—द्वंद्वं कलहयुग्मयोः ॥२१२॥

द्वन्द्व—कलह तथा स्त्री पुरुषका जोडा ॥ २१२ ॥

द्रव्यासुव्यवसायेषु सत्त्वमस्त्री तु जन्तुषु ।

सत्त्व—द्रव्य, प्राण अत्यन्त उद्योग जन्तु, सत्त्वगुण तथा बल ॥

क्लीबं नपुंसके षण्ढे वाच्यलिंगमविक्रमे ॥ २१३ ॥

क्लीब—नपुंसकलिङ्ग, नपुंसक पुरुष तथा पराक्रमहीन ॥ २१३ ॥

इति वान्ताः ॥

—द्वौ विशौ वैश्यमनुजौ—

विट्—वैश्य, मनुष्य तथा प्रवेश ॥

द्वौ चराभिमरौ स्पशौ ।

स्पश—दूत तथा संग्राम ॥

द्वौ राशी पुञ्जमेषाद्यौ—

राशि—समूह तथा मेषवृषादि राशि ॥

—द्वौ वंशौ कुलमस्करौ ॥२१४॥

वंश—कुटुम्ब तथा बांस ॥२१४॥

रहःप्रकाशौ वीकाशौ–

वीकाश–एकान्त तथा प्रकाश ॥

–निर्वेशो भृतिभोगयोः ।

निर्वेश–नौकरी, भोग तथा मूर्च्छा ।

कृतान्ते पुंसि कीनाशः क्षुद्र-कर्षकयोस्त्रिषु ॥ २१५ ॥

कीनाश–यमराज तथा किसान २१५

पदे लक्ष्ये निमित्तेऽपदेशः स्यात्–

अपदेश–बहाना, निशाना वा लक्ष्य तथा निमित्त वा हेतु ॥

–कुशमप्सु च ।

कुश–कुश एकतरहकी घास तथा जल ॥

दशाऽवस्थानेकविधा–

दशा–अवस्था (लडकई जवानी इत्यादि) ॥

–प्याशातृष्णापि चायता २१६

आशा–बडी तृष्णा तथा दिशा ॥ ॥ २१६ ॥

वशा स्त्री कारिणी च स्यात्–

वशा–स्त्री, वांझ, गाय तथा हाथिनी और बेटी ॥

–दृग्ज्ञाने ज्ञातरि त्रिषु ।

स्यात्कर्कशः साहसिकः कठोरामसृणावपि ॥ २१७ ॥

कर्कश–कठोर, दुःस्पर्श, साहसी तथा झगडालू स्त्री और कवील औषधि ॥ २१७ ॥

प्रकाशोऽतिप्रसिद्धेऽपि–

प्रकाश–अतिप्रसिद्ध, धूप, उजाला ।

–शिशावज्ञे च बालिशः ।

बालिश–बालक तथा मूर्ख ॥

॥ इति शान्ताः ॥

सुरमत्स्यावनिमिषौ–

अनिमिष–देवता तथा मत्स्य वा मछली ॥

–पुरुषावात्ममानवौ ॥२१८ ॥

पुरुष–पुरुष वा नर; आत्मा, नागकेशर वृक्ष तथा मनुष्य ॥ २१८ ॥

काकमत्स्यात्खगौ ध्वांक्षौ–

ध्वाङ्क्ष–कौवा तथा मत्स्य पकडनेवाला पक्षी (बगुला) इत्यादि ॥

–कक्षौ तु तृणवीरुधौ ।

कक्ष–काख वा बगला तथा तृण वा घासका गंजी; और लता ॥

अभीषुः प्रग्रहे रश्मौ–

अभीषु–किरण, डोरी तथा पगह लगाम इत्यादि ॥

–प्रैषः प्रेषणमर्दने ॥ २१९ ॥

प्रैष–भेजना, मर्दन करना तथा आज्ञा देना ॥ २१९ ॥

पक्षः सहाये–

पक्ष–पक्षियोंका पंख, वा आधा महीना, सहाय, वैर, बल, मित्र, घर, शरीरकी अगलबगलको, पँसली तथा बडा हाथी और निकट ॥

–ऽप्युष्णीषः शिरोवेष्टकिरीटयोः ।

उष्णीष–पगडी तथा किरीट व मुकुट ॥

शुक्लेऽभूषिके श्रेष्ठे सुकृते वृषभे वृषः ॥ २२० ॥

वृष–मूसा, जन्तु, श्रेष्ठ वा मुख्य, अडूसा एक झाड, वृषभनामक औषध, बैल, अण्डकोष, धर्म, मेषआदि १२ राशियोंमेंसे दूसरा राशि, सिंगिया (एक विष) तथा एक सुगन्ध चूर्ण ॥२२०॥

कोषोऽस्त्री कुड्मले खड्गापिधानेऽर्थाद्यादिव्ययोः ॥

कोष (श)–पुष्पकी कली, तलवारका घर व म्यान, खजाना तथा शपथ (सौगंध वा कसम) ॥

द्यूतेऽक्षे शारिफलकेऽप्याकर्षो–

आकर्ष –जूआ, गुट्टियोंके रखनेके लिये वस्त्रादिसे बना घर तथा पासा ॥

–ऽक्षमिन्द्रिये ॥ २२१ ॥

ना मुताङ्गे कर्षचक्रे व्यवहारे कलिद्रुमे ।

अक्ष–इंद्रिय ॥ २२१ ॥ पासा, सोलह मासा, बहेडा, सौंचरनोन ॥

कर्षूर्वार्ता करीषाग्निः कर्षूः कुल्याभिधायिनि ॥ २२२ ॥

कर्षू–पासा, एक प्रकारकी तोल, पहिया, बहेडाफल, व्यवहार, करसीकी आग, जीविका तथा नदी ॥२२२॥

पुंभावे तात्क्रियायां च पौरुषं-

पौरुष–पोरसामर गहिरा–री, पौरुष, पुरुषका धर्म ॥

–विषमप्सु च ।

विष–विष वा जहर तथा पानी ॥

उपादानेऽप्यामिषं स्या–

आमिष–मांस तथा दूध ॥

दुष्कृताघेऽपि किल्बिषम् ॥२२३॥

किल्बिष–पाप अपराध तथा प्रीति ॥ २२३ ॥

स्यादृष्टौ लोकधात्वंशे वत्सरे वर्षमास्त्रियाम् ।

वर्ष–बरस वा देवतोंका एक दिन, वृष्टि वा वर्षा, जम्बूद्वीप तथा स्थान ॥

प्रेक्षा नृत्येक्षणं प्रज्ञा–

प्रेक्षा–बुद्धि तथा देखना ॥

भिक्षा सेवार्थना भृतिः॥२२४॥

भिक्षा–भीख, सेवा, प्रार्थना वा मजूरी ॥ २२४ ॥

त्विट् शोभापि–

त्विष्–शोभा तथा वाणी ॥

–त्रिषु परे–

न्यक्ष–अध्यक्ष और रूक्ष यह तीनों शब्द तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥

–न्यक्षं कात्स्न्र्यनिकृष्टयोः ॥

न्यक्ष––निकृष्ट वा नीच तथा संपूर्णता ॥

प्रत्यक्षेऽधिकृतेऽध्यक्षो–

अध्यक्ष–प्रत्यक्ष तथा अधिकारी॥

––रूक्षस्त्वप्रेम्ण्यचिक्कणे ॥२२५

रूक्ष–प्रेमरहित रूखा ॥ २२५ ॥

॥ इति पांताः॥

रविश्वेतच्छदौ हंसौ–

हंस–सूर्य और हंसपक्षी ॥

–सूर्यवह्नी विभावसू ।

विभावसु–सूर्य तथा अग्नि ॥

वत्सौ तर्णकवर्षौ द्वौ–

वत्स–बछवा, बच्चा वा लडका छाती तथा वर्ष वा वरिस ॥

–सारंगाश्च दिवौकसः ॥ २२६॥

दिवौकसू–देवता तथा पक्षी ॥२२६।

शृंगारादौ विषे वीर्ये गुणे रागे द्रवे रसः ।

रस–खट्टा मीठा इत्यादि६रस,पारा धातु,गन्धरस, शृङ्गार , वीर, करुण इत्यादि साहित्यके रस, वीर्य वा धातु प्रीति वा प्रेम,जहर,स्वाद; पतली वस्तु जैसा पानी शरबत आदि)

पुंस्युत्तंसावतंसौ द्वौ कर्णपूर च शेखरे ॥ २२७ ॥

उत्तंस,अवतंस–कर्णफूल वा कानका भूषण तथा शिरपेंच॥२२७॥

देवभेदेऽनले रश्मौ वसु रत्ने धने वसु ।

वसु–किरण वा प्रकाश,अग्नि वा आग, कुबेर,गुग्गाभाजी,पानी, धन, तथा मणि ॥

विष्णौ च वेधाः–

वेधसू–ब्रह्मा, विष्णु तथा पंडित ॥

–स्त्री त्वाशीर्हिताशंसाहिदंष्ट्रयोः ॥ २२८ ॥

आशिस्–दूसरेके हितका चाहना और सर्पकी दंष्ट्रा ॥ २२८ ॥

लालसे प्रार्थनौत्सुक्ये–

लालसा–प्रार्थना तथा उत्कंठा वा बडी चाह ॥

–हिंसा चौर्यादिकर्म च ।

हिंसा–चोरीआदि बुरा कर्म तथा वध करना ॥

प्रसूरश्वापि–

प्रसु–माता तथा घोडी ॥

–भूद्यावौ रोदस्यौ रोदसी च ते ॥ २२९ ॥

रोदसी—द्विवचनांत, भूमि तथा आकाश ॥ २२९ ॥

ज्वालाभासौ न पुंस्यर्चि—

आर्चिस्—ज्वाला तथा प्रकाश ॥

—ज्योतिर्द्योतदृष्टिषु ।

ज्योतिस्—ज्योतिर्विद्या तारा प्रकाश तथा दृष्टि ॥

पापापराधयोरागः—

आगस्—पाप तथा अपराध ॥

—खगबाल्यादिनोर्वयः ॥२३०॥

वयस्—पक्षी और बाल्य आदि अवस्था ॥ २३० ॥

तेजःपुरीषयोर्वर्चो—

वर्चस्—तेज या प्रकाश वा चमक तथा विष्ठा ॥

—महस्तूत्सवतेजसोः ।

महस्—उत्सव तथा तेज ॥

रजो गुणे च स्त्रीपुष्पे—

रजस्—धूली व धर रजोगुण तथा स्त्रीका हर महीनेका रुधिर ॥

—राहौ ध्वान्तेऽगुणे तमः॥२३१।

तमस्—अन्धकार राहुग्रह तमोगुण अज्ञान तथा क्रोध ॥ २३१ ॥

छन्दः पद्येऽभिलाषे च—

छन्दस्—पद्य और अभिलाष तथा वेद॥

—तपःकृच्छ्रादिकर्म च ।

तपस्—कृच्छ्रादिव्रत तथा लोकांतर अर्थात् कोई लोक ॥

सहो बलं सहा मार्गो—

सहस्—अगहन महीना तथा बल वा सामर्थ्य ॥

—नभःखं श्रावणो नभाः ॥ २३२ ॥

नभस्—श्रावणमहीना तथा आकाश२३२

ओकः सद्माश्रयश्चौकाः—

ओकस्—आश्रय वा अवलंबन तथा घर।

—पयः क्षीरं पथोऽम्बु च ।

—पयस्—पानी तथा दूध ॥

ओजो दीप्तौ बले—

ओजस्—बल तथा प्रकाश ॥

—स्रोत इंद्रिये निम्नगारये२३३

स्रोतस्—सोत वा आपसे जलका बहना इन्द्रिय तथा नदीका वेग ॥ २३३ ॥

तेजःप्रभावे दीप्तौ च बले शुक्रे—

तेजस्—प्रभाव, प्रकाश, वीर्य तथा काम।

—ऽप्यतास्त्रिषु ।

यहांसे आगे सान्त वर्गकी समाप्ति-पर्यंत सब शब्द तीनों लिंगोंमें होते हैं॥

विद्वान्विदंश्च—

विद्वान्—पंडित वा जानकार तथा पत्र।

—बीभत्सो हिंस्रो—

बीभत्स-जिसको देखकर घिन उत्पन्न हो

घात करनेवाला, क्रूर वा कठोर तथा बीभत्स रस ॥

—ऽप्यतिशये त्वमी ॥ २३४॥

वृद्धप्रशस्ययोर्ज्यायान्—

ज्यायस्—बहुत बुड्ढा—ड्ढी तथा अत्यन्त प्रशंसा करनेके योग्य ।२३४॥

—कनीयांस्तु युवाल्पयोः—

कनीयस्—अत्यन्त जवान अत्यन्त छोटा तथा छोटा भाई ॥

वरीयांस्तूरुवरयोः—

वरीयस्-अत्यन्त बडा तथा अत्यन्त श्रेष्ठ ॥

—साधीयान्साधुबाढयोः ॥२३५॥

साधीयस्—अत्यन्त साधु वा भला-ली तथा अत्यन्त बहुत ॥ २३५ ॥

॥ इति सान्ताः ॥

बर्हेऽपि बर्हे—

बर्ह-मोरके पंख वा पूछ, पत्ता तथा करौंदा वृक्ष ॥

—निर्बन्धोपरागार्कादयो ग्रहाः ।

ग्रह—सूर्य इत्यादि९ग्रह, ग्रहण करना, यज्ञके पात्र, ग्रहण जो सूर्य चन्द्रको लगता है तथा आग्रह वा हठ॥

द्वार्यापीडे काथरसे निर्व्यूहो नागदन्तके ॥ २३६ ॥

निर्व्यूह-खूँटी, शिरोवेष्टन (पगडी सिरपेंच इत्यादि) तथा द्वार और काढा ॥ २३६ ॥

तुलासूत्रेऽश्वादेरश्मौ ग्रग्राहः ग्रग्रहोऽपि च ।

ग्रग्राह-ग्रग्रह-कैदी जो चोर इत्यादि अपराधीका दण्ड है, पगहा वा पशु बांधनेकी डोरी, तराजू तथा घोडा इत्यादिकी लगाम ॥

पत्नीपरिजनादानमूलशापाः परिग्रहाः ॥ २३७ ॥

परिग्रह—पत्नी वा स्त्री, परिवार, अंगीकार तथा वृक्षादिकी जड और शाप ॥ २३७ ॥

दारेषु च गृहाः—

गृह—पत्नी तथा घर ॥

—श्रोण्यामप्यारोहो वरस्त्रियाः ।

आरोह-चढना, श्रेष्ठ स्त्रीका कटि-भाग वा श्रेष्ठ स्त्रीकी कमर तथा वृक्ष इत्यादिकी उँचाई ॥

व्यूहो वृन्दे—

व्यूह—समूह तथा एक प्रकारकी सेनाकी रचना ॥

ऽप्यहिर्वृत्रो—

अहि—सर्प तथा वृत्रनामा दैत्य॥

—ऽग्नीन्द्रर्कास्तमोऽपहाः ॥२३८ ॥

तमोपहा—चन्द्र, सूर्य तथा अग्नि २३८॥

परिच्छदे नृपार्हेऽर्थे परिवर्हो—

परिबर्ह-राजाका छत्र चमर इत्यादि चिह्न तथा सामग्री ॥

॥ इति हान्ताः ॥

—ऽव्ययाः परे ।

अब—इसके उपरांत अव्ययोंका वर्णन करते हैं जो कि तीनों लिंग, सातों विभक्ति और एकवचन द्विवचन बहुवचनमें समान बने रहते हैं और उनमें कुछ विकार नहीं होता ॥

आङीषदर्थेऽभिव्याप्तौ सीमार्थे धातुयोगजे ॥ २३९ ॥

आङ्—ईषत्, अभिव्याप्ति, सीमार्थ और धातुके योगार्थमें होता है॥२३९॥

आ—प्रगृह्यः स्मृतौ वाक्ये—

आ—स्मरण, वाक्यपूरणमें ॥

—ऽप्यास्तु स्यात्कोपपीडयोः ।

आः—कोपमें पीडामें ॥

पापकुत्सेपदर्थे कु—

कु-पाप, निन्दा तथा थोडे अर्थमें॥

धिङ् निर्भर्त्सननिन्दयोः ॥२४०॥

धिक्-ग्लानि देना वा धिक्कारना तथा निन्दा ॥ २४० ॥

चान्वाचयसमाहारेतरेतरसमुच्चये।

च-अन्वाचय, समाहार, इतरेतर और समुच्चयमें ॥

स्वस्त्याशीः क्षेमपुण्यादौ—

स्वस्ति-आशीर्वाद, कल्याण, पुण्य और मंगलमें ॥

—प्रकर्षे लंघनेऽप्यति ॥ २४१॥

अति—अतिशय, बडाई, प्रकर्ष और लंघन अर्थमें ॥ २४१ ॥

स्वित्प्रश्ने च वितर्के च—

स्वित्—प्रश्न वा पूँछना तथा तर्क करनेमें ॥

—तु स्याद्धेदंऽवधारणे ।

तु—किन्तु, फेर, पादपूरणमें तथा अवधारणमें ॥

सकृत्सहैकवारे चा—

सकृत्—साथ वा संग तथा एकवारमें॥

—प्यारादूरसमीपयोः॥ २४२ ॥

आरात्—दूर तथा समीपमें २४२॥

प्रतीच्यां चरमे पश्चा—

पश्चात्—पीछे पिछला तथा पश्चिमदिशामें ॥

—दुताप्यर्थविकल्पयोः ।

उत—समुच्चय और विकल्पमें ॥

पुनः सहार्थयोः शश्व—

शश्वत्—सदा वा सर्वदा तथा निरन्तर वा हरदम और फिरमें ॥

—त्साक्षात्प्रत्यक्षतुल्ययोः ॥२४३॥

साक्षात्—प्रत्यक्ष और तुल्यमें॥२४३॥

खेदानुकम्पासंतोषविस्मया-
मन्त्रणे बत ।

बत—खेद, दया, संतोष, आश्चर्य जैसी इच्छा होय वैसा करो ऐसी आज्ञा देना॥

हन्त हर्षेऽनुकम्पायां वाक्यारम्भविषादयोः ॥ २४४ ॥

हन्त—हर्ष दया वाक्यारंभ तथा विषाद ॥ २४४ ॥

प्रति प्रतिनिधौ वीप्सालक्षणादौ प्रयोगतः ।

प्रति—मुख्यके समान व्याप्तकरनेकी इच्छा चिह्न तथा विपरीत ॥

इति हेतुप्रकरणप्रकाशादिसमाप्तिषु ॥ २४५ ॥

इति—हेतु प्रकरण प्रकाश आदि तथा समाप्ति ॥ २४५ ॥

प्राच्यां पुरस्तात्प्रथमे पुरार्थेऽग्रत इत्यपि ।

पुरस्तात्—पूर्वदिशा प्रथम पूर्वकाल तथा आगे ॥

यावत्तावच्च साकल्येऽवधौ मानेऽवधारणे ॥ २४६ ॥

यावत्—तावत्—संपूर्ण हद्द तोल तथा निश्चय ॥ २४६ ॥

मंगलानन्तरारम्भप्रश्नकात्स्न्र्येष्वथो अथ ।

अथो—अथ—मंगल, अनन्तर, आरंभ, प्रश्न तथा संपूर्णता ॥

वृथा निरर्थकाविध्यो-

वृथा—निरर्थक विधिहीन ॥

—र्नानानेकोभयार्थयोः ॥ २४७ ॥

नाना—अनेक तथा उभयार्थक ॥२४७॥

नु पृच्छायां विकल्पे च-

नु—प्रश्न तथा विकल्प ॥

पश्चात्साहश्ययोरनु ।

अनु—पीछे तथा सदृशता ॥

प्रश्नावधारणानुज्ञानुनयामन्त्रणे ननु ॥ २४८ ॥

ननु—प्रश्न, निश्चय, आज्ञा, शान्त करना तथा संबोधन ॥ २४८ ॥

गर्हासमुच्चयप्रश्नशंकासंभावनास्वपि ।

अपि—निन्दा, समुच्चय, प्रश्न, शंका तथा संभावना ॥

उपमायां विकल्पे वा-

वा—उपमा तथा विकल्प ॥

—सामि त्वर्धे जुगुप्सिते॥२४९॥

सामि—आधा तथा निन्दित ॥२४९॥

अमा सह समीपे च-

अमा—साथ तथा समीप ॥

-कं वारिणि च मूर्धनि ।
कम्-जल तथा मस्तक ॥
इवेत्थमर्थयोरेवं-
एवम्-इवार्थक तथा प्रकारार्थक ॥
-नूनं तर्केऽर्थनिश्चये ॥ २५० ॥
नूनम्-तर्कणा तथा अर्थनिश्चय ॥ ॥ २५० ॥
तूष्णीमर्थे सुखे जोषं-
जोषम्-चुप होना तथा सुख ॥
-किं पृच्छायां जुगुप्सने ।
किम्-प्रश्न तथा निन्दा करना ॥
नाम प्राकाश्यसंभाव्यक्रोधो-
पगमकुत्सने ॥ २५१ ॥
नाम-प्रसिद्धि, संभावना, क्रोध, सुन्दर वेष धारण करना तथा ललकारना ॥ २५१ ॥
अलं भूषणपर्याप्तिशक्तिवारण-
वाचकम् ।
अलम्-अलंकार, परिपूर्णता, सामर्थ्य तथा मना करना ॥
हुं वितर्के परिप्रश्ने-
हुम्-तर्कणा करना तथा प्रश्न करना॥
-समयान्तिकमध्ययोः ॥ २५२ ॥
समया-समीप तथा मध्य॥२५२॥
पुनरप्रथमे भेदे-
पुनर्-प्रथमके अनन्तर तथा भेद ॥
-निर्निश्चयनिषेधयोः ।
निर्-निश्चय तथा निषेध ॥
स्यात्प्रबन्धे चिरातीते निक-
टागामिके पुरा ॥ २५३ ॥
पुरा-प्रबन्ध अर्थात् निरन्तर, प्राचीन समीप तथा होनेवाला ॥ २५३ ॥
ऊरर्यूरी चोररी च विस्तारे-
ऽङ्गीकृतौ त्रयम् ।
ऊरी-ऊरी-उरी-विस्तार तथा अंगीकार करना ॥
स्वर्गे परे च लोके स्व-
स्वर्-स्वर्ग तथा परलोक ॥
-र्वार्तासंभाव्ययोः किल ॥ २५४ ॥
किल-वार्ता तथा संभावन ॥२५४
निषेधवाक्यालंकाराजिज्ञा-
सानुनये खलु ।
खलु-निषेध, वाक्यालंकार, जिज्ञासा तथा अनुनय ॥
समीपोभयतः शीघ्रसाकल्या-
भिमुखेऽभितः ॥ २५५ ॥
अभितः-समीप, दोनों ओर, शीघ्र, चारोंओर तथा संमुख ॥ २५५ ॥
नामप्राकाश्ययोः प्रादु-
प्रादुस्-नाम तथा प्रकट ॥
-र्मिथोऽन्योन्यं रहस्यपि ।
मिथस्-परस्पर तथा एकांत ॥

तिरोऽन्तर्धौ तिर्यगर्थे–
तिरस्–अन्तर्धान तथा टेढा॥
–हा विषादशुगर्तिषु॥ २५६ ॥
हा–विषाद, शोक तथा पीडा॥२५६
अहहेत्यद्भुते खेदे–
अहह–अद्भुत तथा खेद ॥
–हि हेताववधारणे ।
हि–हेतु तथा निश्चय ॥
इत्यनेकार्थवर्गविवरणम् ॥ ३ ॥

अथाव्ययवर्गः ४.

चिराय चिररात्राय चिरस्याद्याश्चिरार्थकाः ।
बहुत कालवाचक अव्ययशब्द६–
चिराय १ चिररात्राय, २ चिरस्य, ३ आदि शब्दके चिरम्, ४, चिरेण, ५ चिरात्, चिरे ६ ॥

मुहुः पुनःपुनः शश्वदभीक्ष्णमसकृत्समाः ॥ १ ॥
बारम्बार अर्थवाचक अव्यय शब्द५–
मुहुः १ पुनःपुनः २ शश्वत् ३ अभीक्ष्णम् ४ असकृत् ॥५॥ १ ॥

सद्यःझटित्यञ्जसाहाय द्राङ्मंक्षु सपदि द्रुते ।
शीघ्रतावाचक अव्यय शब्द ८–
सद्यः १ झटिति २ अंजसा ३ अहाय ४ द्राक् ५ मंक्षु ६ सपदि ७ द्रुतम् ८ ॥

बलवत्सुष्ठु किमुत स्वत्यतीव च निर्भरे ॥ २ ॥
अतिशयवाचक अव्यय शब्द६ ॥
बलवत् १ सुष्ठु २ किमुत ३ सु ४ अति ५ अतीव ६ ॥ २ ॥

पृथग्विनान्तरेणर्ते हिरुङ्नाना च वर्जने ।
वर्जन वाचक वर्जनवाले अव्यय शब्द ६–पृथक् १ विना २ अंतरेण ३ ऋते ४ हिरुक ५ नाना ६ ॥

यत्तद्यतस्ततो हेता–
कारणवाचक अव्यय शब्द४यत् १ तत् २ यतः ३ ततः ४ ॥

–वसाकल्ये तु चिच्चन ॥ ३ ॥
अपूर्णतावाचक अव्यय शब्द २–
चित् १ चन २ ॥ ३ ॥

कदाचज्जातु–
किसी कालवाचक अव्यय शब्द२–
कदाचित् १ जातु २ ॥

–सार्धं तु साकं सत्रा समं सह ।
साथवाचक अव्यय शब्द५–साकम् १ सार्धम् २ सत्रा ३ समम् ४ सह ५॥

आनुकूल्यार्थकं प्राध्वं–
अनुकूलतावाचक अव्यय शब्द१–
प्राध्वम १ ॥

–व्यर्थके तु वृथा मुधा ॥ ४ ॥

व्यर्थवाचक अव्यय शब्द २-
वृथा १ मुधा २ ॥ ४ ॥

आहो उताहो किमुत विकल्पे
किं किमूत च।

विकल्पार्थवाचक अव्यय शब्द ६-
आहो १ उताहो २ किमुत ३ किम् ४
किमु ५ उत ६ ॥

तु हि च स्म ह वै पादपूरणे-

श्लोककी पादपूर्णता बतानेवाले
अव्यय शब्द ६-तु १ हि २ च ३
स्म ४ ह ५ वै ६ ॥

-पूजने स्वती ॥ ५ ॥

पूजावाचक अव्यय शब्द २-सु १
अति २ ॥ ५ ॥

दिवाह्नी-

दिनके अर्थवाचक अव्ययशब्द १-
दिवा १ ॥

-त्यथ दोषा च नक्तं च रजनावेति।

रात्रिके अर्थवाचक अव्यय शब्द २-
दोषा १ नक्तम् २ ॥

तिर्यगर्थे साचि तिरो-

टेढे अर्थवाचक अव्यय शब्द २-
साचि १ तिरस् २ ॥

-ऽथ संबोधनार्थकाः ॥ ६ ॥

स्युः प्याट् पाडङ्ग हे है भोः-

सम्बोधनार्थवाचक अव्यय शब्द ६-
प्याट् १ पाट् २ अंग ३ हे ४ है ५ भोः ६ ॥

-समया निकषा हिरुक्।

समीपवाचक अव्यय शब्द ३-
समया १ निकषा २ हिरुक् ३ ॥

अतर्किते तु सहसा-

अकस्मात्के अर्थवाचक अव्यय
शब्द १ सहसा १ ॥

-स्यात्पुरः पुरतोऽग्रतः ॥ ७ ॥

आगेके अर्थवाचक अव्यय शब्द ३-
पुरः १ पुरतः २ अग्रतः ३ ॥ ७ ॥

स्वाहा देवहविर्दाने औषट्
वौषट् वषट् स्वधा।

देवताओंके हव्य देनेके उपयोगी
वाचक अव्यय शब्द ५-स्वाहा १ औषट्
२ वौषट् ३ वषट् ४ स्वधा ५ पितरोंके उपयोगी प्रसिद्ध हैं ॥

किंचिदीषन्मनागल्पे-

अल्पके वाचक अव्यय शब्द ३-
किंचित् १ ईषत् २ मनाक् ॥ ३ ॥

-प्रेत्यामुत्र भवान्तरे ॥ ८ ॥

जन्मान्तरवाचक अव्यय शब्द २-
प्रेत्य १ अमुत्र २ ॥ ८ ॥

व वा यथा तथैवैवं साम्ये-

समता वाचक अव्यय शब्द ६-व १
वा २ यथा ३ तथा ४ इव ५ एवम् ६

–ऽहो ही च विस्मये ।

विस्मयवाचक अव्यय शब्द २–अहो १ ही २ ॥

मौने तु तूष्णीं तूष्णीकां–

मौनार्थवाचक अव्ययशब्द २–तूष्णीम् १ तूष्णीकाम् ॥

–सद्यः सपदि तत्क्षणे ॥ ९ ॥

तत्कालवाचक अव्ययशब्द २–सद्यस् १ सपदि २ ॥ ९ ॥

दिष्ट्या समुपजोषं चेत्यानन्दे–

आनन्दवाचक अव्ययशब्द २–दिष्ट्या १ समुपजोषम् २ ॥

–ऽथान्तरेऽन्तरा ।

अन्तरेण च मध्ये स्युः–

मध्यवाचक अव्ययशब्द ३–अन्तरे १ अन्तरा २ अन्तरेण ३ ॥

–प्रसह्य तु हठार्थकम् ॥ १० ॥

हठार्थवाचक अव्ययशब्द १–प्रसह्य १ ॥ १० ॥

युक्ते द्वे सांप्रतं स्थाने–

युक्तार्थवाचक अव्ययशब्द २–सांप्रतम् १ स्थाने २ ॥

–ऽभीक्ष्णं शश्वदनारते ।

निरंतरवाचक अव्यय शब्द २–अभीक्ष्णम् १ शश्वत् २ ॥

अभावे नञ्य नो नापि–

अभाववाचक अव्ययशब्द ४–नहि १ अ २ नो ३ न ४ ॥

–मास्म मालं च वारणे ॥ ११ ॥

निषेधवाचक अव्ययशब्द ३–मास्म १ मा २ अलम्–३ ॥ ११ ॥

पक्षान्तरे चेद्यदि च–

पक्षान्तरवाचक अव्ययशब्द २–चेत् १ यदि २ ॥

–तत्त्वे त्वद्धाञ्जसा द्वयम् ।

तत्त्वार्थवाचक अव्ययशब्द २–अद्धा १ अंजसा २ ॥

प्राकाश्ये प्रादुराविः स्या–

प्रकटवाचक अव्ययशब्द २–प्रादुस् १ आविस् २ ॥

–दोमेवं परमं मते ॥ १२ ॥

अङ्गीकारवाचक अव्ययशब्द ३–ओम् १ एवम् २ परमम् ३ ॥ १२ ॥

समन्ततस्तु परितः सर्वतो विष्वगित्यपि ।

सबओरवाचक अव्ययशब्द ४–समन्ततः १ परितः २ सर्वतः ३ विष्वक् ४ ॥

अकामानुमतौ काम–

बिना इच्छाके सलाह देनेमें १–कामम् १ ॥

—मसूयोपगमेऽस्तु च ॥१३॥
ईर्षापूर्वक अङ्गीकारवाचक १—अस्तु १ ॥ १३ ॥
ननु च स्याद्विरोधोक्तौ—
विरुद्धउक्तिवाचक १—ननु १ ॥
—कच्चित्कामप्रवेदने ।
इच्छित प्रश्नवाचक १—कच्चित १॥
निःषमं दुःषमं गर्ह्ये—
निन्दितवाचक २—निःषमम् १ दुःषमम् २ ॥
—यथास्वं तु यथायथम् ॥१४॥
यथायोग्यवाचक २—यथास्वम् १ यथायथम् २ ॥ १४ ॥
मृषा मिथ्या च वितथे—
मिथ्यावाचक२—मृषा१ मिथ्या२॥
—यथार्थं तु यथातथम् ।
सत्यवाचक २—यथार्थम् १ यथातथम् २ ॥
स्युरेवं तु पुनर्नैवेत्यवधारण-वाचकाः ॥ १५ ॥
निश्चयवाचक ५—एवम् १ तु २ पुनर् ३ वै ४ वा ५ ॥ १५ ॥
प्रागतीतार्थकं—
भूतकालवाचक १—प्राक् १ ॥
—नूनमवश्यं निश्चये द्वयम् ।
अवश्यवाचक २—नूनम १ अवश्यम् २ ॥
संवद्धर्षे—
वर्षवाचक १—संवत् १ ॥
—ऽवरे त्वर्वा—
प्रथमवाचक १—अर्वाक् १ ॥
—गामेवं—
निश्चित अंगीकारवाचक २—आम् १ एवम् २ ॥
—स्वयमात्मना ॥ १६ ॥
आत्मवाचक १—स्वयम् १ ॥१६॥
अल्पे नीचै—
अल्पवाचक अव्यय शब्द १—नीचैस् १ ॥
—महत्युच्चैः—
ऊँचावाचक १—उच्चैस् १ ॥
—प्रायो भू—
बाहुल्य (अकसर) वाचक १—प्रायः १ ॥
—मन्यद्रुते शनैः ।
मन्दवाचक अव्ययशब्द१—शनैस्१॥
सना नित्ये—
नित्यवाचक १—सना १ ॥
—बहिर्बाह्ये—
बाहरवाचक १—बहिस् १ ॥
—स्मातीते—
भूतकालवाचक १—स्म १ ॥
—ऽस्तमदर्शने ॥ १७ ॥
अदर्शनवाचक १—अस्तम् १॥१७॥

अस्ति सत्त्वे-
भावार्थक अव्यय १-अस्ति १ ॥
-रुषोक्तावु-
कोपवचनवाचक १-उ १ ॥
-ऊं प्रश्ने-
प्रश्नवाचक १-ऊम् १ ॥
-ऽनुनये त्वयि ।
शान्त करनेमें १-अयि १ ॥
हुं तर्के स्या-
तर्कवाचक १-हुम् १ ॥
-दुषा रात्रेरवसाने-
प्रातःकालवाचक १-उषम् १ ॥
-नमो नतौ ॥ १८ ॥
नमस्कारवाचक अव्ययशब्द १-नमस् १ ॥ १८ ॥
पुनरर्थेऽङ्ग-
पुनर्वाचक १-अङ्ग १ ॥
-निन्दायां दुष्टु-
निन्दावाचक १-दुष्टु १ ॥
-सुष्टु प्रशंसने ।
प्रशंसावाचक १-सुष्टु १ ॥
सायं साये-
सायंकालवाचक १-सायम् १ ॥
-प्रगे प्रातः प्रभाते
प्रातःकालवाचक २-प्रगे १ प्रातर् २ ॥
-निकषाऽन्तिके ॥ १९ ॥
समीपवाचक १-निकषा १ ॥ १९ ॥
परुत्परार्यैषमोऽब्दे पूर्वं पूर्वतरे यति ।
गतवर्षवाचक १-परुत् १-गतवर्षसे पहले वर्षका वाचक अव्यय १-परारि १ ॥ वर्त्तमान वर्षवाचक अव्यय १-ऐषमस् १ ॥
अद्यात्रेदय-
इस दिनका वाचक अव्यय १ ॥
अद्य १ ॥
-य पूर्वेऽद्यीत्यादौ पूर्वोत्तरापरात् ॥ २० ॥ तथाधरान्यान्यतरेतरात्पूर्वेद्युरादयः ।
'प्रथमदिन' इत्यादिअर्थमेंपूर्वआदि शब्दसे "एद्युस्" प्रत्यय होकर पूर्व दिनका वाचक 'पूर्वेद्युः' उत्तर दिनका वाचक 'उत्तरेद्युः' अपरदिनका वाचक 'अपरेद्युः' इत्यादि शब्द बनते हैं जैसे अधरेद्युः' अन्येद्युः, अन्यतरेद्युः इतरेद्युः ॥ २० ॥
उभयद्युश्चोभयेद्युः-
दोनों दिनके वाचक अव्यय २-उभयद्युः उभयेद्युः २ ॥
-परे त्वह्नि परेद्यवि ॥ २१ ॥
परदिनकावाचक १-परेद्यवि १ ॥ २१ ॥
ह्यो गते-

व्यतीतदिनका वाचक अव्यय शब्द १-ह्यस् १॥

-ऽनागतेऽह्नि श्वः-

कलदिनका १-श्वस् १ ॥

-परश्वस्तु परेऽहनि ।

आनेवाले परसों दिनका वाचक १-परश्वः १ ॥

तदा तदानीं-

तिसकालके वाचक अव्यय २-तदा १ तदानीम् २ ॥

युगपदेकदा-

एकसमयके वाचक अव्यय २-युगपत् १ एकदा २ ॥

सर्वदा सदा ॥ २२ ॥

सदाकालवाचक अव्यय २-सर्वदा १ सदा २ ॥ २२ ॥

एतर्हि संप्रतीदानीमधुना सांप्रतं तथा ।

'इसी समय' इस अर्थके वाचक अव्यय शब्द ५-एतर्हि १ सम्प्रति २ इदानीम् ३ अधुना ४ सांप्रतम् ५ ॥

दिग्देशकाले पूर्वादौ प्राग्-दक्प्रत्यगादयः ॥ २३ ॥

पूर्वदिशा पूर्वदेश और पूर्वकालमें 'प्राक्' शब्द है । उत्तर दिशा उत्तरदेश और उत्तरकालवाचक अव्ययशब्द, 'उदक्' पश्चिमदिशा पश्चिम देश और पश्चिमकालका वाचक अव्यय शब्द 'प्रत्यक्' इत्यादि ॥ २३ ॥

इत्यव्ययवर्गः ॥ ४ ॥

लिङ्गादिसंग्रहवर्गः ५.

सलिंगशास्त्रैः सन्नादिकृत्तद्धितसमासजैः । अनुक्तैः संग्रहे लिंगैः संकीर्णवदिहोच्यते ॥ १ ॥

पाणिनिके कहे हुए लिङ्गानुशासनसहित(अर्थात् उनके अनुसार)सन्आदि प्रत्ययोंसे उत्पन्न चिकीर्षा आदि शब्दोंसे कृदन्तसे उत्पन्न श्वपाक आदिको तद्धित प्रत्यय अण् आदिसे उत्पन्न, "समासजैः" "अदन्तोत्तर पदो द्विगुः" इस आदिसे और बाहुल्यसे पहिले अनुक्त शब्दोंसे संग्रह किये जाते हैं, यहां वर्गसंग्रह लिङ्गका ज्ञान किस प्रकार करें इस पर कहते हैं, 'संकीर्णवत्' यह जैसे, संकीर्णवर्गमें प्रकृति आदिसे जाने जाते हैं, इसी प्रकार यहां भी जानने, तिनमें प्रकृत्यर्थसे जैसे 'अर्द्धर्चाःपुंसि-च' यहां प्रत्ययार्थसे 'जैसे स्त्रियां क्तिन्' 'प्रकृतिप्रत्ययार्थाद्यैः' इस आद्यशब्दसे क्रियाविशषणोंको नपुंसकत्व और एकवचनत्व होता है, जैसे, 'शोभनं पचति' इत्यादि ॥ १ ॥

लिङ्गशेषविधिव्यापी विशेषर्थ्यबाधितः ।

